राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 134
लखनऊ, गुरुवार 02 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं : योगी 03

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने जसप्रीत बुमराह 12

## किसानों को 1350 रुपये में मिलेगी डीएपी खाद

**राहत**

- कैबिनेट ने डीएपी उर्वरक के लिए 3,850 करोड़ रुपये तक के एकमुश्त विशेष पैकेज को दी मंजूरी



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के लिए डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) फर्टिलाइजर के लिए अतिरिक्त सब्सिडी को मंजूरी दी है। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर के लिए 3,850 करोड़ रुपये का एकमुश्त पैकेज दिया है। किसानों को 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम की दर से डीएपी उर्वरक मिलता रहेगा। अतिरिक्त लागत सरकार वहन करेगी।

उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने किसानों को किफायती कीमतों पर डीएपी की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक जनवरी 2025 से अगले आदेश तक एनबीएस सब्सिडी से परे डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार को मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि भू-राजनीतिक कारणों से डीएपी की वैश्विक बाजार कीमतें अस्थिर हैं लेकिन अतिरिक्त खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने बताया कि लाल सागर जैसे प्रमुख समुद्री मार्ग संघर्षों के कारण असुरक्षित हैं। मालवाहक जहाजों को भारत में उर्वरक लाने के लिए केप ऑफ गुड होप के रूट का इस्तेमाल करना पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का भारत में उर्वरकों की कीमत पर असर पड़ेगा। 2014 से प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया है कि किसानों को कोविड और युद्ध संबंधी व्यवधानों के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव का खमियाजा न उठाना पड़े। 2014-24 तक उर्वरक सब्सिडी 11.9 लाख करोड़ थी, जो 2004-14 (5.5 लाख करोड़ रुपये) से दोगुनी है।

### सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 की पहली कैबिनेट में लिए गए प्रमुख निर्णयों के आलोक में बुधवार को दोहराया कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे देश का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 की पहली कैबिनेट हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि डाय-अमोनियम फॉस्फेट पर एकमुश्त विशेष पैकेज बढ़ाने के कैबिनेट के फैसले से हमारे किसानों को किफायती कीमतों पर डीएपी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नए साल के प्रथम दिन केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के लिए दो बड़े फैसले लिये गये। सरकार ने फसल बीमा योजना के आवंटन को बढ़ाकर 69,515 करोड़ रुपये करने के साथ ही किसानों के लिए डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) फर्टिलाइजर के लिए अतिरिक्त सब्सिडी को मंजूरी दी।

### इस फैसले से क्या होगा लाभ

किसानों को सब्सिडी वाले, किफायती और उचित मूल्य पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी उर्वरक की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृत एनबीएस सब्सिडी के अतिरिक्त एक जनवरी 2025 से अगले आदेश तक डीएपी पर 3,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से विशेष पैकेज प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उर्वरक निर्माताओं/आयातकों के माध्यम से किसानों को रियायती मूल्य पर 28 ग्रेड के पीएंडके उर्वरक उपलब्ध कराए जाते हैं। पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी एक अप्रैल 2010 से एनबीएस योजना द्वारा शासित है। किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, भारत सरकार ने डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की कीमत को अपरिवर्तित रखते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है। भू-राजनीतिक बाधाओं और वैश्विक बाजार स्थितियों की अस्थिरता के बावजूद सरकार ने खरीफ और रबी 2024-25 के लिए किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करके किसान हितैषी दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी है।

## नव वर्ष के पहले दिन पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन



**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**

नववर्ष के पहले दिन बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक बाबा विश्वनाथ के दरबार में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। शाम छह बजे तक पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अनुसार दरबार में शाम 06 बजे तक 5 लाख 9 हजार 770 श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर लिया था। न्यास के आंकड़ों के अनुसार सुबह 06 बजे तक एक लाख 10 हजार 824, आठ बजे तक एक लाख 65 हजार 946, पूर्वाह्न 10 बजे तक 2 लाख 35 हजार 450, दोपहर 12 बजे तक दो लाख 80 हजार 971, अपराह्न दो बजे तक तीन लाख 59 हजार 832 और शाम चार बजे चार लाख 21 हजार 489 श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई। उधर, गंगाघाट से बाबा दरबार तक आस्था एकाकार नजर आया। नगर के अन्य प्रमुख शिवालयों ओंकारेश्वर महादेव, महामृत्युजंय, शूलटंकेश्वर महादेव, तिलभाण्डेश्वर महादेव, गौरी केदारेश्वर , त्रिलोचन महादेव, रामेश्वर महादेव, कर्मदेश्वर महादेव, सारंगनाथ, गौतमेश्वर महादेव, जागेश्वर महादेव सहित सभी छोटे बड़े शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### आरएस पुरा सेक्टर में सीमा पार से दिखी संदिग्ध गतिविधि, बीएसएफ ने की गोलीबारी

**जम्मू।** नए साल की मध्यरात्रि को आरएस पुरा सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने गोलीबारी की। सूत्रों ने बताया कि देर रात आरएस पुरा सेक्टर में बीएसएफ के सतर्क जवानों ने पाकिस्तान की ओर से संदिग्ध गतिविधि देखने पर गोलीबारी की। इस दौरान बीएसएफ के संतरी ने एक दर्जन से अधिक राउंड फायर किए। सूत्रों ने बताया कि घुसपैठ की आशंका के चलते अग्रिम क्षेत्रों में तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

### महाराष्ट्र के पालधी में दो गुटों में झड़प, कर्फ्यू लागू

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले के पालधी इलाके में मंगलवार रात को मंत्री गुलाबराव पाटिल के चालक के हार्न बजाने के बाद दो गुटों में झड़प हो गई। इसके बाद जमा भीड़ ने करीब 15 दुकानों में आग लगा दी और कई वाहन जला दिए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पालधी में गुरुवार सुबह 06 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक कविता नेरकर ने बताया कि इस घटना के बाद पुलिस ने दोनों तरफ के 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। करीब दस लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### रेलवे कुली ने एनआरआई यात्री को व्हीलचेयर सेवा देने के लिए वसूले 10 हजार रुपये

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर एक एनआरआई यात्री से व्हीलचेयर सेवा के लिए 10,000 रुपये वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। रेलवे ने अपने आरोपित कुली (लाइसेंसी पोर्टर) का लाइसेंस रद्द करने के साथ ही पीड़ित को राशि भी वापस करवा दी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़े तो तुरंत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क करें।

### एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा ने संभाली वायु सेना की पश्चिमी कमांड

**नई दिल्ली।** देश की आजादी के बाद भारत में लगभग सभी प्रमुख ऑपरेशन में शामिल रही वायु सेना की पश्चिमी कमांड की कमान बुधवार को एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने संभाल ली है। उन्होंने एयर मार्शल पंकज मोहन सिन्हा का स्थान लिया, जो वायु सेना में 39 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा देने के बाद 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए। एयर मार्शल मिश्रा ने कार्यभार संभालने से पहले मुख्यालय डब्ल्यूएसी में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय वायु सेना के एयर मार्शल पीएम सिन्हा साढ़े 29 साल की समर्पित सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं।

### नए साल पर योगी सरकार का उपहार

## 52 आईपीएस अफसरों को मिला प्रमोशन

**तोहफा**

- आईपीएस अधिकारी दीपेश जुनेजा डीजी पद पर प्रमोट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नए साल के मौके पर योगी सरकार ने 52 आईपीएस अधिकारियों को बड़ा तोहफा दिया है। उत्तर प्रदेश केडर के 52 आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिला है। प्रमोशन पाने वाले अधिकारियों की इस लिस्ट में दीपेश जुनेजा, लक्ष्मी सिंह, प्रशान्त कुमार-।।, निलाब्जा चोधरी जैसे कई बड़े चहरे शामिल हैं।

साल 2025 की शुरुआत में यूपी के 52 आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिला है। इनमें से 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी दीपेश जुनेजा को डीजी पद पर प्रमोट किया गया है। 31 दिसंबर को डीजी सीबीसीआईडी एसएन साबत के रिटायर होने के बाद दीपेश जुनेजा को डीजी पद पर प्रमोट किया गया है। वहीं साल 2000 बैच के आईपीएस अधिकारी लक्ष्मी सिंह, प्रशांत कुमार द्वितीय और नीलाब्जा चौधरी को एडीजी के पद पर प्रमोट किया गया है। साल 2007 बैच के 9 अधिकारियों को डीआईजी से आईजी पद पर प्रमोट किया गया है। इस फेहरिस्त में अमित पाठक, जोगिंदर कुमार, रवि शंकर छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, विपिन कुमार मिश्रा, राकेश प्रकाश सिंह, योगेश सिंह और गीता सिंह का नाम शामिल है। साल 2011 बैच के 25 आईपीएस अधिकारियों को एक साथ पदोन्नति मिली है। सभी 25 अधिकारियों को एसएसपी से डीआईजी के पद पर प्रमोट किया गया है। इनमें शैलेश कुमार पांडे, अजय कुमार, अभिषेक सिंह, देव रंजन वर्मा, राजेश एस, हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्निल ममगाई, डी प्रदीप कुमार, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सूर्यकांत त्रिपाठी, विकास कुमार वैद्य, राजेश कुमार सक्सेना, डॉक्टर अरविंद चतुर्वेदी, आलोक प्रियदर्शी, सुनीता सिंह, राजेश कुमार सिंह, सुधा सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, रामबदन सिंह, अरविंद कुमार मौर्य, तेज स्वरूप सिंह, सुभाष चंद्र शाक्य और हृदयेश कुमार शामिल हैं। वहीं साल 2012 बैच के 13 आईपीएस अधिकारियों को एसपी से कालर बैंड, एसएसपी के पद पर प्रमोशट किया गया है।

## बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय चेतना को 10 दिन बाद निकाला, नहीं बची जान



एजेंसी, कोटपूतली। राजस्थान के किरतपुरा के बड़ियाली की ढाणी में 23 दिसंबर को बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय चेतना को 10 दिनों की लंबी मशक्कत के बाद बुधवार शाम 6:25 बजे बाहर निकाला गया लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। चेतना 170 फीट गहराई में फंसी थी। वह बोरवेल में 10 दिनों तक भूखे-प्यासे फंसी रही। एनडीआरएफ ने बोरवेल के समानांतर सुरंग बनाकर चेतना को निकाला। टीम के अनुसार, जब चेतना को बाहर निकाला गया तब उसके शरीर में कोई हरकत नहीं थी। एनडीआरएफ के जवान महावीर जाट सफेट कपड़े में लपेटकर चेतना को बाहर लेकर आए। इसके तुरंत बाद चेतना को एंबुलेंस से कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 16 रुपये तक हुआ सस्ता, नई दरें लागू

**भाव**

- मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की गाड़ियां हुईं महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

नया साल 2025 अपने साथ कई सारे बदलाव को लेकर आया है। इन बदलावों का असर आपकी जिंदगी और जेब पर पड़ेगा। मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की गाड़ियां महंगी हो गई हैं। वहीं, 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 16 रुपये तक सस्ता हो गया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। नई दरें लागू हो गई हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 16 रुपये तक की कटौती की है। राजधानी दिल्ली में इसका दाम 14.50 रुपये घटकर 1804 रुपये हो गया है, जो पहले 1818.50 रुपये में मिल रहा था। वहीं, कोलकाता में इसकी कीमत 16 रुपये घटकर 1911 रुपये हो गई है, जो पहले 1927 में मिल रहा था। मुंबई में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 15 रुपये घटकर 1756 रुपये का हो गया है, जबकि चेन्नई में यह सिलेंडर 1966 रुपये का मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

## प्रख्यात कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला 'काक' का निधन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के ख्यातिलब्ध कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला काक नहीं रहे। 16 मार्च 1940 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के पुरा गांव में जन्मे काक ने बुधवार सुबह गाजियाबाद में अंतिम सांस ली। उनके परिवार ने इसकी पुष्टि की है। शोकाकुल उनके पुत्र सुभव शुक्ला ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर गाजियाबाद में हिंडन नदी के तट पर बने श्मशान घाट पर कर दिया गया। वो अपने परिवार के साथ वैशाली में रहते थे। काक देश के उन दुर्लभ कार्टूनिस्ट्स में से एक हैं, जिन्होंने हिंदी भाषा के प्रमुख समाचार पत्रों आदि से जुड़कर कार्टून जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने व्यंग्य की अनोखी शैली ईजाद की। काक ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और जटिल राजनीतिक विषयों को सरलता से आम आदमी से जोड़कर अपने कार्टून में प्रस्तुत किये। कार्टूनिस्ट क्लब ऑफ इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष काक के लिए उनके कार्टूनों का स्वर्णिम काल 1983 से 1990 के बीच रहा।

## युवक ने पिता के साथ मिलकर की मां व चार बहनों की हत्या



**वारदात**

- पांच हत्याओं के आरोपी अरशद का वीडियो वायरल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के होटल शरणजीत में एक युवक ने अपने पिता के साथ मिलकर परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी। आगरा जिले के निवासी आरोपित ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। उसने बताया कि मोहल्ले वाले इनके परिवार को परेशान कर रहे थे। इसको डर था कि अगर इसे कुछ हो गया तो इनकी मां और बहन का क्या होगा, इसलिए इसने उनको मार देने का फ़ैसला किया।

पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपित अरशद आगरा जिले के इस्लामनगर में पिता बदर, मां अस्मा, बहनों- आलिया (9), अल्शिया (19), अक्सा ( 16) और रहमीन (18) के साथ रहता है। वह मोहल्ले वालों को यह बताकर घर से निकला था कि अजमेर जा रहा है। 30 दिसंबर को यह सभी लखनऊ आये और नाका इलाके में बने होटल शरणजीत में कमरा 109 में रह रहे थे। अरशद ने नये साल के पहले दिन एक जनवरी को अपने पिता के साथ मिलकर मां और चारों बहनों की हत्या कर दी। बकायदा इसने एक वीडियो बनाया है, जिसमें उसने अपने परिवार को मारने की बात स्वीकार किया है। पुलिस उस वीडियो को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। आरोपित ने यह भी स्वीकारा है कि उसका पिता अपनी जान देने के लिए कही निकला है। लखनऊ में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या से सनसनी फैल गई। सूचना पर लखनऊ पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किया। होटल के कमरें को सील कर दिया गया है।

वारदात के बाद अरशद एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उसने हत्या के कारण अपने ही समुदाय द्वारा प्रताड़ित किया जाना, जमीन कब्जाने जैसे की बातों का जिक्र किया है। उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह गुहार लगाई है कि उन्हें जीते जी तो इंसाफ नहीं मिला पर मरने के बाद न्याय जरूर दीजिएगा। हमें और परिवार को प्रताड़ित करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## उप्र के संभल हिंसा में और 91 उपद्रवियों की पहचान



**संभल,समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित विवादित जामा मस्जिद सर्वे के दौरान 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा के 91 उपद्रवियों की पहचान हो गई है। उनकी तलाश में पुलिस दिल्ली एवं अन्य स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने दावा किया है कि हिंसा में शामिल आरोपित युवाओं में से कई लोगों का ठिकाना दिल्ली में है। दिल्ली के बाटला हाउस से संभल निवासी अदनान को 23 दिसंबर को पुलिस गिरफ्तार करके यहां लाई थी। इस गिरफ्तारी से पहले पुलिस को कई आरोपितों के बाटला हाउस में होने की सूचना थी। पुलिस कार्रवाई के दौरान एक ही आरोपित मिला था। हिंसा में 2750 से ज्यादा आरोपित हैं, जिसमें से तीन महिला समेत 51 उपद्रवियों को जेल भेजे जा चुका है।

## भारत-पाकिस्तान ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची एक-दूसरे को सौंपी



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के परमाणु ठिकानों पर हमला करने से रोकता है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और पाकिस्तान ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक माध्यमों से एक साथ दोनों देशों के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध पर समझौते के अंतर्गत शामिल परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची एक-दूसरे को सौंपी। बयान में कहा गया है कि 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षरित और 27 जनवरी 1991 को लागू हुए इस समझौते में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान प्रत्येक कैलेंडर वर्ष की पहली जनवरी को समझौते के अंतर्गत आने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को सूचित करेंगे। यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 34वां आदान-प्रदान है। पहला आदान-प्रदान 1 जनवरी 1992 को हुआ था।

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के काफिले की गाड़ी हुई दुर्घटना का शिकार, कई घायल



**बलिया, समृद्धि न्यूज।**

जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र के जनुवान के पास मंगलवार की मध्यरात्रि के बाद निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद के काफिले में शामिल एक गाड़ी बिजली के पोल को तोड़ती हुई गड्ढे में पलट गई। इस घटना में चालक और पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

मौके पर जुटे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल में घायलों के उपचार के दौरान मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद भी मौजूद रहे। उधर, हादसे की सूचना पर एसडीएम सिकंदरपुर रवि कुमार और एडिशनल एसपी अनिल कुमार झा दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए।

घायलों में राकेश निषाद (24) पुत्र संजय निषाद ग्राम बनकट अहिरौला आजमगढ़, रामरति (50) पत्नी विजय निषाद ग्राम हसनपुरा थाना बदलापुर जौनपुर, उषा (42) पत्नी जयप्रकाश ग्राम मलहनी थाना बदलापुर जौनपुर, गीता (40) पत्नी अमरनाथ निषाद ग्राम तेजीबागर थाना मल्हनी जौनपुर, इस्रावती निषाद (40) पत्नी राधे निषाद जनपद कुशीनगर और प्रेमशिला (28) पुत्री पवन कुमार थाना अखंड नगर जिला सुल्तानपुर शामिल हैं। एडिशनल एसपी अनिल झा ने बताया कि दुर्घटना में घायलों का उपचार चल रहा है।

**महाकुम्भ** | किसी भी आपदा या आपात स्थिति से निपटने के लिए इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम का गठन

## योगी सरकार का आपदा प्रबंधन के लिए मास्टर प्लान

**महाकुम्भ नगर, समृद्धि न्यूज।**

मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में विख्यात महाकुम्भ को आपदा मुक्त सम्पन्न करने के लिए योगी सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना रोकने और उससे निपटने के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्षम फोर्स को तैनात कर दिया गया है।

अब क्विक रिस्पॉन्स के साथ ही जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम का गठन किया गया है। इसके तहत, मंडल, जनपद और मेला स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। मेला क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी आपात स्थिति या आपदा के घटित होने पर




रिस्पांसिबिल टीम तत्काल क्रियाशील हो जाएगी। प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार, महाकुम्भ प्रयागराज के सुचारू संचालन के लिए मेले के आयोजन के दौरान किसी भी आपदा पर त्वरित, कुशल एवं प्रभावी गति से कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए संगठनातमक संरचना के अनुसार प्रत्येक हितधारक-उत्तरदाता की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किए जाने के उद्देश्य से इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम को महाकुम्भ मेला जनपद क्षेत्र के लिए गठित किया गया है। मेला क्षेत्र के अन्तर्गत किसी आपात स्थिति-आपदा के घटित होने पर यह रिस्पांसिबिल टीम क्रियाशील रहेगी।

### मण्डलायुक्त होंगे रिस्पॉन्सिबल अधिकारी

योगी सरकार के राजस्व विभाग द्वारा आईआरएस का गठन किया गया है। इसमें प्रयागराज मंडल के तहत मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष, प्रयागराज मेला प्राधिकरण को रिस्पॉन्सिबल अधिकारी बनाया गया है। वहीं, पुलिस आयुक्त को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, जनपद स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष डीडीएमए को इंसिडेंट कमाण्डर, अपर जिलाधिकारी को डिप्टी इंसिडेंट कमाण्डर और डीसीपी नगर को सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### मेला क्षेत्र के लिए मेलाधिकारी होंगे इंसिडेंट कमाण्डर

मेला क्षेत्र के लिए मेला अधिकारी को इंसिडेंट कमाण्डर मेला क्षेत्र नियुक्त किया गया है। सहायक मेला अधिकारी को उप इंसिडेंट कमाण्डर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुंभ मेला को सुरक्षा अधिकारी, एसडीएम सेक्टर को इसिडेंट कमाण्डर मेला सेक्टर और एडिशनल एसपी-डिप्टी एसपी, सेक्टर को सुरक्षा अधिकारी मेला सेक्टर निर्धारित किया गया है। इन सभी का मुख्य कार्य आपदा की स्थिति में तुरंत क्रियाशील होना होगा।

# डीएम ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

- गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों व मुसाफिरों को डीएम ने बांटा कम्बल
- नगर क्षेत्र का भ्रमण कर अलाव व्यवस्था का लिया जायज़ा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह के संग मंगलवार को देर रात्रि नगर क्षेत्र अन्तर्गत रोडवेज़ बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन के सामने ओवर ब्रिज के नीचे स्थापित किए गए रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।



डीएम ने स्वयं न केवल रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को परखा बल्कि श्रमिकों, जरूरतमंदों को संवेदना की गरमाहट भी दी। रैन बसेरे में ठहरे लोगों से बातचीत कर डीएम ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया। डीएम ने एक-एक कर सभी से बातकर सुविधाओं के बारे में पूछा। रैन बसेरे में सभी ने व्यवस्था को अच्छा बताया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने रात्रि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर नगर क्षेत्र में जलाये गये अलावों को देखा तथा इस दौरान रोडवेज, रेलवे स्टेशन तथा संकटा देवी चौराहे पर गरीब मुसाफिरों, रिक्शा चालकों, जरूरतमंदो को कम्बल ओढ़ाया। ठंड से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डीएम ने अधिकारियों को जरूरतमंदों को कंबल वितरण पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां अभी तक जरूरतमंदों को कंबल प्राप्त न हो सके हो। उन्हें अतिशीघ्र कंबल अवश्य प्रदान कराएं। इस अवसर पर एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार, तहसीलदार सुनील प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# छुट्टा घूम रहे सांड और कार में भयंकर एक्सीडेंट, दो की मौत, एक गंभीर

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**







थाना भीरा क्षेत्र के पडरिया तुला में लखीमपुर भीरा स्टेट हाइवे पर एक मारुति अर्टिगा व सांड में जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई एक गंभीर घायल हो गया। बताते हैं कार की स्पीड इतनी तेज थी कि टक्कर में सांड की भी मौत हो गई। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सभी को एम्बुलेंस से बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डाक्टर ने दो लोगों मृत घोषित कर दिया वही गंभीर घायल को तत्कालीन चिकित्सा के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा लिखकर दोनों शवों को पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

थाना भीरा क्षेत्र के गुलरिया गांव निवासी सचिन कुमार प्रजापति मंगलवार को अपनी आर्टिका गाड़ी से अपने मित्र राम सिंह वर्मा निवासी नौसर जोगी और राजू प्रजापति निवासी मुड़िया हेमसिंह दोनों मित्रों के साथ किसी काम से लखनऊ गए थे। मंगलवार को लखनऊ से रात्रि करीब 9:45 मिनट पर वापस पड़रिया तुला पहुंचे पडरिया तुला में लखीमपुर से दुधवा नेशनल पार्क को जाने वाले स्टेट हाइवे पर छुट्टा घूम रहे गौवंश (सांड)अचानक सामने आ गया गाड़ी की तेज रफ्तार होने के कारण अर्टिगा गाड़ी सांड से टकरा गई और जिससे सांड उछलकर दूर जा गिरा और गाड़ी के परखच्चे उड़ गए, गाड़ी में बैठे गाड़ी मालिक सचिन कुमार प्रजापति निवासी ग्राम गुलरिया चीनी मिल व राजू प्रजापति मुड़िया हेमसिंह राम सिंह वर्मा निवासी ग्राम नौसर जोगी सभी को गंभीर चोटे आई। एक्सीडेंट की आवाज सुनकर पास पड़ोस के लोग घर से बाहर आए और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची पडरिया तुला चौकी पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ पहुंचाया जिसमें राजू प्रजापति व राम सिंह वर्मा को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया तीसरे की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**प्रशासन के तमाम दावों की खुली पोल:** एक तरफ अधिकारियों का कहना है सभी छुट्टा गौवंश गौशाला पहुंचा दिए गए हैं ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में कोई भी छुट्टा गौवंश रोड पर नहीं है। प्रशासन द्वारा किए जा रहे तमाम दावों की पोल मंगलवार को इस एक्सीडेंट ने खोल कर रख दी, इससे ये साबित होता है कि ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के अधिकारी कागजों पर ही सभी कार्य पूर्ण करते है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बायां कर रही है।

## तेज रफ्तार कार और बाइक की जोरदार टक्कर



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गोला रोड पर स्थित लालपुर बैरियर के पास तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें मोटर साइकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं मोटर साइकिल कार के नीचे फंस गई। कड़ी मशक्कत के बाद कार के नीचे से बाइक को निकाला गया, सड़क पर हुई दुर्घटना के कारण सड़क पर भीड़ जमा हो गई, वहीं मृतक युवक के परिजनों ने सड़क पर हो हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद परिजनों को समझा बुझा कर शांत कराते हुए, शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की जांच पड़ताल में जुट गई।

# नए साल पर पिकनिक मनाने जा रहे युवकों की बाइक बस से टकराई, एक की मौत, दो घायल




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शारदानगर थाना क्षेत्र के ढखेरवा लखीमपुर सड़क मार्ग पर कोठिया गांव के पास बस और मोटर साइकिल की टक्कर में बाइक चला रहे बसहा माफी निवासी रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बाइक पर सवार उसके दो अन्य साथी भी गंभीर रूप से घायल हो गए, सभी युवक अपने गांव से नए साल पर पिकनिक मनाने के लिए शारदानगर बैराज को जा रहे थे, तभी निघासन से लखीमपुर जा रही प्राइवेट बस से बाइक सवारों की जोरदार टक्कर हो गई। सूचना पाकर दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे शारदानगर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने गाड़ियों को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सभी घायलों को एंबुलेंस से फूलबेहड़ सीएचसी भेज दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, चार घायल

- घायलों का सीएचसी में इलाज जारी

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना खमरिया क्षेत्र के पीलीभीत बस्ती हाईवे पर स्थित शारदा नदी ऐरा पुल के निकट साइकिल सवार को बचाव में टक्कर मारते हुये अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो गाड़ी नंबर यू पी 31ए एस 5151पलट गई। साइकिल सवार सहित स्कार्पियो सवार तीन लोग जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची थाना खमरिया पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया इलाज के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के पीछे साइकिल सवार को बचाव मे हादसा हुआ है। घायल साइकिल सवार गोविंद पुत्र रघुबर 55 वर्षीय थाना क्षेत्र खमरिया के मडवा गांव का निवासी है, मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि साइकिल सवार गोविंद की स्थिति नाजुक है, पत्नी सहित बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।




> घटना की सूचना मिलते ही तत्काल रूप से घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा गया।
>
> -विवेक उपाध्याय
> थाना प्रभारी खमरिया

# सरयू नदी में डूबे युवक का दूसरे दिन मिला शव

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के जालिम नगर स्थित सरयू घाट पर सोमवती अमावस्या के चलते स्नान करने गया 25 वर्षीय युवक गहरे पानी में डूब गया था। घटना की सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से सोमवार की देर शाम तक तलाश करवाई गई लेकिन कहीं पता ना चल सका था। वही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा युवक की तलाश के लिए एनडीआरएफ टीम बुलाकर मंगलवार को सर्च अभियान चलाया गया, साथ ही सर्च अभियान में ग्रामीणों ने भी सहयोग किया जिसके चलते शाम 4: बजे मिला शशीकांत मौर्य का शव मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह सोमवती अमावस्या पर स्नान करने गयाथा थाना खमरिया क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी 25 वर्षीय शशीकांत मौर्य पुत्र नंदलाल स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गया था।



> कोतवाल धौरहरा ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद शव की खोज की गई है शव की जिला मुख्यालय पीएम के लिए भेज दिया गया है।
>
> -सुरेश कुमार मिश्रा
> कोतवाली प्रभारी धौरहरा

वही मौके पर मौजूद मृतक शशीकांत के पिता नंदलाल ने बताया कि मेरा परिवार एक बहुत ही गरीब परिवार है। दूसरों की मजदूरी करके हम लोग अपना जीवन यापन करते हैं, इस घटना के चलते हम लोगों ने कल से भोजन नहीं किया है, वही इस घटना के कारण परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। साथ ही गांव में मातम छाया हुआ है। एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने बताया कि मृतक परिवार को मिलेगी सहायता, इस गरीब परिवार के लिए जो संभव होगा वो मिलेगा लाभ।

# एक साल बाद भी लापता युवती को नहीं ढूंढ सकी खीरी पुलिस

- पीड़ित परिवार खा रहा दर-दर की ठोकरे

**ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ओयल चौकी क्षेत्र के मोहल्ला जगतिया निवासी शशि अवस्थी पुत्र राजेश अवस्थी दो जनवरी 2024 को सुबह बिना बताए अपने घर से निकली वापस न आने पर घर वालों ने काफी खोजबीन की। दोपहर करीब एक बजे कस्बे के लोगों ने साड़ीनामा झाल के निकट दो मोबाइल, दो जोड़ी जूते, हेयरबैंड, हेडफोन, आधार कार्ड व शॉल देख ओयल पुलिस को सूचना दी। इधर शशि के परिवारजन शशि की तलाश कर रहे थे दूसरी ओर कस्बे के मोहल्ला जुलाहन टोला निवासी आदिल पुत्र मोइनुद्दीन भी लापता था । साढ़ीनामा झाल पर जब पुलिस पहुंची तो मौके पर जूते आदि व आदिल का आधार भी मिला, जानकारी होने पर पहुँची पुलिस ने शशि के परिवारीजनों को बुलवाया। शशि की मां जायंती देवी ने अपनी पुत्री की जूती व शॉल देख पहचान की व दूसरे जूते, मोबाइल व आधार कस्बे के मो. जुलाहनटोला निवासी आदिल के निकले। तब सभी ने यही अनुमान लगाया कि यह दोनों प्रेमी युगल थे जो किसी बात को लेकर नहर में कूद गए है।

पुलिस ने घटना के दिन गोताखोरों की मदद से झाल से लेकर बड़ी नहर पुलिया तक काफी खोजबीन कराई मगर दोनों का कोई पता न चला। इसके बाद नहर का पानी बंद कराया गया। झाल के पास एनडीआरएफ की मदद से भी खोज कराई गई। मगर तब भी कुछ अता पता नहीं चला। मामला दो विशेष समुदाय से जुड़ा देख ओयल पुलिस ने अदिल के परिवारीजनों से कड़ाई से पूछतांछ शुरु की व सर्विलांस आदि के माध्यम से भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया। फिरभी दोनों का कुछ पता नहीं चल सका था। कुछ दिन बाद पुलिस व नगर पंचायत के द्वारा आदिल के घर के बाहर रोड पर किए गए अतिक्रम पर बुल्डोजर भी चलाया गया। नहर का पानी भी बंद कराया गया और अगले दिन आदिल का शव घटना के 12वें दिन उसी झाल में उतराता मिला था। जिसकी जेब में शशि का आधार निकला जिसके बाद से कस्बे के विशेष समुदाय के लोगों में आक्रोश पनपा और आदिल के शव के परीक्षण से लेकर अंतिम संस्कार तक कस्बे में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

देर रात आदिल का अंतिम संस्कार हो सका था।उधर पुलिस ने एक बार फिर अंतिम प्रयास करते हुए नहर में बालू के टीले खुदवाकर शशि को खोजने का प्रयास किया परंतु उसमें भी असफलता मिली। ऐसा नहीं कि खीरी पुलिस ने प्रयास नहीं किया। शारदा सहायक नहर जहां तक गई सभी जगहों पर बाईकों से निरीक्षण कर दिन रात एक कर दिया। सभी संबंधित थानों को भी जानकारी दी क्योंकि जूते कपड़े मिलने से तो यही प्रतीत हुआ कि दोनों नहर में कूदे है मगर शशि का कहीं कुछ पता नहीं चला। इसके बाद खीरी पुलिस ने मामले को ठंडे बसते में पैक कर रख दिया।

मात्र शशि के पंपलेट डी सी आर बी की मदद से सभी संबंधित थानों में जानकारी हेतु पहुंचा दिए गए ।।घटना एक वर्ष पूरा हो गया परंतु गुम हुई शशि अवस्थी का पुलिस आज तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। जब कि पीड़ित परिवार जनपद के आलाधिकारियों के चक्कर काट-काट कर परेशान है। जानकारों के मुताबिक अगर शशि नहर में कूदी होती अगर वह बालू में दब भी गई होती तब भी दोबारा पानी आने पर उसकी बॉडी ऊपर जरूर आती है।

# थाना क्षेत्र खमरिया में अवैध शराब के साथ दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- पुलिस ने छापेमारी कर 30 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामद

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के थाना खमरिया पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए अवैध कच्ची शराब बनाने एवं बिक्री के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। कब्जे से 30 लीटर शराब सहित शराब बनाने वाले उपकरण बरामद किए गये और 100 लीटर लहन को मौके पर नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने बताया कि शांति पूर्वक नववर्ष मनाने के लिए पुलिस की कई टीमों का गठन किया गया है। अराजक तत्वों पर इनकी नजर रहेगी। एक साथ उन्होंने गांव नईबस्ती महरिया, नईबस्ती परेवा मे छापेमारी की, जिसमें अवैध रूप से शराब निकालकर बिक्री करने के लिए भंडारण करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार लोगों में गांव नईबस्ती महरिया की केशकली पत्नी हरिनाम, मुन्ना पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम नईबस्ती परेवा पर विधिक कार्रवाई की गई। इस संबंध में थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने बताया की अवैध कच्ची शराब के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है।अवैध कच्ची शराब नहीं बिकने दी जाएगी। इसके लिए थाना स्टाफ विशेष रूप से सक्रिय हैं।

# कांग्रेस ने किया कई सभाओं का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह को समर्पित करते हुए जनपद लखीमपुर खीरी में पलिया, मोहम्मदी, कुंभी, बांकेगंज, संपूर्ण नगर, सहित दर्जनों कार्यक्रमों का आयोजन हुआ इसी कड़ी में प्रातः 8:30 बजे सदर चौराहा गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी पर आधा दर्जन कांग्रेस जनों के साथ पहुंच करके इंदिरा चौक पर सर्वप्रथम देश की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए सैकड़ो में मनरेगा मजदूरों ने उन्हें याद करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके द्वारा संचालित दर्जनों योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए, योजनाओं से संबंधित प्रपत्र भी बांटे गए। उक्त अवसर पर लगभग तीन दर्जन गांवों से सैकड़ो की तादात में दैनिक कारीगर /मजदूर उपस्थित रहे।

## पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवा ने बढ़ाई ठंड

**वाराणसी।** वाराणसी नये वर्ष की शुरुआत ठंड के साथ हुई। सुबह से आसमान में बादल और धुंध छाया हुआ है। जनवरी के पहले हफ्ते में पूर्वी अफ़गानिस्तान और उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में दो पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इससे न्यूनतम तापमान में और ज्यादा गिरावट आएगी। इससे पहले मंगलवार की रात 12 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली पछुआ हवा से दिन और रात के तापमान में गिरावट हुई है। दिन का तापमान सामान्य से 5.8 डिग्री कम हो गया है। सुबह हल्का कोहरा रहा। पूरे दिन बादल छाए रहे। गलन से बचाव के लिए लोग ब्लोआर और हीटर का प्रयोग कर रहे, दिन का 16.9 और रात का तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीएचयू मौसम वैज्ञानिक मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ ही पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पछुआ हवाएं दिन में नमी ला रही हैं।

# न्यू ईयर पर काशी के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़

**वाराणसी।** धर्म की नगरी वाराणसी में नव वर्ष के पहले दिन की शुरुआत लोगों ने मंदिरों में दर्शन-पूजन से की। इस मौके पर देवाधिदेव महादेव का दर्शन करने के लिए श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर दरबार में भोर से ही भीड़ उमड़ी हुई है। कुछ ऐसा ही हाल शहर के काल भैरव, संकटमोचन व दुर्गाकुंड के साथ देवालयों का भी है। अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के आयोजन में भी खूब भीड़ रही। गंगा नदी के घाट पर सुबह से ही नए साल ही चहल पहल, गंगा पार रेती पर पहुंचे सैलानी और नौका विहार करते हुए नववर्ष को मनाया जा रहा है। इसके अलावा कहीं नए साल में यज्ञ हो रहा है तो कहीं गरीबों के बीच पहुंच कर लोग और संस्थाएं खुशियां बांट रहे हैं। पहली बार वाराणसी पहुंची मेरी ने बताया कि काशी जाकर बहुत अच्छा लगा यहां के लोग काफी मिलनसार हैं। काफी खूबसूरत शहर है। मन को काफी शांति मिली। यहां से मैंने काफी माला खरीदी हैं। यहां पर नए साल को बहुत ही अच्छे तरीके से इंजॉय किया गया। मंदिर के बाहर युवाओं की भीड़ काफी ज्यादा देखने को मिल रही है। वह सभी अपने दिन की शुरुआत भगवान का आशीर्वाद लेकर कर रहे हैं। वहीं वाराणसी के गंगा घाट पर भक्ति का माहौल है। नाविक भजन बजा रहे हैं। काशी पहुंचे युवाओं ने कहा कि हमने आज बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लिया। मां गंगा में स्नान किया और हमने प्रार्थना किया है कि हमारा जीवन नए साल में सुखकारी हो।

# नव वर्ष के प्रथम दिन साईं बाबा मंदिर पर भव्य भंडारा एवं सांई संकीर्तन का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नव वर्ष 2025 के प्रथम दिन अहमदनगर के साई बाबा मंदिर का 17वां वार्षिकोउत्सव व साई संकीर्तन एवं भव्य भंडारा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया जिसमे म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा कीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें सिंगर आरोही साहनी ने हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है गीत गाया, मेरे घर के सामने साई नाथ तेरा मंदिर बन जाए, शिरडी वाले साई बाबा आया है तेरे दर पर सवाली गीत गाया संचालक संजीत राय, सिंगर शिव भारती,महेक गुप्ता, सिंगर उज्जल वर्मा ने गीत गाया। मंदिर में विशाल भंडारी का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने भंडारा ग्रहण किया सांई मंदिर प्रबंधक रविंद्र रस्तोगी, शिखा अशोक कनौजिया, व नगर के काफी लोग मौजूद रहे।



# गायत्री परिवार ने शंख बजा कर किया नए वर्ष का स्वागत

- गायत्री शक्तिपीठ से निकाली शंख निनाद यात्रा
- वसुधैव कुटुंबकम का दिया संदेश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर के संयोजन में गायत्री परिवार महिला मंडल द्वारा नववर्ष 2025 के शुभारंभ अवसर पर शंख निनाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के गोला रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ से हुआ जहां पर गायत्री परिवार की पीत वस्त्रधारी महिलाओं ने गायत्री महामंत्र और विराट शंख निनाद के साथ शंख निनाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा शक्तिपीठ लखीमपुर से गोटैयाबाग तिराहा, ब्लॉक कार्यालय होते हुए उदयपुर महेवा तक पहुंची जहां पर नारी उत्कर्ष दीप महायज्ञ की तैयारी हुई। यात्रा में गायत्री परिवार की महिलाओं ने इक्कीसवीं सदी उज्ज्वल भविष्य और सबके लिए सद्बुद्धि और सबके लिए उज्ज्वल भविष्य जैसे नारे लगाते हुए सामाजिक सद्भाव और विश्व शांति का संदेश दिया। महिला मंडल की सुगंधा शुक्ला ने बताया शंखनाद की ध्वनि से सूक्ष्म वातावरण में संव्याप्त आसुरी शक्तियां निर्बल होती हैं और सात्विक शक्तियों को बल मिलता है। शंख निनाद यात्रा के माध्यम से गायत्री परिवार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2025 में सभी के लिए मांगलिकता की प्रार्थना की गई है। युवा प्रकोष्ठ अनुराग मौर्य ने बताया भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम के भाव समाहित किए है जिसमें सभी के लिए शुभ भाव लाए जाते हैं। इसलिए हमें अपने नववर्ष और दूसरों के नववर्ष जैसे भेदकारी भावों से ऊपर सभी के लिए मंगल प्रार्थना करनी चाहिए। इस दौरान महिला मंडल की मधु तिवारी, निधि वर्मा, दीपा वर्मा, संगीता वर्मा, अनुराधा मौर्या, डॉ. अंशु वर्मा, युवा प्रकोष्ठ के अजय वर्मा, दीपक वर्मा, यज्ञदेव वर्मा, सर्वेश वर्मा, गायत्री शक्तिपीठ के उदय सिंह, राजेंद्र पाण्डेय, इंजी. श्रीधर वर्मा आदि मौजूद रहे।



# ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए साल के पहले दिन बुधवार को उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली। उन्होंने विभागों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 जनवरी तक हर हाल में बैठक संपन्न कर लें। छह से 10 जनवरी तक सभी स्कूलों-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। महाकुम्भ में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए पीआरडी व होमगार्डों की संख्या बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही 23-25 हजार मौतें देश व राज्य की क्षति है। दुर्घटनाएं जागरूकता के अभाव में होती हैं। सड़क सुरक्षा माह सिर्फ लखनऊ तक सीमित न रहे बल्कि इसे प्रदेश के 75 जनपदों में सुचारू रूप से संपन्न कराया जाये। हर माह जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक हो, जिसमें पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहें। जनपद स्तर पर हुए कार्यों की प्रोग्रेस को लेकर हर तीसरे महीने शासन स्तर पर मूल्यांकन किया जाये। उन जनपदों व स्थलों को चिह्नित करें, जहां अधिक दुर्घटनाएं संभावित हैं। कारणों का पता करते हुए इसके समाधान की कार्ययोजना बनाई जाए।

सूचना, परिवहन व सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों की तरफ से अपील करने वाली होर्डिंग लगाई जाए। सभी 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 1500 थानों व सभी नगर निकायों के बाहर भी लगाया जाए। राहगीरों आमजन को जागरूक किया जाए कि दुर्घटना को देखकर भागें नहीं, बल्कि घायलों को गोल्डेन ऑवर के अंदर समीप के हॉस्पिटल या ट्रॉमा सेंटर में पहुंचाएं। एंबुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम करें। स्कूलों-कॉलेजों में रोड सेफ्टी क्लब की तर्ज पर प्रत्येक जनपद में रोड सेफ्टी पार्क बनाए जाएं। रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रमों से स्कूली बच्चों को जोड़ते हुए यातायात नियम से जुड़े विषयों पर नाटक, संगीत, कविता, निबंध, संगोष्ठी, भाषण, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन निगम के बसों के ड्राइवरों की नियमित स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। बसों की फिटनेस का भी ध्यान रखा जाए। हर निकायों में वेंडिंग जोन बनाकर रेहड़ी-पटरी वालों को स्थापित किया जाए। सड़कों पर कहीं भी अवैध स्टैंड न लगे, उनके लिए स्पेस बनाया जाए। ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए बाइकों में से मोडिफाई साइलेंसर व हॉर्न को प्रतिबंधित किया जाए। अवैध रूप से बसों का संचालन दुर्घटना का कारण बनता है। गैर अनुबंधित बसों का पंजीकरण कर उन्हें निर्धारित रूट प्रदान किया जाए। इससे कनेक्टिविटी बेहतर होगी।



- दुर्घटनाओं को लेकर सीएम चिंतित
- सीएम ने उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की ली बैठक, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए दिए निर्देश

### नाबालिग न चलाने पाये ई-रिक्शा

नाबालिग ई-रिक्शा व अन्य वाहनों का संचालन न कर पाएं। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई सुचारू रूप से की जाए। सड़कों पर अनिवार्य रूप से साइनेज लगाए जाएं, जिससे लोगों को आवागमन में भी सहूलियत हो सके। ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं है। इसे स्टॉर्टिंग पॉइंट पर ही रोका जाए। एक्सप्रेस व हाइवे पर लोडेड वाहन भी खड़े रहते हैं, जो दुर्घटना का कारण बनते हैं इन वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाया जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट तथा सड़क सुरक्षा के अन्य मानकों को अपनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाकर प्रेरित किया जाए। किसी वाहन का बार-बार चालान होने पर लाइसेंस परमिट निरस्तीकरण आदि की कार्रवाई की जानी चाहिए। इस कार्रवाई को अनिवार्य रूप से फॉस्टैग से जोड़ा जाए।

# किसान हित में फैसलों के लिए कृषि मंत्री ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



- पुरानी कीमत पर मिलेगी डीएपी : शाही
- ऐतिहासिक फैसले से उ.प्र. के करोड़ों किसान होंगे लाभान्वित

नए वर्ष पर केंद्रीय कैबिनेट द्वारा किसानों के हित में लिए गए तीन महत्वपूर्ण फैसलों पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इन तीन महत्वपूर्ण निर्णयों में शामिल हैं डीएपी के लिए 1350 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का दायरा बढ़ाना तथा ऑटोमेटिक वेदर गेज स्टेशनों की संरचना के लिए 2025-26 से केंद्रीय सहायता की अनुशंसा।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट के इन निर्णयों से पूर्व की भाँति किसानों को 50 किलो डीएपी का एक बैग 1350 रुपए में मिलता रहेगा, इसके लिए भारत सरकार ने डीएपी उर्वरक पर 3850 करोड़ रुपए अतिरिक्त सब्सिडी देने का फैसला लिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमत के चलते ये फैसला लिया गया है, ताकि बढ़ती कीमतों का असर किसानों पर न पड़े। प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक फैसले से उत्तर प्रदेश के करोड़ों किसान लाभवान्वित होंगे। भारत सरकार द्वारा कृषक हित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का दायरा 65 हजार करोड़ से बढ़कर 69515.71 करोड़ रुपए कर दिया गया, इससे किसानों को फसल सुरक्षा एवं आपदा की स्थिति में मदद मिलेगी। उ.प्र. में विंड्स योजना के अन्तर्गत ऑटोमेटिक वैदर स्टेशन एवं ऑटोमेटिक रेन गेज की संरचना अन्तर्गत सेन्ट्रल सेयरिंग को वर्ष 2025- 26 से प्रारम्भ करने की सहमति भी दी है। कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा कृषकों के हित में लिए गये ऐतिहासिक फैसलों के लिए प्रदेश सरकार एवं प्रदेश के करोड़ों किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार ज्ञापित किया।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ सिटी व अलीगंज वॉरियर क्लब ने जीते अपने मुकाबले

**लखनऊ।** सातवें हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गये मैचों में लखनऊ सिटी ने एल डी ए अलीगंज को और अलीगंज वॉरियर क्लब ने मिलानी क्लब को हराया। बुधवार को यहां चौक स्टेडियम में खेले गये पहले मैच में लखनऊ सिटी ने एल डी ए अलीगंज को 1-0 से हराया। लखनऊ सिटी कि ओर अमन ने 13वें मिनट में गोल किया। वहीं दिन के दूसरे मैच में अलीगंज वॉरियर क्लब ने मिलानी क्लब को 4-2 से हराया। अलीगंज ग्वालियर की ओर से मोहम्मद तुफैल 17वें,31वें मिनट में, प्रियांशु ने 39वें मिनट, यश रावत ने 44वें मिनट में गोल किए। मिलनी क्लब की ओर से अबुजर नें 20वें मिनट और राजेंद्र ने 28वें मिनट में गोल किया। टूर्नामेंट में गुरुवार को पहला मैच आर ए ब्वॉयज क्लब और अलीगंज स्पोटिंग क्लब के मध्य होगा। दूसरा मैच अलीगंज वॉरियर क्लब और मिलानी क्लब के बीच होगा।

### साल के पहले दिन विद्युतकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में नए साल का आगाज बिजली कर्मियों ने विरोध के साथ किया। निजीकरण को लेकर लगातार चल रहा विरोध बुधवार भी जारी रहा। बड़ी संख्या में बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर जन जागरण करने की बात कही। इसके अलावा शक्ति भवन का भी घेराव करने की तैयारी है। निजीकरण के खिलाफप्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को 25 संगठनों ने समर्थन दिया है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे के मुताबिक राज्य कर्मचारियों के 25 संगठन जुड़ गए हैं। इन संगठनों से 16 लाख कर्मचारी जुड़े हैं। हम सभी मिलकर निजीकरण का विरोध कर रहे हैं। हमारे साथ अब प्रदेश के राज्य कर्मचारी भी जुड़ गए हैं। कर्मचारियों का दावा है कि निजीकरण से 77 हजार कर्मचारियों की छंटनी होने वाली है। इसमें 50 हजार संविदा कर्मचारी और 27 हजार अभियंता सहित अन्य कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। उनका तर्क है कि रातों रात पूरा निगम बेच दिया जा रहा है। प्राइवेट कंपनी पैसा कमाने के लिए आ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कर्मचारियों की मांग पर विचार करना चाहिए।

### शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की स्मृति में शहीद एक्सप्रेस बस सेवा का शुभारंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने आज लखनऊ के बुद्धेश्वर चौराहा से देवरिया जिले के लिए संचालित होने वाली शहीद एक्सप्रेस साधारण बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सेवा कैप्टन अंशुमान सिंह की स्मृति में शुरू की गई है, जो सियाचिन ग्लेशियर में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। यह बस प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे आलमबाग बस अड्डे से रवाना होगी और बरडीहा, वाया गोरखपुर-देवरिया लार रोड होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेगी। 406 किलोमीटर की इस यात्रा का किराया 585 निर्धारित किया गया है। यह बस बरडीहा से सुबह 7.00 बजे रवाना होकर शाम 4.30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। शुभारंभ के अवसर पर परिवहन मंत्री ने बुद्धेश्वर स्थित शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, कैप्टन अंशुमान सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना साथी जवानों की जान बचाई। उनका बलिदान हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। मंत्री ने बताया कि भविष्य में इस बस सेवा का संचालन कानपुर से भी शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह सेवा न केवल एक सुविधा है, बल्कि शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की अमर स्मृति को जीवंत रखने का प्रयास भी है। मंत्री ने कहा कि शहीदों की स्मृति में यह कदम युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

### प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार



**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में 30 दिसंबर 2024 को कमरे में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने बुधवार को घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दावा किया है कि पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके भाई के साथ मिलकर हत्या की थी। पुलिस ने महिला उसके प्रेमी और उसके भाई को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि न्यू हैदरगंज निवासी शत्रुघन राठौर का शव 30 दिसंबर को उनके आवास पर मिला था। पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी कि अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उनके पति की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की जांच में पाया कि राखी राठौर का प्रेम प्रसंग धर्मेंद्र राठौर के साथ चल रहा है। इसकी जानकारी शत्रुघन को हो गई थी, जो इसका विरोध कर रहा था। इसी कारण पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की योजना बनायी कि पति को रास्ते से हटा देंगे और यह अफवाह फैलायेंगे कि बीपी की अधिक दवा खाने से उसकी मृत्यु हो गई है। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर देंगे। उन्होंने इसी प्लान के तहत वारदात को अंजाम भी दिया। लेकिन बच्चों ने पुलिस को इसकी जानकारी दे दी, जिससे उनकी साजिश का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने शत्रुघन की हत्या में उसकी पत्नी उसके प्रेमी और आरोपित के भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

# विधान मण्डलों की महिला सदस्यों का कानपुर में होगा सम्मेलन

- सम्मेलन में विभिन्न राजनीतिक दलों की महिला सदस्य लेंगी भाग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन भारत क्षेत्र के जोन-1 के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विधान मण्डलों की महिला सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन 8 जनवरी को कानपुर में होगा। यह सम्मेलन विधायी संस्थाओं में महिला सदस्यों की सहभागिता एवं भागीदारी तथा उनकी भूमिका के संदर्भ में चर्चा हेतु आयोजित होगा।

कानपुर में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना, उत्तराखण्ड विधान सभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की मौजूदगी रहेगी। उद्घाटन के पश्चात् सम्मेलन में कार्यशाला का आयोजन होगा। उसमें विभिन्न राजनीतिक दलों की महिला सदस्य भाग लेंगी। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को बताया कि अपराह्न में उक्त सम्मेलन का समापन समारोह होगा। समापन समारोह में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी विशिष्ट अतिथि होंगी। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा पूरे देश में सी.पी.ए. भारत क्षेत्र के नौ जोन गठित किए गए हैं। ताकि इन सभी जोन में विधायी गतिविधियों का आयोजन हो सके। यह समस्त जोन अलग-अलग विधान सभाओं को मिलाकार गठित किए गए हैं। सी.पी.ए. के अंतर्गत विधायी संस्थाओं के समस्त सदस्यों के संदर्भ में संसदीय विषयों पर सम्मेलन एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। यह समस्त आयोजन एवं सम्मेलन किसी विशेष राजनीतिक दल द्वारा न तो आयोजित किए जाते हैं और न ही इन आयोजनों में किसी प्रकार का कोई राजनीतिक हस्तक्षेप होता है। इसी प्रकार कानपुर में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड की महिला सदस्यों के सम्मेलन में सभी राजनीतिक पार्टियों की महिला सदस्य भाग लेंगी।

# कला-संस्कृति व ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी का संगम बनेगा ताज महोत्सव : जयवीर सिंह

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



आगरा में ताज महोत्सव 18 फरवरी से 02 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में भारतीय कला संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ताज महोत्सव प्रति वर्ष बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है। महोत्सव के इस बार की थीम इसे और खास बनाएगी। सिंफनी ऑफ साउंड्स देशभर के संगीत की मिठास, डिजिटल देसी परंपरा में आधुनिक तकनीक का समावेश और कलर्स ऑफ इंडिया त्योहारों का अनोखा संगम जैसे विषयों के जरिए यह आयोजन आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन को दर्शाएगा। ताज महोत्सव समिति द्वारा आयोजित यह महोत्सव हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है।




नव वर्ष पर घंटों जाम से जूझता रहा शहर, चौराहा तो चौराहा गलियों में दिखी जाम की स्थिति

# गोआश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव के लिए हो पर्याप्त व्यवस्था : धर्मपाल

- शीघ्र की जाए नवनिर्मित 15 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के लोकार्पण की तैयारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाए तथा गोआश्रय स्थलों में खंड विकास अधिकारियों एवं पशुचिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से भ्रमण करते हुए शत-प्रतिशत पर्यवेक्षण किया जाए।

निराश्रित गोवंशों के कारण हो रही दुर्घटनाओं एवं अन्य शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर उसका निस्तारण किया जाए। चारागाह गोचर भूमि को शत-प्रतिशत कब्जा मुक्त कराकर हरा चारा उत्पादन कराया जाए और चारा विकास कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने नव निर्मित 15 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के लोकार्पण की तैयारियां शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये। धर्मपाल सिंह ने बुधवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोआश्रय स्थलों में गोवंश के ठंड से बचाव हेतु तिरपाल, अलाव व अन्य आवश्यक व्यवस्थायें तथा चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, औषधि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

श्री सिंह ने निर्देश दिये कि बकरी पालन तथा मुर्गी पालन की योजनाओं का व्यापक प्रचार करते हुए पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिया जाए। वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का निर्माण ससमय पूर्ण किये जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। नस्ल सुधार एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों को युद्ध स्तर पर संचालित किया जाए। गोशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए।

पशुधन मंत्री ने निराश्रित गोवंश संरक्षण की अद्यतन स्थिति, प्रदेश में साइलेज टेंडर की समीक्षा, निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु अभियान, गोआश्रय पोर्टल में कब्जामुक्त भूमि एवं हरे चारे की बुआई, वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थिति आदि बिन्दुओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### अमीनाबाद पुलिस के हत्थे चढ़ी दो शातिर चोरनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मध्य क्षेत्र के थाना अमीनाबाद पुलिस को वादिनी शहनाज बनो निवासी पता 157,27,गौस नगर रकाबगंज थाना वजीरगंज लखनऊ, द्वारा कुमार टेंडर्स गणेशगंज अमीनाबाद लखनऊ की दुकान से 2 अज्ञात महिला द्वारा 2 तोले सोने का हार चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया,जिसकी विवेचना बेचूं यादव कर रहे थे, कि मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तागण 1 शबाना बानो निवासी कडिया सासी थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश,2 सोनिया निवासी कडिया सासी थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश, चोरी के सामान एक हार पीली धातु वजन 18,600, ग्राम बरामद किया। आज थाना अमीनाबाद प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद, नेतृत्व में पुलिस ने अभियुक्तागण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# रेसिंग बनी जानलेवा, सड़क हादसे में एसयूवी चला रहे युवक की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में ओवरटेक करने के चक्कर में एक्सीडेंट हो गया। हादसे में दो लोग गंभीर घायल हो गए। इन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। यह हादसा शहीद पथ पर हुआ। जानकारी के मुताबिक, सुशांत गोल्फसिटी में टेंडर पॉम हास्पिटल के सामने मंगलवार रात ओवरटेक कर रही एसयूवी कार से टकरा गई। इसके बाद बेकाबू एसयूवी डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

हादसे में एसयूवी ड्राइवर महेंद्र रावत (32) की मौत हो गई है। वहीं, गोसाईगंज के अमेठी कस्बा निवासी अश्वनी रावत, दोस्त अकील व धर्मपाल घायल हो गए। सभी का इलाज चल रहा है। अश्विनी रावत प्लाटिंग का काम करते हैं। मंगलवार शाम वह अकील, धर्मपाल व चालक महेंद्र रावत के साथ एसयूवी से नए साल की पार्टी में शामिल होने गए थे।



रात को करीब 11 बजे दो कारों से सभी लौट रहे थे। रास्ते में दो दोस्तों के बीच रेसिंग शुरू हो गई। इसी दौरान ओवरटेक करते समय महेंद्र की कार बेकाबू हो गई और आगे चल रही एक कार से जोरदार टक्कर हो गई। इससे एसयूवी डिवाइडर से टकराई और पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने किसी तरह से एसयूवी में फंसे अश्वनी,अकील, धर्मपाल और महेंद्र को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचया। जहां महेंद्र को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाकी तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इंदिरा नगर, तकरोही में भव्य सुन्दर काण्ड एवं भण्डारें का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ के इंदिरा नगर, तकरोही बाजार में अन्नया फैशन बुटिक, संस्था द्वारा भव्य सुन्दर काण्ड, एवं भण्डारें का आयोजन किया गया, साथ ही गरीब एवं असहाय लोगों को भण्डारें का प्रसाद तथा कम्बल, वितरित किया गया। जिसमें आर्दश व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष, संजय गुप्ता , श्रीमती, सीता नेगी, अध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा लखनऊ महानगर, वर्तमान पार्षद अरविन्द यादव, पुर्व पार्षद डा0 काशीराम, युवा नेता कल्येश द्विवेदी, ,तकरोही इंदिरा नगर, अध्यक्ष कुलदीप यादव, महामंत्री जितेन्द्र सिंह ,एवं अन्य गणमान्य लोगों ने अपस्थित होकर प्रसाद और कम्बल वितरित किया। प्रबंधक अन्नया फैशन बुटिक, संस्था श्रीमती, माधुरी जैसवॉरा, श्रीमती ममता सिंह राठौर, मो0 हारुन, रोली सिंह, सुनीता देवी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहें।



आज कल गरीबों के लिए काफी संस्थाएं काम कर रही है, लेकिन हमारा उद्देश्य गरीबों, पिछड़ो ,एवं असहायों की सहायता करने के साथ ही समाज के लोगों को जागरुक करना भी है, ताकि समाज के किसी भी वर्ग को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसलिए हमारी संस्था बढ़चढ़ कर समय-समय पर विभिन्न चौराहों, पर गरीबों के लिए अलॉव, जलवाने, कपड़े वितरण करना ,तथा पैरों में पहनने के लिए चप्पल, जूता मोजा, टोपी, वितरित करने का कार्य भी हमारी संस्था करती रहती है।

# अस्पताल संचालक चला रहा था बच्चा चोरी गैंग, दो लाख में किया था नवजात का सौदा

- गरीब परिवार को पहले पैसे का लालच देकर उससे बच्चा लेने का प्रयास, बात न बनने पर बच्चा चोरी करके बेच देते थे
- गैंग के अन्य लोगों की तलाश में पुलिस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ की गुडंबा पुलिस ने बच्चे चोरी करके बेचने वाले गैंग का फर्दाफाश किया है। गैंग का मास्टरमाइंट अस्पताल संचालक है। गैंग में शामिल लोग उसके कर्मचारी हैं। गैंग गरीब परिवार को पहले पैसे का लालच देकर उससे बच्चा लेने का प्रयास करता था। बात न बनने पर बच्चा चोरी करके बेच देते थे।

अस्पताल के संचालक डॉक्टर भुनेश्वर यादव और लक्ष्मी सिंह हैं। पुलिस गैंग अन्य लोगों को तलाश कर रही है। निजामपुर मल्लौहर की रहने वाली आरती कनौजिया पत्नी रामचंद्र कनौजिया मौजूदा समय में अहिन्दर माल में रहती हैं। आरती ने रविवार को माल स्थित लक्ष्मी क्लिनिक में एक लड़के को जन्म दिया था। अस्पताल में एक कर्मचारी ओमवीर यादव और श्यामा कुमारी काम करते हैं। डिलीवरी के बाद अस्पताल के संचालक व कर्मचारी बेटे को दे नहीं रहे थे। आरती से बोला कि तुम्हारे पहले से बच्चे हैं, इसलिए इस लड़के को किसी जरूरतमंद को देंगे। काफी मिन्नतों के बाद आरती को उसका बच्चा वापस किया गया। आरती बच्चे को लेकर घर वापस चली गई, लेकिन ये सब उसके पीछे लग गए। सोमवार को आरती अपने बच्चे को दोपहर 12 बजे टेढ़ी पुलिया स्थित प्राइवेट अस्पताल में दिखाने जा रही थी। रास्ते में श्यामा कुमारी मिल गई। श्यामा क्लीनिक में काम करती है। उसने बच्चे को अपने परिचित डॉक्टर को दिखाने की बात कही। रास्ते में आरती को टॉयलेट लगी तो वो बच्चे को श्यामा को देकर कर टॉयलेट चली गई। वहां से वापस लौटने पर श्यामा और बच्चा नहीं मिले। काफी तलाशने के बाद भी वो नहीं मिले तो आरती घर वापस लौट गई।

इस दौरान पुलिस मंगलवार को गुडंबा थाने पर मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि मौर्या भट्टे के पास बच्चा चोर गैंग खरीद-फरोख्त करने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर टीम रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर देखा कि कुछ लोग पैसे लेकर बच्चे का सौदा कर रहे हैं। तभी पुलिस ने गैंग के बरुआ पोस्ट थावर माल निवासी मुनेश्वर पुत्र मथुरा, लक्ष्मनखेड़ा पोस्ट कसमंडी मलिहाबाद निवासी ओमवीर पुत्र कालीचरन को हिरासत में लिया। दोनों के पास 1 लाख 99 हजार रुपए नगद बरामद हुए। ये दोनों नवजात बच्चे को खरीदकर अधिक दाम पर बेचने के योजना बनाए हुए थे।

पूछताछ के बाद महिगवां निवासी श्यामा कुमारी पत्नी रविंद्र रावत और माल निवासी लक्ष्मी सिंह पत्नी बेडब्ब सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बच्चे चोरी करके बेचने का गैंग चलाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के पास बच्चा बरामद करके चाइल्ड लाइन को सौंप दिया। आरोपियों से अन्य घटनाओं के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। अब कितनों बच्चों को इन्होंने गायब करके बेच दिया। आरती ने एक वीडियो देखा जिसमें एक बच्चा चोरी होने की बात सामने आ रही थी। इस पर गुडंबा थाने पहुंची। वहां पर बच्चे की फोटो देखकर पहचान की। हालांकि बच्चे को चाइल्ड लाइन में सौंप दिया था। महिला ने बताया कि अस्पताल के संचालकों ने पहले लालच दिया। उनकी बातों में न आने पर बच्चा ही गायब करवा दिया।

समस्त जनपद वासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नॉर्मल कैंपस, सुल्तानपुर
दिलीप कुमार पांडेय
अध्यक्ष, राम जानकी मंदिर ट्रस्ट
हमजाबाद, सुल्तानपुर



समस्त जनपद वासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
इकरार अहमद
(प्रोप्राइटर)
इकरा ऑटो सेल्स
बंधुआ कला, जनपद-सुल्तानपुर
मोबाइल 8354014015



# करोड़ों की लागत से बना अग्निशमन केंद्र साबित हुआ शो पीस

**कर्मचारियों के अभाव में नहीं संचालित हो रहा अग्निशमन केंद्र**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़**

जिले के विशेश्वरगंज विकास खंड में करोड़ों की लागत से अग्निशमन केंद्र बनकर तैयार हो गया है। लेकिन एक भी कर्मचारी केंद्र में तैनात नहीं हैं। जिसके चलते अग्निशमन केंद्र का संचालन जिला मुख्यालय से हो रहा है।

करोड़ों की लागत से बना अग्निशमन केंद्र मात्र शो पीस बनकर रह गया है।ग्राम पंचायतों में लगने वाली आग पर त्वरित काबू पाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से तहसील मुख्यालयों पर अग्निशमन केंद्र का निर्माण कराया गया है। जिस पर करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं। इसका उद्घाटन भी कर दिया गया है। लेकिन अब यह अग्निशमन केंद्र कर्मचारियों की कमी से मात्र शो पीस बनकर रह गए हैं। कुछ यही हाल जिले के विशेश्वरगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत शेखपुर का है। पयागपुर तहसील के लिए बने अग्निशमन केंद्र पर 885.54 लाख रुपये खर्च हो गए।छह माह पूर्व मुख्यमंत्री ने लखनऊ से इस अग्निशमन केंद्र का उद्घाटन भी कर दिया। लेकिन कर्मचारियों के अभाव में केंद्र में ताला लगा हुआ है। जब पयागपुर तहसील क्षेत्र में आग लगती है तो जिला मुख्यालय से कर्मचारी जाते हैं। केंद्र का संचालन जिला मुख्यालय से किया जा रहा है। इससे आग लगने पर लोगों को काफी नुकसान होता है। मालूम हो कि केंद्र का संचालन हो जाए तो तीन लाख की आबादी को इसका लाभ मिलेगा। आग लगने पर कुछ ही मिनट दमकल कर्मी मौके पर पहुंच जाएंगे।

**अग्निशमन केंद्र की स्थिति एक नजर में**

अग्निशमन केंद्र 885.54 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम के निर्माण इकाई गोंडा की ओर से कराया गया है। भवन प्रशासनिक के साथ आवासीय भवन श्रेणी के तहत हुआ है। जिसमें दो भवन प्रशासनिक और 24 कमरे कर्मचारियों के लिए है।

> शासन को लिखा गया है पत्र जिले के कुछ अग्निशमन केंद्र में कर्मचारियों की कमी है। विशेश्वरगंज में बने पयागपुर तहसील के केंद्र में कोई कर्मचारी नहीं है। कर्मचारियों की कमी के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। जल्द ही कर्मचारियों के मिलने की उम्मीद है।
>
> विशाल रामानुज गौड़, अग्निशमन अधिकारी

# महिलाओं को झांसा देकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**जेवरात और नगदी बरामद, चमत्कारी पत्थर दिखाकर झांसे में लिया**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की स्वाट टीम और देहात कोतवाली पुलिस ने ठगी के एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी प्रदेश के विभिन्न जिलों में महिलाओं को झांसे में लेकर ठगी की वारदातें अंजाम देते थे।

पुलिस ने इनके पास से महिलाओं से ठगे गए जेवरात और दस हजार रुपए नगद बरामद किए हैं।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महिलाओं से ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्य देहात कोतवाली इलाके में देखें गए हैं। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों ने महिलाओं को एक चमत्कारी पत्थर दिखाकर झांसे में लिया पत्थर को दिव्य और धन वर्षा कराने वाला बताकर उनसे उनके गहने और नगदी ठग ली जाती थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान फरमान और सुहेल के रूप में हुई है।जो उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के निवासी हैं।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायलय में पेश किया। वहां से उन्हें पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इनकी ठगी के तरीकों और साथियों के बारे में गहराई से जांच की जा रही है।

# छुटटा पशुओं से किसानों की फसल हो रही चौपट

**मुझेहना, गोंडा ,समृद्ध न्यूज।** विकासखंड मुझेहना के नगर पंचायत धानेपुर में छुटटा पशुओं का भरमार है,गाय, बछड़े, सांड, शूकर काफी संख्या में हैं जो कि किसानों की फसल को नष्ट कर रहे हैं। भीषण ठंड में भी किसानों को रात में जाग कर अपने खेत की रखवाली करना पड़ता है।

गौशाला होने पर भी नगरपंचायत ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने पालतू सुकरो की शिकायत थाने पर कुछ दिन पहले की थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे शुकर पालकों का मनोबल और बढ़ गया। शासन व प्रशासन किसानों के हितों की बात करते हैं पर इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# कीजो मोरवी के लाल मेरा छोटा सा ये काम... पंकज

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को अयोध्या रोड नवीगंज चौक बाजार काली माता मंनिगमदिर पर नव वर्ष के उपलक्ष में चतुर्थ श्री बालाजी महाराज एवं बाबा खाटू श्याम का कीर्तन का आयोजन किया गया । जिसमें भजन गायक शिवा पंडित, गायक पंकज निगम,गायक सुरेंद्र प्रेमी और भजन गायिका अनुष्का ने अपने-अपने भजनों की हाजिरी लगाई।

कीर्तन के दरबार में पंचवटी आश्रम के गुरुवर श्री रविशंकर जी महाराज शामिल हुए जिनके स्वागत में शिवा पंडित और और भजन गायक पंकज निगम ने स्वागत भजन गाया।सभी भक्तों ने गुरुवर का आर्शीवाद लिया। और गुरुवर श्री रविशंकर जी ने बताया कि आगामी 13 जनवरी को मकर संक्रांति के उपलक्ष पर झंझरी ब्लॉक चौराहे पर रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा और 14 जनवरी को खिचड़ी प्रसाद का भंडारा होगा जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं। गुरुवर के साथ संदीप मल्होत्रा, संतोष सोनी, दुर्गा सोनी सहित कई लोग शामिल हुए। और सपा नेता सूरज सिंह भी कीर्तन के दरबार में पहुंचकर मां का आशीर्वाद लिया। कमेटी के लोगों ने उनको दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया। इनके साथ शिव संपति सिंह, मंटू काजी और निबबू काजी भी शामिल हुए। कीर्तन देर रात तक चला। कार्यक्रम में आयोजक राम शंकर कसौधन, रितिक कसौधन, ध्रुव कसौधन, कृष्ण कुमार कसौधन, चंदन, राज साहित्य अन्य लोग मौजूद रहे।

# खंड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता जनता इंटर कॉलेज इटियाथोक मे

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 3,4 जनवरी 2025 को जनता इंटर कॉलेज इटियाथोक बाजार गोंडा में किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में सिर्फ विकासखंड इटियाथोक के ही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे जिन्हें अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। जिसमें सब जूनियर/जूनियर/सीनियर वर्ग पुरुष एवं महिला एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, बैडमिंटन,कबड्डी, फुटबॉल वॉलीबॉल विधाओं का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा जिसकी सूचना अलग से दी जाएगी।

# कमिश्नर ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण, बांटें कंबल

**देवीपाटन मण्डल गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।**



**रैन बसेरे में अव्यवस्था मिलने पर आयुक्त ने लगाई फटकार**

गोण्डा जिले में मंगलवार की देर शाम कमिश्नर देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील द्वारा जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा शीतलहर से बचाव को लेकर किए गए व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। आयुक्त ने कई रैन बसेरों का निरीक्षण कर प्रमुख चौराहों और रेलवे स्टेशन पर असहाय और जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किया। राहत कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है। महिला अस्पताल चौराहा, जिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन के पास भी कंबल वितरित किए गए। अम्बेडकर चौराहा से लेकर रेलवे स्टेशन तक पैदल रिक्शा चालकों, ठेलेवालों और असहाय लोगों को कम्बल बांटे गए। इसके अलावा,मेवातियन रैन बसेरे में ठहरने वाले लोगों के लिए सोलर हीटर की व्यवस्था की गई और 07 बेड पर 03 लोग ठहरे थे। इन सभी स्थानों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की भी व्यवस्था की गई। आयुक्त ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतलहर के कारण सभी प्रमुख स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाए ताकि ठंड से बचाव सुनिश्चित हो सके। गोंडा मेवातियन रैन बसेरे के संचालन में कम्बल की कमी पाई गई जिस पर प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाई गई और सभी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आदेश दिए गए। साथ ही जिलाधिकारियों,उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को भी अपने-अपने क्षेत्र में जरूरतमंदों को कंबल देने और अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एडीएम आलोक कुमार और नायब तहसीलदार सदर उपस्थित रहे।




# मादक पदार्थ के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध मादक पदार्थ 120 गोली अल्प्राजोलम के साथ अभियुक्त राज पुत्र पप्पू निवासी रघुनाथपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा को सेमराशेखपुर बगिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 120 टैबलेट अल्प्राजोलम बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नवाबगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण गुरूवार को थाना नवाबगंज के उनि उत्कर्ष कुमार पाण्डेय मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि सेमराशेखपुर बगिया में अवैध मादक पदार्थ बेचने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी की गयी तो उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ ;120 टैबलेट अल्प्राजोलम बरामद कर अभियुक्त राज पुत्र पप्पू निवासी रघुनाथपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नवाबगंज में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# जुर्माने से बचने के लिए न करें पॉलीथिन का उपयोग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका परिषद नानपारा के ईओ और अध्यक्ष ने पॉलीथिन से होने वाले नुकसान को चेताते हुए उपयोग न करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर दुकानदार पॉलीथिन का उपयोग करते हैं तो उनके विरुद्ध जुर्माना लगाया जाएगा। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंध के बाद भी पॉलीथिन का इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकि पॉलीथिन पर्यारवण से लेकर बीमारियों को बढ़ावा देता है। इसको देखते हुए नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद और अधिशाषी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने दुकानदारों के नाम संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार पॉलीथिन के बजाए कपड़े या जूट के थैले का उपयोग समान बिक्री के लिए करें। अगर पॉलीथिन का उपयोग जांच के दौरान मिला तो जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही केस भी दर्ज कराया जा सकता है। ऐसे में कार्रवाई से बचने के लिए कोई भी दुकानदार पॉलीथिन का उपयोग न करे।

# समाज के उत्थान का माध्यम है गायत्री महायज्ञ : जिला समन्वयक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

**गायत्री परिवार की ओर से संगोष्ठी का हुआ आयोजन**



क्षेत्र के श्रीरामपुर में शान्तिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में गायत्री परिवार ट्रस्ट और गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में 25 से 29 मार्च तक आयोजित होने वाले विराट 108 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ, संगीत प्रवचन और विशाल पुस्तक मेले की तैयारियों को लेकर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें गायत्री महायज्ञ के महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार कार्यालय, श्रीरामपुर, जरवल रोड परिसर में हुआ। संगोष्ठी में उपस्थित गायत्री परिजनों ने अपनी प्रतिभा, समय और श्रम के माध्यम से इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। जिला समन्वयक सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान और समाज के उत्थान का माध्यम बताया और सभी परिजनों से अंशदान, समयदान और प्रतिभा का समर्पण करने की अपील की। संगोष्ठी में उपजोन प्रभारी अयोध्या मनीराम वर्मा, गायत्री परिवार शक्तिपीठ की ट्रस्टी मंजू सिंह, संगोष्ठी संयोजक एवं वाराणसी जोन प्रभारी मानसिंह वर्मा, ममता सिंह, गायत्री परिवार ट्रस्ट जरवल रोड के प्रबंधक ओम प्रकाश अवस्थी, ओम प्रकाश गुप्ता, दशरथ लाल राव, प्रशांत कुमार अग्निहोत्री, ट्रस्टी गण चंद्रावती विश्वकर्मा, ललिता विश्वकर्मा, राम अचल शर्मा सहित सैकड़ों परिजन उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक प्रयास और सहयोग से इस आयोजन को भव्य और सफल बनाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान परिजनों का उत्साह और समर्पण भाव उल्लेखनीय रहा जो महायज्ञ की सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# सर्द रात में अचानक रैन बसेरा पहुंची डीएम, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**डीएम ने सीएमओ को सभी स्वास्थ्य केंद्रो पर अलाव जलाने के दिए निर्देश**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**






मुख्यमंत्री व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने देर रात्रि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर रोडवेज़ व महर्षि बालार्क चिकित्सालय में संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद गरीब मुसाफिरों, रिक्शा चालकों, मरीज़ों के तीमारदारों व अन्य जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया।

महर्षि बालार्क चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार को निर्देश दिया कि सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अलाव की व्यवस्था की जाये तथा चिकित्सालय के प्रसव कक्ष, इमरजेन्सी व अन्य वार्डों में रूम हीटर लगवाये तथा शरद ऋतु के दौरान भर्ती मरीज़ों के लिए कम्बल की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बताया कि जनपद में 250 से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं।

डीएम ने बताया कि राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मार्फत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रैन बसेरों व अलाव की निरन्तर चेकिंग करायी जा रही है तथा जरूरतमन्द लोगों को कम्बल का वितरण भी किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव, डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. पीयूष नायक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिक उत्सव

**नवीन पुस्तकालय एवं संस्कारशाला का हुआ उद्घाटन, मेधावी छात्रों को वितरण किया पुरस्कार**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



रिसिया के ग्राम सभा बंगलाचक में स्थित एक विद्यालय का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रहे। जिले के रिसिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा बंगलाचक में बीना देवी बृज नरेश इंटर कॉलेज विद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्षय बाल लाल गोड रहे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय जयसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामूलाल, ग्राम प्रधान सरोज सिंह, व्यवसायी राम रतन आदि उपस्थित रहे। वही विद्यालय संस्थापक बृज नरेश प्रबंधिका बीना देवी निर्देशक आनंद मोहन जिला बौध्दिक प्रमुख नानपारा आलोक प्रधानाचार्य मोनिका मौजूद रही।विद्यालय में नवीन पुस्तकालय एवं संस्कारशाला का उद्घाटन एवं मेधावी छात्रों को पुरस्कार का वितरण पूर्व सांसद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद के नवीन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। विद्यालय में वरिष्ठ बंधुओं के अतिरिक्त शैलेंद्र पाठक, हरपाल, प्रतिमा, मधु, पूजा, दीपा, सपना आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# कार पेड़ से टकराकर पलटी, युवती की मौत, पांच घायल

**सभी घायल मेडिकल कॉलेज रेफर, कार में सवार थे एक ही परिवार के लोग**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के नईबस्ती निधिपुरवा गांव से नया साल मनाने जंगल जा रहे लोगों की कार अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकराकर पलट गई। जिसमें एक युवती की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए।

घायलों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत नईबस्ती निद्धिपुरवा गांव गुंजा (19) पुत्री गोपीचंद अपने भाई और भतीजे समेत छह लोगों के साथ बुधवार सुबह 11 जंगल के लिए रवाना हुई। कार सवार एक ही परिवार के सभी लोग कतर्नियाघाट जंगल भ्रमण के लिए जा रही थी। मुर्तिहा रेंजरी के पास सभी पहुंचे। सुबह 11.30 बजे के आसपास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। जिसके चलते कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर कोतवाल अमितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टर ने गुंजा को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य पांच लोगों को हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि एक ही परिवार के छह लोग कार में सवार थे।

# गार्ड के घर में चोरी नगदी और जेवरात गायब

**मुझेहना/गोंडा ,समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र धानेपुर के अंतर्गत ग्राम मोडाडिया बनगाई के बृजेश द्विवेदी जो मेडिकल कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे हैं। उनके घर पर रात में घर के सभी लोग अपने-अपने कमरे में सो रहे थे इसी बीच छत से घुसकर चोरों ने 16000 रुपए नकद व जेवरात चुराकर फरार हो गए सुबह होने पर इनको जानकारी हुई इन्होंने तब-धानेपुर में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस घटना की सर गर्मी से जांच कर रही है। संदेहके आधार पर लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# उद्योग व्यापार मंडल ने प्रशासन को दिए एक हजार कंबल

**बढ़ती ठंड में मदद के लिए व्यापारियों ने बढ़ाए हाथ**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



बीते दो दिन से तराई में बढ़ी ठंड के बीच जरूरतमंदों की मदद के लिए उद्योग व्यापार मंडल बहराइच द्वारा व्यापारियों के सहयोग से प्रशासन को 1000 कंबल दिए गये हैं।

बुधवार को व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के माध्यम से प्रशासन को एक हजार कंबल सौंपे।कंबल देने गये प्रतिनिधिमंडल में दीपक सोनी दाऊजी,बृजमोहन मातनहेलिया, कुलभूषन अरोरा,मनीष मल्होत्रा, आशीष कंसल, नवनीत अग्रवाल, सुमित खन्ना सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे। कंबल देने से पूर्व उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को बुके देकर नव वर्ष की बधाई दी।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका व नगर अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊजी ने बताया कि तमाम व्यापारी व सामाजिक संगठन स्वयं कंबल बांटने निकलते हैं, कई स्थानों पर ऐसी जानकारी मिली है कि बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, अस्पतालों के पास एक ही व्यक्ति को एक या दो से अधिक कंबल मिल जा रहे हैं जबकि वास्तविक जरूरतमंदों तक कंबल नहीं पहुंच पा रहे हैं।

जिला प्रशासन के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से अलग अलग क्षेत्रों में कंबल वितरण बेहतर ढंग से होना संभव होता है। इसी क्रम में व्यापार मंडल ने जिला प्रशासन के माध्यम से कंबल वितरण में उक्त सहयोग दिया है।

# ओम नमः शिवाय के साथ भक्तों ने बोला हैप्पी न्यू ईयर

- बाल्हेश्वर मंदिर गाजे-बाजे के साथ पहुंची पदयात्रा, दिखी महाकुंभ की झलक
- बाबा बाल्हेश्वर के दर्शन कर भक्तों ने किया नये वर्ष का स्वागत
- ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के तत्वावधान में 17वीं पदयात्रा का हुआ आयोजन
- बाबाजी के आशीर्वाद से भक्तों ने की नए साल की शुरुआत



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

नव वर्ष की प्रातः बाबा बाल्हेश्वर के दर्शन से मंगलकारी कामनाओं के साथ ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल पिछले 16 वर्षो से अनवरत धार्मिक यात्रा का आयोजन कर रहा है।आपको बता दें कि ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के तत्वाधान में लालगंज से बाबा बाल्हेश्वर धाम तक 17वीं विशाल पदयात्रा निकाली गई। जिसमें हजारो की संख्या में भक्तो ने भाग लिया। भूखे को अन्न, प्यासे को पानी जय बाबा अमरनाथ बर्फानी के उद्घोष के साथ नव वर्ष की प्रातः काल भोले बाबा की 17 वीं विशाल पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ सराफा मंडी स्थित पंमचुखेश्वर महादेव मंदिर से निकली जो शीतला मंदिर, सब्जी मंडी स्थित दुर्गा मंदिर, बालाजी मंदिर, गल्ला मंडी स्थित शिव मंदिर, मेन रोड स्थित शिव मंदिर में पूजन अर्चन करते हुए 6 किमी की पैदल यात्रा में हजारो की संख्या में भक्तो ने जगह-जगह लगें भंडारो में विभिन्न प्रकार के व्यजंनो का रसास्वादन करते हुए। पूरे मार्ग मे दर्जनो की संख्या में बज रहे डीजे की धुन पर भक्त पैदल थिरकते हुए बाबा बाल्हेश्वर धाम पहुंचे। जहां पर भक्तगणों ने जलाभिषेक कर जनकल्याण की कामना की। इस संगीतमय रथयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य अभिनंदन किया गया। ओम शिव शक्ति मानव सेवा समिति के तत्वाधान में निकली शिवयात्रा में शिवजी की भव्य झांकी सजाई गई जो भक्तगणों के आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। भक्तो की सेवा के लिये पूरे मार्ग में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भक्तो ने भंडारों के माध्यम से यात्रियों की खूब सेवा की। यात्रियों की भीड़ व आने जाने वाले वाहनों की व्यवस्था के लिये कोतवाली पुलिस मुस्तैद रही। हजारों की संख्या में भक्तों ने बाबा बाल्हेश्वर के दर्शन के उपरान्त मंडल द्वारा लगाये गये भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल शाखा लालगंज के पदाधिकारियों ने भक्तों को प्रसाद वितरण कर पुण्य लाभ लिया।

## डंपर की टक्कर से बाइकसवार बहन की मौत, भाई घायल

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार भाई-बहन को जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे बहन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सलोंन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची अंतर्गत बघौला गांव निवासी कुलदीप अपनी बहन अंतिमा को लेकर रिश्तेदारी में गया था। जहां से बुधवार को बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के अप्टा गांव के पास मिट्टी ढो रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे अंतिमा उम्र करीब 18 वर्ष की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

# अल्पना को मिली डलमऊ की जिम्मेदारी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में अल्पना यादव को डलमऊ नगर इकाई की जिम्मेदारी सौंप गई है। विद्यार्थी हितों के लिए संगठन को मजबूत करने के लिए यह जिम्मेदारी दी गई है संगठनात्मक 26 जिलों से आई युवा शक्ति एवं प्रांत के सभी पदाधिकारी व राष्ट्रीय पदाधिकारी की मौजूदगी में तीन दिनों तक चले प्रांतीय अधिवेशन में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई पदाधिकारी ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है।

विद्यार्थी परिषद इस बात का आभास करती है कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण में युवाओं का विशेष योगदान रहता है जिसमें विद्यार्थी परिषद ने प्रांत के कुछ प्रमुख दायित्वों का विस्तार किया जाना अति आवश्यक है रायबरेली विभाग से प्रांत कार्य समिति सदस्य के रूप में अभय सिंह रोहित एवं लालगंज जिले की नगर इकाई एवं डलमऊ नगर इकाई व ऊंचाहार नगर इकाई से चार प्रांत कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई जिसमें अल्पना यादव शुभम सैनी माही पाठक एवं भारत सिंह को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया अभय सिंह ने बताया कि यह पदाधिकारी छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए उनकी आवाज को बुलंद करेंगे और सरकार तक उनकी आवाज को पहुंचाएंगे।

# अज्ञात चोरों ने घर के अंदर घुसकर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

चोरों के द्वारा नए साल के आगमन पर पुलिस को चुनौती देते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है, जिसमें डेढ़ लाख रुपए की जेवरात सहित 4000 की नगदी चोरी कर लिया गया है। घटना मंगलवार बुधवार की मध्य रात्रि लगभग 2:00 बजे के आसपास की बताई गई है जब चोरी की घटना की जानकारी परिजनों को सुबह सोकर उठने के बाद हुई। पीड़ित के द्वारा सुबह 10:00 बजे थाने पहुंचकर तहरीर के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन करते हुए चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। बिदित हो कि बछरावां कस्बा के कायस्थान टोला निवासी अजय कुमार पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल चौधरी वार्ड नंबर 6 के मूल निवासी हैं। रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा उनके घर के पीछे के रास्ते से छत के ऊपर चढ़कर जीने से उतरकर कमरे के अंदर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। तहरीर के मुताबिक पीड़ित ने बताया कि कमरे में अंदर अलमारी के अंदर 7 ग्राम सोने की चेन, 5 ग्राम सोने के झाला एवं मंगलसूत्र 3 ग्राम, सोने के पायल एक जोड़ी, तथा 100 ग्राम चांदी की पायल तथा लगभग रु. 4000 नगद चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित को सुबह सोकर उठने पर चोरी की घटना की जानकारी प्राप्त हुई। परिजनों तथा आस पड़ोस के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# डीएम ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

- डीएम ने जरूरतमंद लोगों को वितरित किए कम्बल
- रैन बसेरों में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो: डीएम



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शीतलहर के दृष्टिगत मध्य रात्रि में जनपद में अस्थाई एवं स्थाई रैन बसेरों का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सुपर मार्केट एवं जिला अस्पताल में स्थापित रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था, बाथरूम आदि की जानकारी ली तथा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों से भी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रैन बसेरों के संचालको को शीतलहर के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बेड एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए द्य जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरे में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय जरूरतमंद लोगों को कम्बल भी वितरित किए। निरीक्षण के दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह उपस्थित रहें।

## रेलवे क्रॉसिंग के पास नट समुदाय के लोगों में लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो वायरल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** लाठी और डडा लेकर एक दूसरे पर मारपीट करते हुए नट समुदाय के दो पक्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे देखने के बाद लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार रात्रि 9:00 बजे के आसपास की बताई जा रही है। जब बछरावां कस्बे में स्थित लालगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे लाइन के किनारे नट समुदाय के लोगों का अड्डा रहता है। जो आए दिन शराब के नशे में एक दूसरे पर मारपीट आमदा रहते हैं। और रेलवे लाइन के ठीक बगल में ही इन लोगों ने अपना आशियाना बना रखा है। कभी भी कोई दुर्घटना का भी शिकार हो सकता है। परंतु पुलिस की नाक के नीचे नट समुदाय के लोग किसी बड़ी दुर्घटना की भी दावत दे रहे हैं। जिसका एक वीडियो कैमरे में कैद हुआ है। जिसमे शराब के नशे में करीब एक दर्जन लोग जिसमें महिलाएं भी शामिल है। जिसमे सभी लोग किसी बात से नाराज होकर दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी और डंडे से मारपीट करते हुए वीडियो में साफ देखे जा सकते हैं। वीडियो में आप साफ देख सकते हैं, कि कुछ महिलाएं भी घायल होकर नीचे पड़ी हुई है। और कुछ डंडे व लात घुसो से मारपीट करते हुए भी देखे जा सकते हैं। इस घटना की जानकारी लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस भी इस मारपीट की घटना से पल्ला झाड़ते हुए नजर आई। जहां एक तरफ नए साल के जश्न में रायबरेली पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले भर की पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए थे। कि शराबियों एवं अन्य अराजक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस ने कड़े इंतजाम किए गए। परंतु पुलिस इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। आसपास के लोगों का कहना है कि यह लोग यदि रेलवे पटरी के किनारे ही रहेंगे, तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना का भी शिकार हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने पीट-पीट कर की युवक की हत्या




**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** दबंगों के अंदर जरा भी पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा है दबंगो ने एक युवक की इस कदर पिटाई कर दी की उसकी मौत हो गई वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिजनों में आक्रोश देखा जा रहा है। दरअसल मामला सरेनी कोतवाली क्षेत्र के नवल का पुरवा गांव का है यहां का रहने वाला विनय यादव 28 वर्ष घर से बेनी माधवगंज बाजार गया था और वहां से जब वापस अपने गांव के किनारे पहुंचा तो मामूली बात को लेकर गांव के ही तीन युवकों ने उसकी लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए। किसी तरीके से गांव के एक युवक ने विनय को उसके घर तक पहुंचाया जहां वह बेहोश होकर गिर पड़ा परिजन उसे तत्काल अस्पताल इलाज के लिए लेकर पहुंचे जिला अस्पताल से एम्स के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान विनय की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि पुलिस को घटना की तहरीर दे दी गई थी लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी तक नहीं हुई विनय की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है बूढ़ी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भी काफी आक्रोश देखा जा रहा है फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर अब कार्यवाही की बात कर रही है।

### अंडे की दुकान पर हुई मारपीट, एक घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिलेडा गांव में बुधवार सुबह अंडे की दुकान पर शराब के नशे में धुत दो युवकों ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया, इलाज के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल युवक धर्मेंद्र कुमार पुत्र रामदेव उम्र 28 वर्ष निवासी तिलेडा, बुधवार सुबह अपने गांव के मुख्य चौराहे पर अंडे की दुकान पर अंडा खाने गया था, तभी वहां पर पहले से नशे की हालत में मौजूद रामदीन एवं अखिलेश से किसी बात को लेकर उसकी बहस हो गई तत्पश्चात उक्त युवको ने लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में धर्मेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पारिवारिक जनों के द्वारा थाने पहुंचाया गया, जहां पर उसने प्रार्थना पत्र देकर उक्त युवको के खिलाफ तहरीर के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुलिस न तहरीर के आधार पर घायल युवक धर्मेंद्र कुमार को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां उसका इलाज एवं मेडिकल किया गया। वहीं थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है उक्त मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**उतरौला (बलरामपुर)।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम भेजकर विधिक कार्यवाही शुरू की। थाना गैंड़ास बुजुर्ग के मजरा धोबहा में बुधवार सुबह लगभग 07 बजे कविता पुत्री प्रदीप 20 वर्ष ने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस को बड़ी कामयाबी, वाहन चोर गिरोह के नौ सदस्य गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायबरेली पुलिस को नव वर्ष के पहले दिन ही मिली बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी हुई सात मोटरसाइकिलों सहित नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पहला मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है, जहां चोरी की पांच मोटरसाइकिलों के साथ पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार किया गया। वहीं महाराजगंज थाना क्षेत्र में चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ पहले से जनपद के विभिन्न थानों में गंभीर अपराधों में मुकदमे पंजीकृत हैं, पकड़े गए सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# आठ जनवरी से तीन दिवसीय विराट किसान मेला का आयोजन: डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं किसान जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत एग्रोक्लाइमेटिक जोन से संबंधित 03 दिवसीय विराट किसान मेला का आयोजन 08 जनवरी 2025 से 10 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से आईटीआई मैदान दूरभाष नगर रायबरेली में एग्रोक्लाइमेटिक जोन से सम्बन्धित विराट मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित क्रियाक्लापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी/स्टॉल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों/ उपभोक्ताओं को दी जानी है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अधिक उत्पादन एवं उत्पादकता प्राप्त करने हेतु वैज्ञानिकों द्वारा जागरूक किया जाना है, जिसमें समस्त विभागों के प्रगतिशील कृषकों की भागीदारी तथा जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जानी है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त कार्यक्रम में अपने-अपने विभागों की प्रदर्शनी/स्टाल लगवाना सुनिश्चित करते हुए स्वयं अपनी भी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# औचक निरीक्षण कर डीएम ने रैन बसेरों का जाना हाल, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




डीएम पवन अगवाल द्वारा जनसामान्य एवं निराश्रितों को शीत लहर एवं ठण्ड से बचाने के लिए बनाये गये रैन बसेरों तथा अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

मंगलवार देर रात्रि डीएम ने रैन बसेरों का हाल जानने के लिए नगर पालिका बलरामपुर द्वारा अम्बेडकर तिराहे पर बनाये गये रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। डीएम के निरीक्षण के समय रैन बसेरे मे चार व्यक्ति ठहरे हुए मिले जिनसे डीएम ने वार्ता कर व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान वहां पर केयर टेकर उपस्थित मिला तथा रैन बसेरे में बिस्तर, चारपाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय तथा अलाव आदि का प्रबन्ध सुनिश्चित मिला। नगर क्षेत्र में अम्बेडकर तिराहे पर स्थाई रैन बसेरा संचालित रैन बसेरे में 15 पुरुष तथा 10 महिलाओं सहित कुल 25 व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था है। रैन बसेरे में 04 व्यक्ति ठहरे हुए थे, रैन बसेरे में ठहरे हुए सभी व्यक्तियों ने व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में संतोष व्यक्त किया।

वहीं डीएम के निर्देश पर उपजिलाधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अधिशासी अधिकारियों द्वारा नगर पंचायत तुलसीपुर में जलकल परिसर में स्थापित रैन बसेरे, नगर पंचायत गैसड़ी में मझौली पंचायत भवन में संचालित रैन बसेरे, नगर पंचायत पंचपेड़वा में जगदीशपुर वार्ड में संचालित रैन बसेरे तथा नगर पालिका उतरौला में सुभाष नगर वार्ड में संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। वहीं ठण्ड से बचाव के लिए ग्रामीण अंचलों में जलवाये गये अलावों का निरीक्षण राजस्व अधिकारियों तथा खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रैन बसेरों में प्रत्येक दशा में मानक अनुरूप प्रबन्ध सुनिश्चित रहें तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी व्यक्ति पटरी, खुले आसमान, सड़क के डिवाइडर आदि पर सोता हुआ न मिले तथा चिन्हित स्थलों पर अनिवार्य रूप ये अलाव जलवाये जायें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर संजीव यादव, ईओ बलरामपुर, नायब तहसीलदार सदर, व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# टीबीमुक्त भारत बनाने को व्यापक स्तर पर हो प्रचार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**




बुधवार को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के संबंध में संचालित 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला और श्रीदत्तगंज में किया गया। अभियान के संबंध में जन सामान्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला और श्रीदत्तगंज को दिया। 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने बताया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोज अभियान जनपद में चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीबी आमतौर से फेफड़ों में होती है, लेकिन शरीर के अन्य अंगों में भी फैल सकती है। दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आना, बुखार, रात में पसीना, मुंह से खून आना, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, वजन कम होना, भूख न लगना, थकान, गर्दन में गिल्टी क्षय रोग के लक्षण है। साठ साल से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों,कुपोषित एवं कमजोर लोग, डायबिटीज रोगी, धूम्रपान एवं नशा करने वाले, इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले, इलाज पूरा कर चुके टीबी रोगी, एचआईवी ग्रसित व्यक्ति, मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों में क्षय रोग होने की संभावना अधिक होती है। 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान के संबंध में जन जागरूकता हेतु रैली का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला और श्रीदत्तगंज डॉ चन्द्र प्रकाश, डॉ अनुराग पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह एवं संबंधित सीएचसी के स्टॉफ उपस्थित रहे।

# फर्जी वीजा घोटाले का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर)।** प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के कुशल नेतृत्व में कोतवाली उतरौला पुलिस ने फर्जी वीजा घोटाले के आरोपी पवन कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। अभियुक्त पर धोखाधड़ी, कूटरचना और फर्जी दस्तावेज तैयार करने का गंभीर आरोप है। पुलिस टीम ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया है।




थाना कोतवाली उतरौला में मु.अ.सं. 256/23 धारा 420, 406, 467, 468, 471 भा.दं.वि. के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव, निवासी मोहल्ला सुभाष नगर, उतरौला, ने कूट रचित वीजा तैयार कर 17 लोगों को दिया था। ज्ञान दास पुत्र हुसैन समेत अन्य व्यक्तियों ने जब दिए गए वीजा की जांच कराई, तो वे फर्जी पाए गए। वादी मुकदमा जोगी पुत्र झीगुर, निवासी बजार मुंडा, थाना गैडास बुजुर्ग, ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की। विवेचना के दौरान वीजा के सत्यापन के लिए दूतावास ओमान को रिपोर्ट भेजी गई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि सभी वीजा फर्जी पाए गए। पुलिस ने मामले में अभियुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त ने वादी और अन्य व्यक्तियों को झांसा देकर कूट रचित वीजा तैयार किए और वितरित किए। अभियुक्त के इस कार्य से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया, अभियुक्त के खिलाफ सख्त धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना के दौरान मिले सबूतों के आधार पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस टीम ने इस मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए साक्ष्य जुटाए हैं। इस घटना ने फर्जी वीजा से जुड़े एक बड़े घोटाले का खुलासा किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से जहां क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, वहीं ऐसे मामलों में शामिल लोगों को सख्त संदेश दिया गया है।

# संकल्पों का नया साल

यूं तो समय अनवरत रूप से अपनी गति से चलता है। लेकिन पर्व-त्योहार और खास दिन उसमें नई उमंग और उत्साह भर देते हैं। यूं तो हर नया साल पहले जैसा ही होता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस समय का कितना बेहतर रचनात्मक उपयोग करते हैं। अपने व परिवार का जीवन कितना ऊर्जावान व सकारात्मक बनाते हैं। दरअसल, कोई साल अच्छा-बुरा नहीं होता, उसके दौरान उत्पन्न होने वाली परिस्थितियां उसकी दशा-दिशा तय करती हैं। यह हमारे विवेक और सजगता पर निर्भर करता है कि हम कैसे विषम परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाते हैं। यह लंबी बहस का विषय रहा है कि एक जनवरी पश्चिमी देशों का नया साल है। यह भी कि उदास मौसम व रक्त जमाती सर्दी में नया साल मनाने का क्या औचित्य है? कहा जाता है कि भारतीय नववर्ष का आगमन उस समय होता है कि जब कुदरत मुस्करा रही होती। सर्दी की विदाई की वेला होती है और ग्रीष्म ऋतु दस्तक दे रही होती है। वृक्षों पर फल-फूल व खेतों में नयी फसल पकने की तैयारी हो रही होती है। लेकिन तसवीर का सकारात्मक पहलू यह है कि एक जनवरी का नववर्ष हमें कड़ाके की सर्दी और उदासी के मौसम में जीवंतता प्रदान करता है। लोग मौसम की तल्खी की परवाह किए बिना जमकर नये साल के उत्सवों में शिरकत करते हैं। जीवन की एकरसता को तोड़कर जीवंतता की ओर उन्मुख होते हैं। हो सकता है कि एक जनवरी को नया साल मनाने की शुरुआत के अन्य कारणों के साथ यह भी एक बड़ी वजह रही हो क्योंकि पश्चिमी देशों में भारी बर्फबारी सामान्य जनजीवन को जमा देती है। इसके बावजूद लोग नये साल के जश्न में घरों से बाहर निकलते हैं। मकसद यही रहा होगा कि सर्दी को नजरअंदाज करके जीवन में उत्सव व उल्लास का संचरण हो सके। निस्संदेह, पर्व हमें उल्लसित करते हैं। जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं। नई ऊर्जा व उत्साह का संचार करते हैं। यही पर्वों की सार्थकता भी है। निस्संदेह, भारत पर्व-त्योहारों का देश है। एक तरह से ये पर्व-त्योहार समाज में सेफ्टीवॉल का काम करते हैं। ऐसे समय में जब करोड़ों लोग मनोकायिक रोगों से जूझ रहे हैं, तो पर्व-त्योहार दवा का भी काम करते हैं। दरअसल, महानगरीय जीवन में व्यक्ति गंभीर रूप से आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। कालांतर वहां जीवन भी एकरसता में बदल जाता है। बिना सामाजिक सक्रिता के जीवन की जीवंतता संभव नहीं है। फिर नया साल हमें आत्ममंथन का एक अवसर भी देता है- बीते वर्ष के घटनाक्रम व उपलब्धियों का मूल्यांकन करने और असफलताओं से सबक सीखकर आने वाले वर्ष के लिये नीतियां बनाने के लिये। बहुत संभव है कि हम अपने संकल्पों की कसौटी पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते। लेकिन प्रयास किया जाना भी महत्वपूर्ण है। कुछ प्रतिशत तो हमारी कामयाबी होती है। लेकिन इसके बावजूद नये साल के जश्न में अराजक व्यवहार से हमें परहेज करना चाहिए। नशे का नासूर जिस तरह हमारे समाज में घातक असर दिखा रहा है, उससे बचने के उपक्रम तो किये ही जाने चाहिए। हमें शोभा नहीं देता है कि नये साल के जश्न में हम अराजक व्यवहार करके दूसरों के जीवन की शांति को भंग करें। अकसर नशे में तेज गति से दौड़ते वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। नये साल का जश्न मनाने तमाम लोग पहाड़ों की ओर कूच करते हैं। जगह-जगह से सड़कें जाम होने और होटलों के फुल होने की खबरें आती हैं। हमारी कोशिश हो कि इन पर्यटन स्थलों पर स्थानीय लोगों और पर्यावरणीय चिंताओं का भी ध्यान रखें। हमारा व्यवहार सभ्य और मर्यादाओं के अनुरूप ही हो। उत्सव हमें अराजक व्यवहार का लाइसेंस नहीं देते। हमारे उल्लास व उत्सव मनाने का अधिकार किसी के निजी अधिकारों के अतिक्रमण की आजादी भी नहीं देता। वास्तव में हमें नये साल में अपने व परिवार की खुशियों के साथ देश व समाज की खुशियों के लिये भी संकल्प लेना चाहिए। सवाल यह भी कि बीत रहे साल के आखिरी दिन देर रात तक हुड़दंग करने के बाद हम नये साल के पहले दिन अलसायी सुबह लेकर क्यों उठते हैं। हमारे नये साल का पहला दिन सूर्योदय के साथ ऊर्जावान होना चाहिए।

# मोदी युग : मानसिक स्वास्थ्य का क्रांतिकाल

शिवेश प्रताप



3 दिसंबर 2024 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए मोदी सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों के बारे में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया। एक ऐसा विषय जिसने मोदी सरकार के इस उत्कृष्ट प्रयास के बारे में बहुत जरूरी चर्चा को जन्म दिया है। मोदी युग ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित किया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल नीतियों में एकीकृत करने पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी सरकार से पहले, भारत में मानसिक स्वास्थ्य को काफी हद तक नजरअंदाज किया गया और मानसिक बीमारियों को लेकर लोगों में शर्म और भ्रान्ति थी। नरेन्द्र मोदी के शासन में मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में मान्यता देने की दिशा में बदलाव हुआ।

**मानसिक स्वास्थ्य और इसका महत्व:-** भारत में मानसिक स्वास्थ्य गलत समझा जाने वाला विषय बना हुआ था। लगभग 14% भारतीयों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता होने के बावजूद, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) में पाया गया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले लगभग 80% लोग सामाजिक कलंक, जागरूकता की कमी या देखभाल तक सीमित पहुँच के कारण मदद नहीं लेते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ मानसिक बीमारी का न होना नहीं है; इसमें भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल है, जो व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। एक स्वस्थ दिमाग उत्पादक जीवन, सामंजस्यपूर्ण समाज और संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार है। भारत जैसे देश के लिए जो 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की आकांक्षा रखता है, मानसिक स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। मानसिक स्वास्थ्य को राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे में एकीकृत करना अनिवार्य है।

**भारत का मानसिक स्वास्थ्य परिदृश्य:-** भारत एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, भारत की लगभग 7.5% आबादी मानसिक विकारों से पीड़ित है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) से पता चला है कि लगभग 15त्न भारतीय वयस्कों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता है, मानसिक स्वास्थ्य ख़राब है और इसके लिए पर्याप्त धन नहीं है। चौंकाने वाली बात यह है कि देश में प्रति 100,000 लोगों पर एक से भी कम मनोचिकित्सक हैं, जबकि WHO ने प्रति 100,000 पर तीन मनोचिकित्सक होने की सिफारिश की है। भारत में मानसिक विकारों के लिए उपचार का अंतर 70-92त्न के बीच है और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान का अनुमान 2012 और 2030 के बीच 1.03 ट्रिलियन डॉलर है (World Economic Forum)। ऐसे चौंकाने वाले आँकड़े मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए मजबूत नीतियों और बुनियादी ढाँचे की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

अमेरिका मानसिक स्वास्थ्य पर सालाना 238 बिलियन डॉलर से ज़्यादा खर्च करता है, जहाँ हर 100,000 लोगों पर लगभग 12 मनोचिकित्सक हैं। इसी तरह, यूरोप में मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली अच्छी तरह से विकसित है, जहाँ जर्मनी जैसे देश हर 10,000 लोगों पर 18 से ज़्यादा मनोरोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराते हैं। इस बीच, चीन में 2013 में अपने पहले मानसिक स्वास्थ्य कानून के बाद से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है।

**मानसिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम 2017 : एक महत्वपूर्ण मोड़ :-** मोदी के नेतृत्व में सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को संबोधित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। मानसिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम, 2017, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान पेश किया गया था, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने इसके निर्माण और परिचय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह अधिनियम भारतीय संसद द्वारा पारित किया गया था और मई 2018 में लागू हुआ।

अधिनियम का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि यह मानसिक बीमारी को मानवाधिकार के मुद्दे के रूप में मान्यता देता है, यह सुनिश्चित करता है कि मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले व्यक्तियों के साथ बहिष्कृत जैसा व्यवहार न किया जाए, बल्कि वे कानून के तहत देखभाल, उपचार और सुरक्षा के हकदार हों। अधिनियम में यह अनिवार्य किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ सभी के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, मानसिक स्वास्थ्य को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में एकीकृत करके और यह सुनिश्चित करके कि सेवाएँ सभी स्तरों पर उपलब्ध हों। यह आत्महत्या के अपराधीकरण पर भी जोर देता है और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति दयालु, पुनर्वास दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।

**आयुष्मान भारत के तहत व्यापक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ:-** आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को शामिल करना, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में जाना जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने 1.73 लाख से अधिक उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सफलतापूर्वक अपग्रेड किया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ जमीनी स्तर पर उपलब्ध हों। ये केंद्र अब मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करते हैं, जिसमें आउटपेशेंट परामर्श, मनो-सामाजिक हस्तक्षेप, मूल्यांकन, परामर्श, निरंतर देखभाल और आवश्यक दवाओं तक पहुँच शामिल है। यह दृष्टिकोण मानसिक बीमारियों का शीघ्र पता लगाना और उनका प्रबंधन सुनिश्चित करता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कलंक और बाधाओं को कम किया जा सकता है।

**जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम : स्थानीय स्तर पर कमियों को दूर करना:-** 767 जिलों में लागू जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (DMHP) ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHC) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC) तक सेवाओं का विस्तार करके भारत के मानसिक स्वास्थ्य ढांचे को काफी मजबूत किया गया है। यह देखभाल का एक मजबूत नेटवर्क प्रदान करता है, जिसमें आउट पेशेंट देखभाल, मनो-सामाजिक परामर्श, आउटरीच कार्यक्रम और एम्बुलेंस सेवाओं जैसी आवश्यक सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। यह व्यापक दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप वंचित और कमज़ोर आबादी तक पहुँचे, जिससे कल्याण के समग्र मॉडल को बढ़ावा मिले।

**राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम : डिजिटल क्रांति:-** 10 अक्टूबर, 2022 को लॉन्च किया गया, राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NTMHP) मानसिक स्वास्थ्य सेवा में एक डिजिटल छलांग का प्रतिनिधित्व करता है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में NTMHP के लिए क्रमशः 120.98 करोड़, 133.73 करोड़ और 90 करोड़ आवंटित किए हैं। देशभर में संचालित एक टोल-फ्री हेल्पलाइन (14416) के साथ, यह कार्यक्रम 20 भाषाओं में 24×7 टेली-परामर्श सेवाएँ प्रदान करता है, जिससे सभी के लिए पहुँच सुनिश्चित होती है। नवंबर 2024 तक, 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 53 टेली-मानस सेल स्थापित किए गए हैं, जो 15.95 लाख से अधिक कॉल संभालते हैं। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 पर लॉन्च किया गया टेली-मानस मोबाइल एप्लिकेशन मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**तृतीयक देखभाल और मानव संसाधन को मजबूत बनाना:-** तृतीयक मानसिक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के लिए सरकार ने 25 उत्कृष्टता केंद्रों को मंजूरी दी है और 19 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य विशेषताओं में 47 स्नातकोत्तर (पीजी) विभागों की स्थापना या वृद्धि का समर्थन किया है। प्रशिक्षित पेशेवरों की तीव्र आवश्यकता को पहचानते हुए, इसने एमडी (मनोचिकित्सा) पाठ्यक्रमों में प्रवेश को आसान बनाने के लिए स्नातकोत्तर आवश्यकताओं को संशोधित किया है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में अभ्यास करने के लिए मनोचिकित्सकों और विशेषज्ञों के लिए प्रोत्साहन पेश किए हैं और प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में डिजिटल अकादमियों की स्थापना की है। इन अकादमियों ने 2018 से 42,488 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित किया है, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी को दूर किया है और यह सुनिश्चित किया है कि गुणवत्तापूर्ण देखभाल कम सेवा वाले क्षेत्रों में भी सुलभ हो।

**कुशल कार्यबल के लिए मानसिक स्वास्थ्य:-** ग्लोबल इंश्योरेंस ब्रोकर्स द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 46% भारतीय फर्मों का मानना है कि उन्हें अपने कर्मचारियों के लिए बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता है। यह मान्यता बढ़ते अस्पताल बिलों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है, जो राजस्व वृद्धि और वेतन वृद्धि से कहीं ज़्यादा है, जिससे व्यवसायों के लिए वित्तीय चुनौतियाँ बढ़ गई हैं। आगे के शोध से पता चलता है कि भारत में कार्यस्थल पर तनाव अक्सर लंबे समय तक काम करने, खराब कार्य-जीवन संतुलन और सामाजिक और पेशेवर अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अत्यधिक आत्म-लगाए गए दबाव से प्रेरित होता है। मोदी सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली नीतियों के माध्यम से कार्यस्थलों में मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए, 2017 का मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा को अनिवार्य बनाता है, जिससे नियोक्ताओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले व्यक्तियों के साथ भेदभाव करना अवैध हो जाता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसी पहलों की शुरूआत और सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में मानसिक स्वास्थ्य को एकीकृत करना विभिन्न क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सहायता में सुधार के लिए व्यापक प्रतिबद्धता का संकेत देता है।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति मोदी सरकार का बहुआयामी दृष्टिकोण एक स्वस्थ और अधिक उत्पादक भारत के लिए मजबूत नींव रख रहा है। प्रमुख परिणामों में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और टेली-मानस के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक बेहतर पहुंच, कलंक को कम करने और प्रारंभिक हस्तक्षेप को बढ़ाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में मानसिक स्वास्थ्य को एकीकृत करना और उपचार की कमी को पाटने के लिए कुशल मानसिक स्वास्थ्य कार्यबल का विकास शामिल है। हालांकि, मानसिक बीमारियों के लिए महत्वपूर्ण उपचार अंतर और सामाजिक कलंक जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं, जो कई लोगों को मदद लेने से रोकती हैं। इनसे निपटने के लिए, सरकार को पहल का विस्तार करना, जागरूकता अभियान बढ़ाना और अधिक समावेशी मानसिक स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना जारी रखना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## विचार

# बांग्लादेशियों की 'सरकार' को चुनौती देश के लिये बड़ा खतरा



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एशिया की सबसे बड़ी इंदिरानगर कालोनी के मानस इंक्लेव में 29 दिसंबर को को एक खतरनाक नजारा देखने को मिला,जो भविष्य के लिये बड़ा संकेत समझा जाये तो इसमें कुछ गलत नहीं होगा। घटनाक्रम कुछ इस तरह से था कि यहां ठेला जब्त करने गई नगर निगम की टीम पर स्थानीय लोगों ने लाठी-डंडो से हमला बोल दिया। करीब दो सौ की संख्या में एकजुट भीड़ ने लाठी डंडा लेकर नगर निगम के कर्मियों को दौड़ा लिया और कूड़ा प्रबंधन का काम देख रही मेसर्स लखनऊ स्वच्छता अभियान की महिला कर्मी मीनाक्षी की न केवल पिटाई की उसके कपड़े तक फाड़ दिये। इसके अलावा एक अन्य सफाई निरीक्षक विजेता द्विवेदी के साथ भी मारपीट की और उनकी कार पर जानलेवा हमला कर किया। इतना ही नहीं उतेजित भीड़ ने अन्य निगम कर्मियों को पीटने के साथ ही इनका मोबाइल और पर्स भी छीन लिया गया। यह सब करीब एक घंटे तक चलता रहा।यह सब इंदिरा नगर थाने के बगल में बसी बस्ती में हो रहा था। वैसे तो पूरे घटनाक्रम में कोई बहुत खास बात नजर नहीं आती है,क्योंकि अक्सर अतिक्रमण का विरोध करने वाले हमलावर हो जाते हैं,लेकिन यह हमलावर आम हिन्दुस्तानी नहीं थे,बल्कि यह बांग्लादेशी युवक थे,जो अवैध तरीके से सीमा पार करके यहां आकर बस गये थे और जिन्हें कुछ राजनैतिक दलों का समर्थन मिला हुआ था। अवैध तरीके से बसे बाग्लादेशियों को जब हटाया जाने लगा तो यह चिल्लाने लगे कि यह जमीन चांद बाबू की है जो हर झोपड़ी से पांच सौ रूपये किराया लेता है। आश्चर्य तो यह था कि इनको बिजली के कनेक्शन भी बड़ी आसानी से मिल गये थे।

लखनऊ में अवैध रूप से बसे बांग्लादेशियों को कई बार आपराधिक वारदात में पकड़ा जाता रहा है,लेकिन इतनी बड़ी तादात में एकत्र होकर किसी सरकारी महकमें के कर्मचारियों से इनती बुरी तरह से मारपीट का एक पहला मामला होगा, जो इस बात का भी संकेत है कि समय रहते सरकार नहीं चेती तो यह समस्या दिन पर दिन गंभीर होती जायेगी। बता दें पश्चिम बंगाल के रास्ते घुसपैठ करके आने वाले बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों के लिए यूपी मुफीद ठिकाना है।

साल दर साल यूपी में इनकी तादाद बढ़ती जा रही है। पांच वर्ष पूर्व पुलिस ने प्रदेश में अवैध रूप से निवास कर रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को चिन्हित करने के लिए सर्वे किया था। तब पुलिस ने अनुमान जताया था कि प्रदेश में 12 लाख से ज्यादा बांग्लादेशी और करीब 3 हजार रोहिंग्या नागरिक अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया था कि केवल लखनऊ में ही करीब एक लाख बांग्लादेशी नागरिकों ने अपना ठिकाना बना लिया है।

हालांकि सर्वे के बाद भी इन बंग्लादेशियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। अधिकतर मामलों में पाया गया कि स्थानीय नेताओं ने ही उनके भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र जैसे जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाने में मदद की थी। इनमें से अधिकतर ने असम के निवासी होने का दावा किया था, जिसकी पड़ताल के लिए पुलिस की टीमें भेजी गई थीं।वर्ष 20213 में एडीजी कानून-व्यवस्था रहे प्रशांत कुमार के निर्देश पर रोहिंग्या नागरिकों की धरपकड़ के लिए कई जिलों में अभियान चलाया जरूर गया था,लेकिन यह किसी अंजाम पर नहीं पहुंच सका था।

यहां बंग्लादेशियों के रायबरेली के सलोन से जुड़ी एक घटना का भी जिक्र जरूरी है। कुछ माह पूर्व इस घटना का खुलासा हुआ था । यहां करीब 20 हजार फर्जी जन्म प्रमाणपत्रों की कड़ियां बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों से जुड़ी थी। जांच में यह बात सामने आई थी कि यहां से घुसपैठियों को भारतीय नागरिकता दिलाने का षड्यंत्र चल रहा था। इसके बदले जन सेवा केंद्र (सीएससी) संचालक जीशान खान, सुहेल और रियाज मोटी कमाई कर रहे थे। इसी महीने कर्नाटक पुलिस ने पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एक संदिग्ध को दबोचा था। उसका जन्म प्रमाणपत्र भी यहीं से बना था। जांच के लिए टीम रायबरेली पहुंची तो धीरे-धीरे पूरा मामला खुलने लगा। पुलिस व प्रशासनिक सूत्रों के तब बताया था कि सलोन से सर्वाधिक अल्पसंख्यकों के ही फर्जी प्रमाणपत्र बनाए गए हैं। इनमें 2023 में मुंबई में पकड़े गए चार बांग्लादेशियों के नाम भी शामिल हैं। इससे पहले जम्मू में भी पकड़े गए कुछ रोहिंग्या के पास यहां बने जन्म प्रमाणपत्र मिले थे।

बहरहाल, लखनऊ के इंदिरागनर में बांग्लादेशियों की गुंडागर्दी के बाद नगर निगम के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच गई और पुलिस व पीएसी को बुला लिया। कई की मौके से पकड़ा गया। महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक ओपी श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे गए। इसके बाद निजी जमीन पर बसी बस्ती पर को जेसीबी की मदद से उजाड़ दिया गया। कई के खिलाफ इंदिरानगर थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।देखना यह होगा कि आगे सरकार क्या कदम उठाती है। क्योंकि एक तरह से नगर निगम कर्मियों पर हमला करके बांग्लादेशियों ने सरकार को ही चुनौती दे दी है।संभवता इनके मन में खाकी और खादी दोनों का खौफ नहीं रह गया है।

साहित्य



## अस्तित्व

अनुपमा श्रीवास्तव 'अनुश्री'



मेरी ही ज़मी, मेरा आकाश
हर दिन सूर्य, मुझ में उगता है,
सुनहरी किरण बिखेर,
मुझ में डूबता है
पंछियों के करतब- कलरव,
मुझ में ही बसते हैं,
कोलाहल करते हैं।

यह हिमशिखर अटल,
कभी मुझ में जमे,
कभी पिघले रहते हैं,
अक़्सर कहते हैं,
वह पल भी नहीं ठहरा,
नहीं ठहरेगा यह भी पल।

प्रकृतिस्थ होती हूं,
जब प्रकृति के बीच,
यह मुझ में गुनगुनाती,
गीत गाती है
मुझ में ही सकल,
खिल जाती है,
नव सृजन की,
गाथाएं रच जाती है।

मानवता के दुख,
मुझ में रिसते हैं
ख़ुशियाँ भी यहीं,
रक़्स करती हैं,
अनुभूतियों की,
कलम थामे
मेरी नित् नव्य रचना,
सुख- दुख को यहीं,
परिभाषित करती है।

पूर्णत्व से प्रगट,
पूर्णत्व में समाहित,
सृष्टि के पुरातन,
नव रूपों से झांकता,
मेरा अभिन्न अस्तित्व,
कहीं भी अधूरा- अपूर्ण नहीं।



# राशिफल

**मेषः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः-** किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# राजस्थान में कई जिलों की समाप्ति के निर्णय का होगा दूरगामी लाभ

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

राजनीतिक लाभ-हानि से जुड़े निर्णयों को बदलना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए जोखिम से कम नहीं होता। इस तरह के निर्णय में सरकारों को काफी संकोच करना पड़ता है क्योंकि किसी भी निर्णय को बदलते समय राजनीतिक गुणा-भाग देखा जाता है। यही कारण है कि कई निर्णय ऐसे होते हैं जिनके लाख चाहने और प्रशासनिक दृष्टि से सही नहीं होने पर भी सरकारें ढोए जाती हैं। इस मायने में राजस्थान की सरकार की सराहना करनी पड़ेगी कि राजनीतिक दृष्टि से निर्णय लेना मुश्किल व जोखिम भरा होने के बावजूद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व सरकार के समय के जिले बनाने के निर्णय का परीक्षण कर 9 जिले और 3 संभाग समाप्त करने का निर्णय लेने में हिचकिचाहट नहीं दिखाई। अब प्रदेश में 41 जिले और 7 संभाग रह गए हैं। दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, नीम का थाना, अनूपगढ़, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण और सांचौर जिला और बांसवाड़ा, सीकर और पाली संभाग को समाप्त करने का निर्णय ले लिया।

निश्चित रूप से शुरुआत में इसका विरोध होगा, राजनीति से जुड़े लोगों द्वारा हवा दी जाएगी पर जब कोई दूरगामी जनहित का निर्णय लिया जाता है तो देर-सबेर जनता उसे स्वीकार भी कर लेती है। राज्य सरकार द्वारा यही निर्णय नई सरकार बनते ही लिया जाता तो उसके मायने कुछ अलग होते और उस पर राजनीतिक द्वेष का ठप्पा लगता वह अलग। आज भले विपक्ष द्वारा इस निर्णय पर प्रश्न उठाये जा रहे हों पर सही मायने में देखा जाए तो यह पूरी तरह से प्रशासनिक निर्णय है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व सरकार के नए जिले बनाने के निर्णय का परीक्षण करने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व वरिष्ठ प्रषासनिक अधिकारी डॉ. ललित पंवार की अध्यक्षता में समिति गठित कर परीक्षण करवाया और फिर राजनीतिक स्तर पर मंत्रिमण्डलीय समिति बनाकर सभी पक्षों का अध्ययन कर रिपोर्ट आने पर मंत्रिमण्डल की बैठक में मोहर लगाई गई।

इसी वजह से एक बात साफ हो जानी चाहिए कि यह निर्णय किसी भी मायने में जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए ना होकर पूरी तरह से प्रशासनिक दक्षता के लिए लिया गया है। हालांकि पूर्व सरकार ने नए जिले बनाने के लिए भले प्रशासनिक कमेटी बनाकर रिपोर्ट प्राप्त कर नए जिले बनाने का निर्णय किया पर यह साफ हो जाना चाहिए कि चुनाव नजदीक होने के कारण पूर्व सरकार द्वारा नए जिले बनाने के निर्णय को आमलोगों ने पूरी तरह से राजनीतिक निर्णय के रुप में ही देखा गया।

भजनलाल शर्मा ने पूर्व सरकार द्वारा गठित नए जिलों के गठन का प्रशासनिक दृष्टि से परीक्षण करवाया। इसमें दो राय नहीं कि शुरुआत में इन जिलों और संभागों को समाप्त करने के निर्णय का विरोध हो रहा है पर यह इसलिए अधिक असर नहीं दिखा पाएगा कि आम नागरिक अच्छी तरह से समझता है कि अधिक और छोटे जिले बनने से सरकारी खर्चे बढ़ने के अलावा खास प्राप्त होने वाला नहीं है। नए जिलों के लिए शुरुआती दौर में ही एक जिले के लिए कम से कम एक हजार करोड़ की व्यवस्था करनी होगी। जिला कलक्टर और जिला पुलिस एसपी के दफ्तर तो तत्काल शुरू करने के साथ ही अन्य विभागों के भी दफ्तर जिला स्तर पर खोलने से ही वास्तविक लाभ प्राप्त हो सकता है। अब इसे यों देखा जाए कि इस सबके लिए कितना बड़ा प्रशासनिक अमला तैयार करना होगा, कितनी अधिक आधारभूत सुविधाएं विकसित करनी होगी। सरकारी ऑफिस, सरकारी बंगले और ना जाने कितने ही कार्यों के लिए स्थान और आधारभूत संरचना विकसित करने के साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों की नियुक्ति करनी होगी। इसके साथ ही अन्य सुविधाएं और अन्य सेवाएं अलग होगी।

हमारे सामने पुराने उदाहरण है जब राजसमंद, प्रतापमढ़, दौसा जिले बनाए गए और करौली व प्रतापगढ़ जिले का गठन किया गया। अब सबके सामने है कि इन जिलों को सही मायने में जिलों का आकार लेने में कितना समय लगा। आज भी कई स्थानों पर फिजिबल नहीं होने के कारण जिला सहकारी बैंक नहीं खुल पाएं है तो कई अन्य सरकारी दफ्तर शुरू नहीं हो पाये हैं। दरअसल जन हितकारी सरकार की पहचान लोकहित में दूरगामी परिणामों को देखते हुए निर्णय लेना होता है।

लोकतंत्र में बहुत से निर्णय राजनीतिक प्रतिबद्धता के कारण न चाहते हुए भी लेने होते हैं तो कई बार ऐसा भी लगता है कि ऐन केन प्रकारेण सत्ता में बने रहने के लिए इस तरह के निर्णय ले लिए जाते हैं। प्रशासनिक दक्षता और लोकहितकारी सरकार की पहचान जनहित में कड़वे निर्णय लेने में भी संकोच नहीं करना होता है। सरकार की संवेदनशीलता और प्रशासनिक दक्षता का भी इसी से पता चलता है। खासतौर से राजनीतिक लाभ-हानि से लिए गए निर्णय से अधिक भला नहीं हो पाता है। सरकार की प्रशासनिक और लोकहितकारी होने का इसी से पता चलता है कि वह जनहित में जोखिम भरे निर्णय लेने में भी संकोच न करें। लोकतंत्र में जनता और जनता का हित बड़ी बात होनी चाहिए क्योंकि सरकार द्वारा निर्णयों का असर दूर तक जाता है। कड़वे निर्णय यदि लोकहित में होते हैं तो जनता ऐसे निर्णयों को हाथोंहाथ लेती है। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार बनने के पहले साल में ही बड़े निर्णय कर सबको चौंका दिया। राजनीतिक लाभ-हानि से परे हटकर मुख्यमंत्री ने 9 जिले और 3 संभाग समाप्त करने का निर्णय व्यापक जनहित में ही देखा जाना चाहिए।

आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि सरकार को अपने प्रशासनिक खर्चों को एक सीमा तक रखना चाहिए। सबकुछ जानते हुए भी होता इसके विपरीत ही है। सरकार राजस्व का अधिकांश खर्चा अपने प्रशासनिक दायित्वों, वेतन-सुविधाओं में ही खर्च कर देती है। वहीं, नए जिले और संभाग बनने से प्रशासनिक खर्च बढ़ना स्वाभाविक है। दूसरी बात यह है कि नए जिले या संभाग बनाने के स्थान पर सरकारों को प्रशासनिक सेवाओं में सुधार और डिलीवरी सिस्टम को मजबूत बनाने पर जोर देना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजनीतिक जोखिम लेते हुए प्रशासनिक दृष्टि से सराहनीय निर्णय किया है। इससे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी सरकार ने प्रशासनिक दृष्टि से परिपक्वता का परिचय दिया है। हो सकता है कि निर्णय को लेकर विरोध देखने को मिले पर विरोध के खिलाफ भी सरकार को सख्ती दिखानी होगी इससे आमजन में सरकार और सरकार द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को सराहा ही जाएगा। सरकारों को राजनीतिक लाभ-हानि के साथ व्यापक जनहित को भी ध्यान देना चाहिए और निर्णय लेने में किसी तरह का संकोच नहीं करना चाहिये। आज लोग निर्णय लेने वाली सरकार को पसंद करते हैं न कि निर्णयों को टालने वाली सरकार को। इस मायने से भजनलाल शर्मा के एक साल के कार्यकाल का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए क्योंकि यह सरकार निर्णयों की सरकार बन गई है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# शोहदे से परेशान छात्रा ने सुसाइड नोट लिख जहर खाकर दी जान

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

▸ चरखारी कोतवाली क्षेत्र के कनेरा गांव की है घटना



महोबा जिले में कोतवाली चरखारी के कनेरा गांव में शोहदे से परेशान छात्रा ने जहर खाकर जान दे दी। आरोपी दूर का रिश्तेदार बताया जा रहा है। आत्महत्या से पहले छात्रा ने सुसाइड नोट लिखा। जिसमें लिखा मेरी मौत का जिम्मेदार संदीप है, ये बचना नहीं चाहिए। पुलिस ने सुसाइड नोट कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

घटना जिले के चरखारी कोतवाली क्षेत्र के कनेरा गांव की है। जहां अरविंद सिंह परिहार की 18 वर्षीय बेटी मुस्कान ने सल्फास जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका के पिता अरविंद सिंह परिहार ने बताया कि उनकी बेटी जीजीआईसी में कक्षा 11 की छात्रा थी, जिसे संदीप नाम का युवक पिछले एक साल से फोन करके परेशान कर रहा था और आते-जाते छात्रा से छेड़छाड़ करता था।

आरोप है कि संदीप अक्सर उसे फोन पर परेशान करता था और शादी के लिए जबरदस्ती दबाव बनाता था और कॉलेज जाते समय उसका रास्ता रोककर छेड़छाड़ करता था, जिसकी शिकायत उसने अपने पिता और परिजनों से की थी, जिस पर सभी ने युवक को कई बार समझाया भी, लेकिन युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। बदमाश की हरकतें छात्रा को मंजूर नहीं थीं, इतना ही नहीं पिछले कई दिनों से वह बार-बार फोन पर शादी के लिए दबाव बना रहा था और उसके न मानने पर धमकी देने लगा कि वह उसकी शादी नहीं होने देगा। इससे आहत होकर परेशान छात्रा ने मौत का रास्ता चुन लिया। उसने घर पर ही सल्फास जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

परिजन उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। छात्रा मुस्कान की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। छात्रा द्वारा मौत से पहले लिखा गया सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने लिखा है कि मेरी मौत का जिम्मेदार संदीप है। जिसकी वजह से मैं मर रही हूं। उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए। छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। बरामद सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। छात्रा की मौत से परिवार में मातम पसरा है।

वहीं, इस मामले को लेकर सीओ हर्षिता गंगवार ने बताया कि चरखारी कोतवाली क्षेत्र के कनेरा गांव से सूचना मिली थी कि एक युवती ने अपनी ही जाति के दूर के रिश्तेदार पर आरोप लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## मजदूर को ट्रक दस मीटर घसीटते ले गया, दर्दनाक मौत

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** पनवाड़ी मार्ग स्थित सैदपुर गांव के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक ने मजदूर को रौंद दिया। ट्रक मजदूर को दस मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूर को जेसीबी मशीन से बाहर निकलवाया। 108 एंबुलेंस कर्मियों से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कस्बे के कोट बाजार मोहल्ला निवासी सगीर अंसारी ने बताया कि उसका भाई 45 वर्षीय वकील अहमद उर्फ गुड्डू अंसारी गाड़ियों में ग्रीस करने का काम करता था। बुधवार की सुबह वह काम करने के लिए घर से निकला था। सुबह पनवाड़ी मार्ग स्थित सैदपुर गांव के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक ने उसके भाई को रौंद दिया। ट्रक भाई को दस मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। जिससे उसके दोनों पैर अलग हो गए थे। बताया कि उसका भाई ट्रक में डेढ़ घंटे तक फंसा रहा। पुलिस कर्मियों व राहगीरों ने जेसीबी मशीन से बाहर निकाला और सीएचसी ले गए। जहां उसके भाई की मौत हो गई।

# पानी छोड़ते ही नहर हुई ध्वस्त, फिर से मरम्मत कार्य शुरू, अभियंताओं के उड़े होश

▸ अर्जुन सहायक परियोजना किसानों के लिये केवल निराशा साबित हुई, प्रधानमंत्री ने तीन साल पहले परियोजना का किया था उद्घाटन, शासन की डाट-फटकार का अभियंताओं पर कोई असर नहीं

**विनोद शुक्ला**



**हमीरपुर।** हमीरपुर व महोवा जिले के लिये बरदान साबित होने वाली अर्जुन सहायक परियोजना से निकली नहर बरदान के बजाय किसानों के लिये केवल एक निराशा बन कर रह गयी है, तीन साल पहले चालू होने वाली नहर का संचालन तो दूर अभियंताओं ने उसकी मरम्मत कराने का काम शुरु कर दिया है। क्योकि नहर में पानी आने के तुरंत बाद कई स्थान पर नहर टूट कर विखर गयी थी। जिससे अभियंताओं के होश उड़ गये है।

जानकारी के मुताबिक करो़डो रुपये की लागत से बनायी गयी अर्जुन सहायक परियोजना अभियंताओं के भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गयी है, तीन साल पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महोबा आकर इस परियोजना का उद्घाटन किया था जिसमें नहर को टेल तक पानी जाना कागजों में दिखाया गया था जबकि उस समय हमीरपुर जिले में नहर खुदने के नाम पर महज खानापूरी की गयी थी। यही नहीं परियोजना से निकाली गयी नहर से 53 किलोमीटर एरिया में सिचाई होनी है, जिसमें पच्चीस किलोमीटर मौदहा व राठ क्षेत्र में सिचाई होनी है। एक साल तक महोबा के नोडल अधिकारी यह कहते रहे कि मौदहा के पास ट्रेन का अंडर पास नहीं बन पाया था इसलिये नहर में पानी छोड़ा नहीं जा सकता है। अंडर पास बनने के बाद जैसे ही पानी छोड़ा गया था वैसे ही नहर के गुणवत्ता की पोल खुलकर सामने आ गयी और नहर सैकड़ों जगह से टूट गयी। यह देखकर इंजीनियरों के होश उड़ गये और नहर की मरम्मत कराना फिर से शुरु कर दिया है। बताया जाता है कि किसान तीन साल से नहर संचालन की उम्मीद लगाये बैठे हुये है, मगर उन्हे हर साल निराशा हाथ लगती है। इस मामले में विशेष सचिव सिंचाई हीरालाल ने दो मर्तबा हमीरपुर व महोबा आकर अभियंताओं के पेंच कसे हैं। मगर उनकी नाराजगी का कोई असर नहीं हो रहा है। जब कि मौदहा डैम हमीरपुर के एक्शियन करन पाल सिंह इसके डीडी नामित किये गये है, जैसे ही महोबा व हमीरपुर के अभियंताओं से अर्जुन सहायक परियोजना के बारे में जानकारी की जाती है तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर हो जाता है। इस मामले में यदि बारीकी से जांच करा ली जाये तो चौकाने वाले तथ्य सामने आयेंगे। मरम्मत कार्य के लिए बजट मांगा है या नहीं कोई बताने वाला नहीं है।

### शासन स्तर पर कुलावा नाली बनाने की पहल शुरू

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में पच्चीस किलोमीटर दूरी तक सिचाई क्षेत्र होने से शासन स्तर पर कुलावा नाली बनाने की पहल शुरु कर दी गयी थी। मगर नहर का निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण शासन स्तर पर कुलावा नाली के टेंडर लटके हुये है जिससे किसानों में रोष देखा जा रहा है, हमीरपुर के मौदाहा क्षेत्र के किसानों का कहना है कि नहर का संचालन होने के बाद ही कुलावे व नहर का कार्य पूरा हो पायेगा। क्योकि नहर का लेविल क्या है उसी के अनुसार कुलावे व नालिया बनायी जायेगी। बहरहाल यह मामला शासन स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

# एक सप्ताह बाद अधिवक्ता करेंगे आमरण अनशन की शुरुआत

▸ तेरहवें दिन क्रमिक अनशन जारी, तीन तारीख को वकील न्याय के लिये मांगेंगे कटोरा लेकर भीख

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**




नगर के तहसील प्रशासन पर कानून को ताख पर रख अपनी मनमानी करने वाले राजस्व कर्मियों के खिलाफ अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन 13वें दिन लगातार जारी रहा इस मौके पर अधिवक्ता संघ ने उप जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को विज्ञापन भेज अपनी समस्याओं का निस्तारण न होने पर 8 तारीख से आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। तहसील मौदहा के अधिवक्ता संघ ने 20 तारीख से क्रमिक अनशन शुरू किया था। क्रमिक अनशन के तेरह दिन बीत जाने के बावजूद किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं की मांगों को पूरा करने की बात तो दूर कोई उनके उनकी सुधि लेने तक नहीं पहुंचा है जिससे अधिवक्ताओं में अच्छा खासा आक्रोश व्याप्त है। अनशनकारियों का कहना है कि वह तीन दिसंबर को न्याय के लिए कटोरा लेकर भीख मांगने को निकलेंगे उसमें जो भी राशि एकत्रित होगी वह मुख्यमंत्री कोष में जमा की जाएगी। क्रमिक अनशन के 13वें दिन पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने अनशन स्थल पर पहुंच अनशनकारी अधिवक्ताओं की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है वहीं अनशनकारी अधिवक्ता जय हिंद सिंह ज्ञानचंद द्विवेदी रविकांत दुष्यंत व रिजवान भाई कहना है कि यदि 7 दिसंबर तक उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता है तो उनका यह क्रमिक अनशन आठ दिसंबर से आमरण अनशन में बदल जाएगा। इस संबंध में उन्होंने उप जिला अधिकारी मौदहा के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेज भेजा है।

# दंगल में रामदयाल परासन ने कल्लू उन्नाव को चटायी धूल, कई प्रांतों के पहलवानों ने लिया भाग

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के हरसुंडी गांव में चल रहे वार्षिक मेले में बुधवार को दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। जिसमे दो दर्जन से अधिक कुश्ती सपन्न हुई। दंगल में पहलवानों ने अपने दांव पेच का दमखम दिखाया। दंगल में भाजपा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जीतू राजपूत ने पहलवानों का परिचय कराकर कुश्ती शुरू कराई। जिसमें पहली कुश्ती में रामदयाल परासन ने उन्नाव के कल्लू को चित कर दिया। इसी तरह राजू मसगांव ने उपेंद्र गोरखपुर को पल भर में अखाड़े की धूल चटा दी। खैमराज झाँसी ने अपने प्रतिद्वंदी उमाशंकर बड़ागांव को पटखनी दी। प्रीतम लिंगा व नौसाद बनारस के बीच कुश्ती बराबर रही। दंगल में हिस्सा लेने के लिए राजस्थान पंजाब दिल्ली हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों के पहलवान पहुंचे थे। दंगल में रेफरी की भूमिका करन आर्य और प्रकाश राजपूत ने निभाई। संचालन डॉ देवपाल राजपूत ने किया। वहीं निर्णायक मंडली मे राघवदास यादव कदौराए धर्मपाल लोधी रहे। इस मौके पर ग्राम प्रधान जसीराम अहिरवार, लालदिवान प्रधान रिरुवा, हरिश्चन्द्र लोधी, रामकुमार, हरिराम, राजू, फ़ौजी, सुदर्शन, परमेश्वरी, कोटेदार राजू राजपूत, घसीटा, ईश्वरदास, कमलू अहिरवार, भरत कुमार अनुरागी आदि मौजूद रहे।

## कुल्हाड़ी से मार-पीट कर घायल कर दिया

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली के नौहाई गांव निवासी हरी सिंह पुत्र दमरुआ अहिरवार ने बताया कि 29 दिसंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे रास्ते के मामले को लेकर श्यामल अहिरवार उसके पुत्र सुनील, अर्जुन घर के दरवाजे पर गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली गलौज का विरोध किया तो पिता पुत्रों ने माराण्पीटा। आवाज सुनकर जब उसकी बहू सुमन बचाने आई तो सुनील ने कुल्हाड़ी की बट से माराण्पीटा। मारपीट से उसके सिर व हाथ में चोटें आई हैं। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सपा ने भाजपा को सत्ता से बाहर करने का किया आह्वान, पीडीए ने नया साल धूमधाम से मनाया

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड के गुरदहा गाँव में जन सेवा समिति की द्वितीय वर्ष गांठ के शुभ अवसर पर पीडीए के तहत समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने नव वर्ष 2025को धूम धाम से मनाया गया।इस अवसर पर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह पूर्व मंत्री रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इदरीश खान ने की। संबोधन में जिला अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम वार बूथ वार से मजबूती के साथ खड़े रहना है जिस प्रकार से आपने पीडीए के तहत लोक सभा 2024 में अपने सारे बूथ से सपा को विजय दिलायेंगे। सांसद प्रतिनिध पूर्व चेयरमैंन माया बाल्मीकि ने ग्रामीणों को उनकी मूल जरूरत को पूरा करने का आश्वासन दिया। ओम प्रकाश सोनकर प्रदेश सचिव ने कहा कि केंदीय मंत्री अमित शाह द्वारा देश की सबसे बड़ी पंचायत में डॉ. भीम राव अम्बेडकर का अपमान पीडीए के लोग कभी नहीं भूलेंगे आने वाले समय में इनको वोट की चोट से सत्ता से बाहर दिखाने का काम किया जायेगा। घनश्याम साहू प्रदेश सचिव वर्षा नाम देव नगर अध्यक्ष कुरारा सर्फुद्दीन वरिष्ठ सपा नेता प्रदीप यादव, प्रधान प्रभात यादव, प्रधान राकेश खागर, बूथ अध्यक्ष बाबू सिंह, समिति अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव, सचिव श्रीचंद्र यादव, संतोष साहू, पूर्व प्रधान व सैकड़ों लोग एंव महिलाएं उपस्थित रहीं।

# हाड़कपाऊ ठंड से दुधमुहें बच्चे की मौत, कई घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सर्दी के सितम में क्षेत्र की अलगण्अलग घटनाओं में एक दुधमुहे की मौत हो गई तीन अन्य घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया एक महिला सहित दूधमुंहे बच्चे की प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

इंगोहटा निवासी अजय दो माह का पुत्र गोरेलाल ठंड लग जाने पर पिता कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर से परिजन दहाड़ करने लगे वही बरभौली निवासी आशु डेढ़ माह पुत्र पवन कुमार सर्दी की चपेट में आ जाने पर गंभीर अवस्था में पिता कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर आए प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। तीसरी घटना कस्बा निवासी जानकी 60 वर्ष पत्नी वरदानी बीती रात ठंड लग जाने से महिला की बहू अलका अपने पुत्रों के साथ कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चौथी घटना मानता 50 वर्ष पत्नी श्यामू कस्बा निवासी अज्ञात कारणो से जहरीला पदार्थ खा लेने पर परिजन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र महोबा का प्रतिनिधिमडल डीएम से मिला

▸ जनपद के कर्मचारियों की तरफ से नव वर्ष की शुभकामनाएं दी
▸ डीएम ने भी जनपद के कर्मचारियों के मंगल की कामना की

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के प्रतिनिधि मंडल ने आज नव वर्ष के उपलक्ष में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक के नेतृत्व में जनपद महोबा के माननीय जिलाधिकारी मृदुल चौधरी जी से जिलाधिकारी कार्यालय महोबा में मुलाकात कर उनको नववर्ष की शुभकामनाएं दिया।

प्रतिनिधिमडल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक, जिला संरक्षक धनेश कुमार, जिला महामंत्री ननकावन तिवारी, रामसेवक, रामपाल, दिनेश, दुर्गा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष शकील कुरैशी, जिला संयुक्त मंत्री लालदिमान कुशवाहा, आशा संघ की जिला अध्यक्ष आशा शुक्ला, तेजीराम, अशोक कुमार, मुकेश बाबू , अनवर, राजकुमार, रामकुमार, बृजेश कुमार, राजेश कुमार, आशाराम, दिनेश कुमार शामिल थे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने जिलाधिकारी महोदय महोबा को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा द्वारा जारी किया गया वर्ष 2025 का नया कलैंडर भी भेंट किया। हेमंत कुमार पाठक ने अवगत कराया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के प्रतिनिधि मंडल ने माननीय अपर जिलाधिकारी महोबा एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला पंचायती राज अधिकारी महोबा से भी मुलाकात कर उनको नव वर्ष की बधाई दिया।

### शोभिटाल कप के आखिरी लीग मैच में घाटमपुर को कानपुर नाइट ने दो विकेट हराया



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** शोभाटाल कप क्रिकेट मैच के आखिरी लीग मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी 20 ओवर में सात विकेट खोकर 198 रन बनाएं जिसमें करणपाल और जीतू तिवारी 32 – 32 रन, माही कटियार 18 और राघव अवस्थी ने 26 रन बनाए। कानपुर नाइट की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रिशु वर्मा और मनीष यादव ने दो–दो विकेट आर्येष ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर नाइट से 20 ओवर में आठ विकेट खो कर 199 रन बनाएं जिसमें आर्येश ने 57 रन हेमंत ने 55 रन और रोहित कुमार ने 31 रन बनाएं। घाटमपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रितिक सोनकर 2 विकेट,जीतू तिवारी, करणपाल और शौर्य ने एक–एक विकेट लिया। आज के मुख्य अतिथि दीपक सक्सेना, शिवशंकर निरंजन,डॉ. योगेंद्र सचान और रोहित सिंह एडी रहे।

# लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता देवदत्त त्रिपाठी का विदाई समारोह संपन्न

▸ नरेश पाठक ठेकेदार के द्वारा अपने सहयोगियों के साथ किया माला पहनाकर सम्मान

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद महोबा में लगभग तीन दशक से अवर अभियंता के पद पर तैनात रहे देवदत्त त्रिपाठी जिन्होंने अपनी सेवाएं जनपद महोबा के सभी विकासखंडों में प्रदान की।

इनका अपने उत्तरदायित्व व कार्य के प्रति समर्पण भाव व अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर काम करवाने की कार्य कुशलता व निर्माण कार्यों में पारखी नजर रख उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने के लिए सदैव याद किए जाएंगे । इनका स्थानांतरण इनके गृह जनपद प्रयागराज में होने पर एक तरफ इन्हें खुशी का एहसास था वही जनपद में अपने जीवन काल के लगभग 28 वर्ष गुजार कर स्थानीय लोगों के साथ पारिवारिक संबंध स्थापित होने के कारण जाने का मलाल भी रहेगा।

विदाई समारोह के अवसर पर निवर्तमान सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि इनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। इनके कार्य करने की शैली की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है इनकी निगरानी में जो भी कार्य कराये गए वह गुणवत्तापूर्ण रहे इसी क्रम में प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा ने इनके कार्यकाल के बारे में बताते हुए कहा कि इनके द्वारा जनपद में ऐसे कई कार्य करवाए गए जो जनपद वासियों के जेहन में रहेंगे इसके साथ ही इनका मिलनसार व्यवहार भी याद किया जाएगा। इसी क्रम में वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी गोस्वामी के द्वारा गीत के माध्यम से इनके जीवन परिचय को प्रस्तुत कर सभी उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

अंत में देवदत्त त्रिपाठी अवर अभियंता ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों का स्नेह सदैव याद रहेगा और जनपद महोबा को मैं कभी भी भूल नहीं पाऊंगा मेरा स्थानांतरण गृह जनपद प्रयागराज में होने की बावजूद भी मैं यहां से सदैव जुड़ने का प्रयास करता रहूंगा उन्होंने अपनी नम आंखों से सभी का आभार प्रकट किया।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एच के पोद्दार, महेंद्र द्विवेदी उपजा जिला अध्यक्ष, मनोज कुमार ओझा अरविंद अरजरिया, घनश्याम वर्मा अवर अभियंता सहित लघु सिंचाई विभाग का समस्त स्टाफ व स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मेंन बाजार शिव मंदिर में भजन-कीर्तन आयोजित

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



मेंन बाजार शिव मंदिर पनवाड़ी में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के भजन गायक ने अपने-अपने भजन प्रस्तुत किया सभी के भजन गायको के भजन सुनकर भक्तों का मन मोह लिया कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5:00 बजे तक निरंतर चलता रहा सभी कलाकारों को अंग वस्त्र भेंट कर कर सम्मानित किया गया। राम लखन सोनी पत्रकार भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी महोबा, भजन प्रसाद करने वाले अतिथियों के नामलौलारा राजेंद्र सोनाखिया, ढोलक वादक ऋषि राज सोनाखिया, बुडेरा जय करण शर्मा एवं उदयभान राजपूत उर्फ कंचन फूल सिंह यादव, सिलालपुरा नाल वादक हलके मसूदपुरा गागौरा मलिक राजपूत, लोधोपुर दयाल अहिरवार, पहाड़ी भोले बाबा, सनी मसूदपुर चंदन चंदन सिंह अनुरागी, उल्दन धूराम राजपूत, खंगार्रा रूप सिंह राजपूत, नाथ वादक रिछ रमाकांत पांचाल, पनवाड़ी किशोरी लाल यादव पहलवान मुन्ना परिहार, रज्जू सेन, रतीराम अनुरागी। इस मौके पर रामजीवन दुबे, लाला जुगल किशोर विश्वकर्मा, दादा भारत कुमार सोनी, संदीप मिश्रा, शिवचरण दीक्षित, अमित पाटकर, कल्लू प्रजापति, प्रेमचंद प्रजापति, शत्रुघ्न सोनी समस्त नगर एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश के हाथों यूनीफार्म व स्वेटर पाकर खिले चेहरे

**बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित है चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल**





**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नववर्ष की बेला पर बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के बच्चों के साथ जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह, एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चंद सिंह ने गर्म यूनीफार्म स्वेटर वितरित कर नए साल की खुशियां मनाई। मुख्य अतिथि जिला जज पंकज कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि सचिव डालसा श्रीकृष्णचंद सिंह, रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, वाइस चेयरमैन हुमायूं नईम खान, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा रहीं, जो सभी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके ज़िले को साहित्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू, ओज कवि सनत कुमार अनाड़ी को भी सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने किया तथा स्कूल स्थापना का स्ट्रगल तथा बच्चों को दी जारी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जानकारी साझा की। स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई ग्रीटिंग्स भेंट की और स्वागत गीत के साथ ही बाल विवाह की लघु नाटिका और क्लासिकल लोक गीतनृत्य के माध्यम से सभी का मन मोह लिया,जनपद न्यायाधीश ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। जनपद न्यायाधीश ने सभी को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में संचालित इस विद्यालय से बच्चों का सर्वांगीण विकास परिलक्षित हो रहा है। जिला जज ने कहा कि सभी बच्चों के अभिभावक अपने बच्चे के नाम से बैंक में खाता खुलवाकर प्रतिदिन 10 रुपये जमा करें, यह 10 रुपये बच्चे के कैरियर बनाने में एक बड़ी धनराशि के रूप में उसका मार्ग प्रशस्त करेगा। डालसा के सचिव श्रीकृष्णचंद सिंह ने बच्चों को प्रेरक कविता सुनाई और कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इनके विकास के सभी अवसर उपलब्ध कराना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा ने कठिन परिश्रम से स्थापित व संचालित स्कूल के संचालक की सराहना के साथ नए वर्ष की बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेंद्र सिंह ने स्कूल में पल्स ऑक्सिमिटर और गरीब बच्चों के अभिभावकों को कम्बल जिला जज के हाथों से वितरित कराया और शैलेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तो वहीं वाइस चेयरमैन हुमायू नईम खान ने सभी को बधाई दी। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। स्कूल की शिक्षिकायें वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मौर्या, सरिता यादव, जियालाल, सरोज, सरस्वती सहित 152 बच्चे एवं उन सभी के अभिभावक तथा चाइल्ड लाइन 1098 के सुपरवाइजर अवधेश कुमार, पूर्व टीम सदस्य अंचल कुमार, राम कैलाश व्यवसाई अंशुल गुप्ता मौजूद रहे।

## विधायक ने बनखंडी मंदिर में बसेरा टीन शेड का किया लोकार्पण





**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को महंत जमुना दास महाराज की मौजूदगी में क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने विख्यात धर्मस्थल मां बनखंडी धाम के परिसर में नवनिर्मित बनखंडी मंदिर में भक्त जनों तथा जरूरतमंदों के बैठने के लिए बसेरा टीनशेड का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। वनखंडी देवी धर्मस्थल के परिसर में आयोजित लोकार्पण समारोह में विचार व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि प्राचीन महत्व के वनखंडी देवी मंदिर में रोजाना भक्तों की भीड़भाड़ रहती है। छाया के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण बुंदेलखंड विकास निधि योजना 2023-24 के अंतर्गत मंदिर के प्रांगण में जरूरतमंदों तथा भक्तों के बैठने के लिये बसेरा तीनसेट का निर्माण कराया गया।

## आज से शुरू हो रहा दो दिवसीय मेला

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** त्रिवेदीगंज क्षेत्र के बहुताधाम गांव में स्थित कालिका देवी मंदिर पर लगने वाला दो दिवसीय मेला गुरुवार से शुरू हो रहा है ।इस मेले में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा ले रहे हैं। यह जानकारी देते हुए संरक्षक शोभित त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय मेले में पहले दिन रात में संदीप आर्ट ग्रुप मुंबई के कलाकारो द्वारा झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी और दूसरे दिन रात में कवि सम्मेलन के बाद 10:00 बजे से फिल्मी बॉलीवुड चित्रहार विशेष आकर्षण का केंद्र होगा ।इसके अलावा शाम 7:00 बजे दोनों दिन मां काली देवी की विशेष आरती भी की जाएगी। मेले के आयोजन में बैजनाथ रावत, राम मूर्ति मौर्य, मोहित वाजपेई एवं अरविंद वाजपेई सोनू भैया द्वारा विशेष सहयोग किया जा रहा है।

## डीएम ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जन-सामान्य को शीतलहर से बचाव हेतु जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह व राजस्व और नगर पालिका टीम के साथ संयुक्त रूप से तहसील नवाबगंज के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर अलाव एवं स्थाई रैन बसेरों का निरीक्षण करने के साथ-साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, लेबर अड्डों एवं चिकित्सालय के आस पास निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के मौसम में रात्रि के दौरान विशेषकर बेघर , मजदूर और दूर दराज के इलाकों से आए हुए यात्रियों के लिए अलाव और रैन बसेरे जीवन रक्षक साबित होते हैं।

शासन का यह प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण प्रभावित न हो और जरूरतमंदों को तुरंत राहत मिले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलाव की स्थिति रैन बसेरे की साफ सफाई और वहां उपलब्ध सुविधाओं को परखा। इसके साथ ही शौचालय, बिस्तर, आगंतुक रजिस्टर इत्यादि सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे या खुले आसमान के नीचे ना सोए, रैन बसेरे का आश्रय लें। वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर रुके लोगों से बातचीत की तथा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन-सामान्य को शीतलहर से बचाव के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे है।

पर्याप्त संख्या में स्थाई रैन बसेरों को बनवाया गया है साथ ही शीतलहर से बचाव के लिये अलाव भी जिले भर में जलवाए जा रहे।

## टीबी पेशेंट को नियमित दवाई के साथ दी जाए पोषण पोटली: डीएम

**क्षय रोगियों का पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में चलाये जा रहे 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाये जाने हेतु बुधवार को नगर पालिका परिषद में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अभी तक 600 नए पेशेंट चिन्हित किए जा चुके है, इस समय जनपद में करीब 8 हजार से ज्यादा टीबी पेशेंट है। नए टीबी पेशेंट को चिन्हाकिंत किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जितने भी टीबी पेशेंट है उनके साथ एक निक्षय मित्र जरूर हो जाये जो उनके इलाज के दौरान उनका साथी बना रहे। कई बार टीबी पेशेंट बीच में दवाई लेना बंद कर देते है जिससे अगली बार उन्हें दवाई का उतना असर नहीं हो पाता है। इसलिये प्रधानमंत्री का कहना है कि हर पेशेंट के साथ एक निक्षय मित्र जरूर हो जो यह देखे की पेशेंट अपनी दवाई रेगुलर रूप से ले रहा है या नहीं और दूसरी बात निक्षय मित्र को यह देखना है कि टीबी पेशेंट को प्रतिमाह पोषण पोटली भी मिलती रहे, जिससे उन्हें अच्छा पोषण प्राप्त होता रहे।

जिलाधिकारी ने निक्षय मित्रों से अनुरोध करते हुए कहा कि टीबी पेशेंट को 6 माह तक नियमित दवाई के साथ पोषण पोटली जरूर उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि यदि आज हम टीबी पेशेंट को चिन्हित कर लेते है तो 31 दिसंबर 2025 तक हम जनपद सहित पूरे भारत को टीबी मुक्त बना सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जिलाधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद नवाबगंज अध्यक्षा शीला सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (प्रशासन) डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजीव टण्डन, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ जितेंद्र पाल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राजीव सिंह, डीपीएम अम्बरीष द्विवेदी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अभय कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ लव गुप्ता, जिला समन्वयक शिप्रा सिंह व रितेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध असलहे के साथ दो लोग गिरफ्तार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लोनी कटरा पुलिस ने दो अलग-अलग अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो अवैध देसी तमंचा व दो अदत जिंदा कारतूस बरामद कर उन्हें आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया है गस्त के दौरान पुलिस ने कान्हीपुर अंडरपासके निकट हसवापुर मजरे खैराकनकू गांव निवासी हेमराज पुत्र भगवान दीन को अरेस्ट कर लिया, वहीं क्षेत्र के दहिला रेलवे क्रॉसिंग के निकट खैराबी गांव निवासी अतुल मिश्रा पुत्र मन्नू मिश्रा के पास से एक अदत अवैध देसी तमंचा व एक जिंदा कारतूस 12बोर बरामद कर दोनों अभियुक्तों को आज जेल रवाना किया गया।

### मारफीन के साथ युवक गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** 105 ग्राम अवैध मार्फीन के साथ जैदपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक योगेन्द्र मिश्रा, उपनिरीक्षक अलोक कुमार सिंह सहयोगी पुलिस के जवानों के साथ गश्त के दौरान शंका होने पर मकबूलगंज की ओर से आ रहे मकसूद उर्फ कल्लू पुत्र रहमत अली निवासी टिकरा उसमा थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी लेने पर 105 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने नव वर्ष पर आधा सैकड़ा निर्धनों को बांटे कम्बल

**जालौन,उरई।** नये वर्ष के प्रथम दिन निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के भारतीय महिला एवं मानव कल्याण शिक्षा प्रसार समिति द्वारा वृद्धा आश्रम में कम्बल वितरण किया गया। नायब तहसीलदार सतेंद्र कुमार गुप्ता व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने आधा सैकड़ा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और मिष्ठान वितरण किया। भारतीय महिला एवं मानव कल्याण शिक्षा प्रसार समिति द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहे के पास केंद्रीय आवासीय निशुल्क वृद्धा आश्रम संचालित किया जा रहा है। नगर में संचालित वृद्धा आश्रम में लोगों के रहने व खाने समेत कपड़े आदि की व्यवस्था है। नूतन वर्ष के प्रथम दिन निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए आश्रम में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार सतेंद्र कुमार गुप्ता व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने बेसहारा व निर्धन 50 लोगों को कंबल वितरित किए। नए वर्ष के पहले दिन वृद्धजनों का मुंह मीठा कराया गया। कंबल पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर मुस्कान आ गई और कार्यक्रम के आयोजक संस्था के प्रबंधक आनंद मोहन को आशीर्वाद दिया। समिति के प्रबंधक आनंद मोहन ने लोगों से कहा कि जिन वृद्ध लोगों के पास खाने पीने की व्यवस्था नहीं है और बेसहारा है। ऐसे लोग आश्रम में निशुल्क रह सकते हैं। वह आश्रम में आकर अपना पंजीयन करा लें। उन्हें खाना व जीवन यापन के लिए आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मौके पर सभासद विवेक कुमार, सुलखान यादव, छोटे साहब दमां आदि लोग मौजूद रहे हैं। जबकि कंबल पाने वालों में रामचरन, श्रीराम वर्मा, खचेरे बाबा, लक्ष्मी प्रसाद, विमला देवी, श्याम बाबू, विद्या देवी, परमेश्वरी दयाल, गंगा गिरी, बलराम, फूलन देवी, शशि वर्मा, रजनी, इंद्रानी समेत 50 लोग सम्मलित रहे।

## एसडीएम ने लेखपालों की मीटिंग में फार्मर आईडी बनाने पर दिया जोर

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान किसान पंजीकरण करने पर जोर दिया गया। तहसील सभागार में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा नायब तहसीलदारों नीलमणि सिंह, चंद्रमोहन शुक्ला की मौजूदगी आयोजित बैठक में लेखपालों को निर्देश देते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि ठंडक का मौसम शुरू हो गया है। इसलिये जरूरत मंदों को पात्रता के तहत कम्बल वितरण करना सुनिश्चित किया जाये। निर्धारित प्वाइंटों में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने बताया कि आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए। उन्होंने किसानों की फार्मर आईडी बनाने के काम को पूरा करने के लिये जोर दिया। उन्होंने अवगत कराया कि फार्मर आईडी बनाने की स्थिति ठीक नहीं चल रही है। बैठक में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी,नायाब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, राजस्व निरीक्षक प्रमोद दुवे, अनूप तिवारी, सुरेश कुमार, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, अमित कुशवाहा राघवेन्द्र निरंजन, एसके महान, शिव मंगल पाठक, सलीम खान, सेवेन्द कुमार, सैयद टीपू हाशमी के अलावा राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अभिभावकों की मांग शीतकालीन अवकाश के दिनों में न कराये परीक्षाएं

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**शिकायत मिलने पर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी**

बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा परिषदीय विद्यालयों तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के कक्षाओं का 31 दिसम्बर से 14 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। इसके वाबजूद कालपी नगर से सटे लंगरपुर स्थित फातमा माता स्कूल के संचालकों ने शासन द्वारा घोषित अवकाश के आदेश को दरकिनार कर दिया गया। फातमा माता विद्यालय के द्वारा परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया है, उसके अनुरूप 2 जनवरी को मैथ तथा 3 जनवरी को विज्ञान की परीक्षाएं कराई जाएगी। जिस कारण बच्चों के शीतकालीन अवकाश की व्यवस्था पर ग्रहण लग जायेगा। इस मनमाने रवैये को लेकर छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को बेचैनी है। अभिभवकों ने मांग उठाई है कि परीक्षा कार्यक्रम को स्थगित कराया जाए। विद्यालय संचालक ने संचालक ने स्वीकार किया है कि शासन द्वारा अवकाश तो घोषित है। उन्होंने बताया कि 2 व 3 जनवरी के बदले आगे 14 जनवरी के बाद छुट्टियां कर देंगे। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने बताया कि शासन के नियमों तथा घोषित अवकाश की अवहेलना नियम विरुद्ध हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

**गाजे बाजे के साथ रंग अबीर की बौछार के साथ माता रानी के लगे जयकारे**

क्षेत्र के अंतर्गत इस्माइलपुर गांव में जन सहयोग से गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हो गई। गुरुकुल गोला घाट अयोध्या से पधारे कथा व्यास पंडित ओम प्रकाश तिवारी के मुखार विंदु से कथा का रसपान भक्तों द्वारा किया जाएगा। कथा शुरू होने से पूर्व आज बुधवार को भक्तों द्वारा धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई गाजे बाजे के साथ रंग अबीर की बौछार के साथ माता रानी के जयकारे के बीच भक्तों द्वारा निकाली गयी यह कलश यात्रा कमेला चौराहा नरौली , बेहटा होते हुए बाबा टीकाराम धाम गोमती नदी पर पहुंची जहां पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया इसके बाद यह कलश यात्रा पुनः कथा स्थल पर पहुंची। इसी के साथ कथा आरम्भ हो गई। इस मौके शुभम तिवारी, सोयम , विजय मिश्रा शुक्ला ,शिवकुमार तिवारी दीपक विश्वकर्मा , रवि वैश्य ,अभय मिश्रा,सचिन विश्वकर्मा , मोहित , पुत्ती शुक्ला , बंटू शुक्ला, बबलू शुक्ला , सर्वेश सिंह सहित सैकड़ों भक्त गण मौजूद रहे।

## कार ने पिंक बूथ में मारी टक्कर, वृद्ध घायल





**बाल-बाल बचे ड्यूटी पर तैनात तीन पुलिस कर्मी**

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

नगर में सरकारी विभागों के नाम लिखे व हूटर वाली गाड़ियों का संचालन हो रहा है। बुधवार की दोपहर पुलिस लिखी प्राइवेट कार ने पिंक बूथ में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण वृद्ध घायल हो गया। जबकि ड्यूटी पर तैनात तीन पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए। नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पिंक बूथ की स्थापना की गई है। बुधवार की दोपहर देवप्रताप, नरेंद्र व विजय की पिंक बूथ पर ड्यूटी थी। वह पिंक बूथ के अंदर बैठे थे। पिंक बूथ के बाहर कुर्सी पर बैठकर गायर निवासी वृद्ध अरूण कुमार किसी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान कोतवाली की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर पिंक बूथ में टक्कर मार दी। हादसे में कुर्सी पर बैठे वृद्ध अरूण कुमार घायल हो गए। जबकि पिंक पर ड्यूटी पर तैनात तीनों पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए। टक्कर लगने के कारण घायल अरूण कुमार को राहगीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने कार व उसके चालक को पकड़ लिया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### जिला स्तरीय अधिकारी अपने फैमिली आईडी कार्ड बनवायें

**उरई,जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, कार्यालयाध्यक्ष को उप्र में अध्यासित परिवारों के लिए फैमिली आईडी-एक परिवार एक पहचान योजना के अंतर्गत फैमिली आईडीकार्ड बनवाये जाने के संबंध में बताया कि शासनादेश द्वारा फैमिली आईडी-एक परिवार एक पहचान योजना के सफल कियान्वयन हेतु फैमिली आईडी कार्ड निर्गत किए जाने के निर्देश दिए गये हैं। अतः अधीनस्थ कर्मचारियों, अधिकारियों को निर्देशित करें कि वह अपना फैमिली आईडी कार्ड निर्गत कराए जाने हेतु पर आवेदन करें तथा नियमानुसार अपना फैमिली आईडी कार्ड प्राप्त करना सुनिश्चित करें।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा, हमीरपुर

पत्रांक-1514/न.पा.परि.मौदहा/ई-निविदा/2024-25 दिनांक- 01.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मौदहा-हमीपुर में नगरीय झील/तालाब/पोखर/ संरक्षण योजना की धनराशि के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद मौदहा को निर्माण कार्य कराये जाने है। अतः इच्छुक ठेकेदार/फर्म निम्न विवरण के अनुसार ई-निविदा में प्रतिभाग कर सकते है अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। ई- निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा।

| क्र.सं. | निविदा आमंत्रण विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publishing | 02.01.2025 | 11:00 AM |
| 2 | Bid Submission Start Date | 02.01.2025 | 12:00 PM |
| 3 | Bid Submission End Date | 08.01.2025 | 2:00 PM |
| 4 | Opening of eBid (Technical) | 09.01.2025 | 11:00 AM |
| 5 | Opening of eBid (Financial) | After Approvel Technical bid | |

**नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित लाखों में | धरोहर धनराशि 2% | टेण्डर शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 17 हैदरिया/पीरबाबा में तालाब के चारो तरफ तार फेन्सिंग का कार्य | 10.05 | 0.20100 | 1300 | 03 माह |
| | योग | 10.05 | 0.20100 | 1300 | |

कार्य का विवरण एवं शर्तें http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा वांछित अभिलेख स्कैन कर निविदा के साथ http://etender.up.nic.in पर अपलोड किये जाने होगें तथा जमानत धनराशि, परफॉर्मेंस गारण्टी मनी मूलरूप में तथा अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 08.01.2025 को सायंकाल 05:00 बजे तक कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाले जायेंगे। म्याद गुजरने के बाद लिफाफे टेण्डर बाक्स में डालने की अनुमति नहीं होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित निविदादाता की होगी।

लेखा लिपिक नगर पालिका परिषद मौदहा,हमीरपुर। | अवर अभियन्ता नगर पालिका परिषद मौदहा,हमीरपुर। | अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मौदहा,हमीरपुर। | अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मौदहा,हमीरपुर।

# जिलाधिकारी ने सीएमओ को दिये निर्देश बोले मेडिकल टीम गांव-गांव जाकर करें परीक्षण

**टीबी रोगियों को चिह्नित कर मुहैया कराएं इलाज**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में टीबी मुक्त अभियान के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने 05 टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की तथा कहा कि अन्य 120 टीबी मरीजो को उनके घर जाकर पोषण पोटली वितरित की जायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी का इलाज सम्भव है।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

प्रधानमंत्री पूरे देश को टीबी मुक्त भारत बनाने हेतु दृण संकल्पित है। जिसके अन्तर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाये जाने हेतु टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद को टीबी मुक्त बनाये जाने हेतु मेडिकल टीम द्वारा गांव- गांव जाकर बलगम परीक्षण और अन्य जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि टीबी मरीजों की पहचान की जा सके।

साथ ही मरीजों का चिन्हांकन कर शत प्रतिशत इलाज मुहैया कराया जाए।

टीबी के जितने इंडिकेटर हैं। उसमें सुधार किए जाएं।बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एडीएम आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, डीसीएनआरएलएम राजकुमार लोधी सहित आदि लोग रहे।

## तालग्राम पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों/ वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालग्राम पुलिस ने अभियुक्त नाजिम पुत्र महफूज खां निवासी ग्राम इनायतपुर को निकवा अण्डरपास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# विजयी छात्र-छात्राओं को भेंट की साइकिल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



श्री सागर सिंह एजुकेशनल और सोशल वेलफेयर टेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीया स्थान पर रहे छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

श्री सागर सिंह एजुकेशनल और सोशल वेलफेयर टेस्ट प्रतियोगिता में श्रीदेवी मेमोरियल इंटर कॉलेज नगला अनूप मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल श्री गजेंद्र सिंह मीरा देवी इंटर कॉलेज बहोरीकपुर यस यस यस बी हायर सेकेंड्री स्कूल के छत्र छत्राओं ने प्रतियोगिता में सही भगत की प्रथम स्थान पर रहे छात्रा रितु राजपूत प्रिया यादव अंशिका को क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर विजई घोषित किया गया। तीनों विजय छात्र-छात्राओं को उपहार स्वरूप साइकिल दी गई कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहर सिंह पालने की मुख्य अतिथि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी जेपी पाल का स्वागत संस्था के प्रमादक गजेंद्र सिंह निर्देशक डॉ संगम सिंह डॉक्टर निधि यादव डॉक्टर मीरा यादव ने दीप प्रजारकर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्टी गजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में उत्साहवर्धन होता है आगे बढ़ाने की भावना प्रबल होती है आर्यन सिंह रामेंद्र सिंह डीके बाबू वीरेश राजपूत सुदीप पाठक भोला सक्सेना सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी विकास यादव विवेक यादव रघुवीर सिंह बृजेश कुमार राजकुमार शैलेंद्र कुमार अनूप कुमार अभिषेक राठौर प्रदीप कुमार अमित चौरसिया शिखा आदेश कुमार मनोज कुमार रघुवीर शुक्ला सुधीर कुमार सुमन सिंह अर्जुन सिंह शाहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# खेल से बढ़ता है बच्चों का आत्मविश्वास

**सुप्रभाष अकादमी में वार्षिक खेल को प्रतियोगिताएं शुरू**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सुप्रभाष अकादमी आवास विकास कॉलोनी में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दमखम दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र व मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने फीता काटकर किया।

संस्था की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका गुप्ता ने कहा कि खेलकूद शिक्षा का एक अभिन्न अंग है, इससे बच्चों की संकल्प शक्ति व आत्मविश्वास बढ़ता है। शारीरिक प्रशिक्षण बच्चों की ऊर्जा को सही दिशा में ले जाता है। पहले दिन फ्लैग




मार्च के दौरान हेड बॉय अमन तथा हेड गर्ल आयुषी ने फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया। जिसके साथ विवेकानंद हाउस के कप्तान हर्षित तथा उप कप्तान शरद के साथ अन्य हाउस भाभा, इंदिरा और महादेवी के कप्तान व उप कप्तान क्रमशः मान, सूर्यांश ,आंशी ,अर्जित और आयुष व सारांश ने अपने-अपने हाउस का नेतृत्व किया। पहले दिन फ्रॉक रेस में अक्षांश प्रथम , राव द्वितीय स्थान तथा शुभान रजा तृतीय स्थान पर आए। अन्य खेलों बुक बैलेंस रेस, बोतल टैकल में क्रमशः शबाना,अंश, सौम्या गुप्ता तथा आयुष, राव ने स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने तालिया के साथ अपने-अपने हाउस का उत्साहवर्धन किया तथा खेलों का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षाएं उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने सौरभ यादव

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन प्रधान युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहित यादव ने सौरभ यादव को जनपद कन्नौज में जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नियुक्त किया है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि वह संगठन की नीति और आदेशों के अनुसार कार्य करेंगे और किसानों के हित के लिए संघर्ष करने को तैयार रहेंगे और किसी तरह किसानों को कोई समस्या नहीं आने देंगे जो दायित्व हमें प्रदेश अध्यक्ष ने दिया है उस पर खरा उतारने का कार्य करेंगे जिससे हमारे किसानों के लिए हर समस्या का समाधान करने के लिए हर तरह से मदद को तैयार



रहेंगे। इस मौके पर बधाई देने वालों का प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ के चंद्रजीत यादव एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के मोहित यादव पूर्वी प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ सिंह यादव जिला मीडिया प्रभारी फिरोज आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिए काम करें अधिवक्ता: एसडीएम

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम न्यायिक ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि अधिवक्ता बार व बेंच के मध्य नए बर्ष में बेहतर सामजस्य बनाकर रखे। बादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रयास करें। न्यायालय में विचाराधीन किसी भी राजस्व मुकदमे में प्रतिष्ठा का प्रश्न न बनाए। तहसील सभागार में बुधवार की दोपहर न्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ पीठासीन अधिकारी सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ताओं से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम ने न्यू बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि अधिवक्ताओं का दायित्व है कि वह बादकारियों के हित में काम करें। तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों के लिए उनके न्यायालय व प्रशासनिक कार्यालय का दफ्तर हमेशा खुला है। फरियादी किसी भी समय उनसे मिलकर अपनी शिकायत कर सकते हैं। नायब तहसीलदार अतुल हर्ष ने कहा कि उनके न्यायालय में सभी अधिवक्ताओं को हमेशा सम्मान मिलेगा। न्यू बार



एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरवेन्द्र सिंह उर्फ दीपू ने कहा कि उनकी एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता पीठासीन अधिकारियों का सम्मान करते हैं। वार व बेंच के मध्य नए बर्ष में सामजस्य बना रहेगा। उन्होने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी जिम्मेदारी व निष्ठा के साथ काम करे। कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला, प्रदीप चैहान, नीरज त्रिपाठी, उमाशंकर कटियार व मौजूदा अध्यक्ष संजीव तिवारी ने भी संबोधित करते हुए सभी को नवबर्ष की बधाई दी।

इस मौके पर अधिवक्ता अनूप श्रीवास्तव, बलवीर सिंह यादव, पुष्पेन्द्र सिंह यादव, स्वदेश चैहान, देवेन्द्र राजपूत, जितेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिंह शाक्य, दीपेन्द्र यादव, कौशल श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास्तव, पवन मिश्रा, धीरेन्द्र राजपूत समेत सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नव वर्ष पर युवाओं ने किया भंडारे का आयोजन



तिर्वा रोड पर भंडारा में प्रसाद लेते लोग।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के तिर्वा रोड पर नव वर्ष की सुबह भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आवागमन कर रहे लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा और एक दूसरे को नव वर्ष की बधाइयां दी। बुधवार की सुबह नगर के तिर्वा रोड स्थित सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज के सामने नगर के युवाओं ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब के संस्थापक बृजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि नव वर्ष 2025 मंगलमय हो। जिसको लेकर क्लब की ओर से हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर बाबा हॉस्पिटल के संस्थापक ध्यानेंद्र सिंह, चंदन सिंह उर्फ डपाली, आशीष गुप्ता, सोनू, नईम फारूकी, रोहित दुबे, विपिन, नीरज गुप्ता, हिमांशु, सचिन कुशवाहा, सहित कई लोग मौजूद रहे। भंडारे के दौरान लोगों ने खीर पुरी का प्रसाद चखा और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी।

### अवैध शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब की बिक्री करने ले जाते समय गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। मंगलवार कि शाम उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर ग्राम खाड़ेदेवर पुल के निकट से 10 लीटर अवैध शराब बिक्री करने ले जा रहे संजय गिहार को धर दबोचा। इसके बाद पुलिस में पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध दफा 60 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की है।

### दिव्यांगों के साथ केक काटकर मनाया नव वर्ष



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में समाजवादी पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा लकी हेल्थ डेवलपमेंट एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी में दिव्यांगों के साथ केक काट कर नव वर्ष मनाया गया और दिव्यांगों को खाना खिलाकर मिष्ठान वितरित किया गया। बुधवार की सुबह नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित लकी हेल्थ डेवलपमेंट एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अरुण शर्मा के नेतृत्व में पहुंचकर दिव्यांगों के बीच केक काटकर नव वर्ष मनाया गया। इस मौके पर सपा कार्यकर्ताओं ने दिव्यांग बच्चों को खाना खिलाया और मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर प्रबंधक डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, चंद्रप्रकाश कुशवाहा, डॉ. रामनिवास सविता, नासिर सिद्दीकी, राजेश गुप्ता, श्याम यादव, मोहित पाठक, प्रशांत कुशवाहा, आमिर हमजा, आशीष चौहान, ऋषभ राजपूत, रामदास आदि लोग मौजूद रहे।

# अलाव व रैन बसेरा का डीएम ने किया निरीक्षण

**कर्मियों को दिए लोगों को सर्दी से बचाने के निर्देश**

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भीषण सर्दी को देखते हुए जिलाधिकारी ने नगर के विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरा व अलाव का निरीक्षण किया।

इसके बाद लोगों को सर्दी से प्रकोप से बचाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी किए। मंगलवार की देर रात जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने नगर के रैन बसेरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर के रेलवे स्टेशन में स्थित रैन बसेरा व मोहल्ला अफसरी में स्थित रैन बसेरा, नगर के चौराहा और



अलाव का निरीक्षण करते डीएम, एडीएम व एसडीएम।

तिराहा पर आलाव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति रात में सड़क के किनारे या रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर लावारिस हालत में सोता हुआ ना मिले। इस तरह के किसी भी व्यक्ति को रैन बसेरा पहुंचाया जाए। इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल कौशल पांडे, पालिका वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह, राजन बाबू, पूरन सिंह सहित कई पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# गलत उपचार व सुविधा शुल्क मांगने की शिकायत

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

एएनएम के द्वारा स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर मरीज के भर्ती होने पर गलत इलाज और रुपये मांगने का आरोप एक युवक के द्वारा लगाया गया है। पीड़ित ने सीएमओ को शिकायती पत्र देकर एएनएम को हटाये जाने की मांग की है। ग्राम डुडवाबुजुर्ग निवासी मो. शाहरुख खान ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखे पत्र में बताया है कि 15 दिसंबर को उसकी पत्नी रहनुमा बेगम को प्रसव पीड़ा होने पर नगर के मुख्य चौराहा स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र ले गया। ड्यूटी पर तैनात एएनएम ने मरीज को देखने से पहले शाहरुख की मां से 8000 रुपये जमा करने के बाद इलाज करने की बात कही। इसके बाद शाहरुख की मां ने रुपये का इंतजाम करने की बात कही। जिस पर एएनएम और अन्य कर्मचारियों के द्वारा मरीज को बोतल लगाकर इलाज शुरू कर दिया गया। लेकिन थोड़ी देर के बाद मरीज की हालत बिगड़ने पर दूसरी जगह ले जाने को कहा गया। जब पीड़ित अपना मरीज दूसरी जगह ले जाने लगा। तो उसके बाद एएनएम के द्वारा लगाई गई दवा के रुपए मांगे गए। इसके बाद पीड़ित अपनी पत्नी को नगर के निजी अस्पताल ले गया। जहां महिला ने पुत्र को जन्म दिया। पुत्र की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। कानपुर के निजी अस्पताल में लगभग आठ दिन बाद उसके पुत्र की मौत हो गई। पीड़िता के पति ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेज कर एएनएम को हटाने व कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वही प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. कुमारित मैत्रेय ने बताया है कि मामले के संबंध में जांच की जा रही है। जल्द ही दोषी स्वास्थ्य कर्मी पर कारवाई की जाएगी।

## रंजिशन दबंग ने महिला से की मारपीट

**जालौन,उरई।** रंजिश के चलते हुए विवाद में गांव के ही व्यक्ति ने महिला के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी गुलशन पत्नी सज्जन शाह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही महाराज सिंह उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर वह गाली, गलौज करते रहते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह महाराज सिंह उसके घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज कर रहे थे। मना करने पर उन्होंने गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पति बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की।



## वृद्धाश्रम पहुँच डीएम ने वृद्धाजनों का जाना हाल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धाश्रम का नव वर्ष के अवसर पर भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने वृद्धाजनो को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनको मिष्ठान एव फल वितरण किए तथा उनको मिल रही सुविधाओं का हाल जाना। उन्होंने निर्देश दिए निर्धारित मीनू के अनुसार समय- समय से नाश्ता और भोजन दिया जाए। कहा वृद्धजनों समय समय पर बीपी और डायबिटीज चेक की जाए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन वृद्धजनों का मोतियाबिंद ऑपरेशन ऑपरेशन होना है उनका परीक्षण कराकर ऑपरेशन कराया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चोधरी, समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ईमानदारी व लगन से किया विभागीय कार्य का निर्वहन

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पूरी सेवा काल में ईमानदारी व लगन के साथ विभागीय कार्यों को संपादित करने का कार्य किया। इसके साथ ही निस्वार्थ सेवा करके विभाग में अपनी पहचान बनाई। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। यह बात पूर्व उप शिक्षा निदेशक कमलेश कुमार ने कही। सोमवार को एक होटल में आयोजित वित्त एवं लेखा अधिकारी आरिफ अशफाक की विदाई समारोह में डीआईओएस डा.पूरन सिंह ने कहा कि कम समय में उन्होंने अपना अलग स्थान बनाया और वेतन का कार्य संपादित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। ऐसे अधिकारी की कमी हमेशा विभाग महसूस



अवकाश प्राप्त वित्त एवं लेखाधिकारी को बुके भेंट करते प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया।

करेगा। आरिफ अशफाक वित्त एवं लेखा अधिकारी ने बताया कि उन्होने 16 मई 1987 को मैनपुरी वरिष्ठ अकाउंटेंट पद का कार्य संभाला था। फर्रुखाबाद, कन्नौज, फिरोजाबाद, कानपुर के बाद पदोन्नति होने पर कन्नौज में मुझे वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभागों का कार्य करने का मौका मिला। सभी अधिकारियों और पटल सहायकों के सहयोग से कार्यकाल कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ है। प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने कहा कि सरल स्वभाव एवं 37 वर्ष बिना विवाद सेवाएं दी हैं। उनकी सेवाओं को कभी बुलाया नहीं जा सकता है। मौजूद लोगों ने शाल उड़ाकर व फूल मालाओं से लाद स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी अमरीश बाजपेई, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, पूर्व लेखाधिकारी अजय सिंह, अजय गुप्ता, प्रबंधक गुड्डू सक्सेना, डॉ. सुमन बाजपेई, डॉ. कल्पना सिंह, तबस्सुम, आरिफ अहमद, अरबाज, मोहसिन, आदिल, परवेज, डॉ. नदीम नासिर, निहाल, परवेज, मनीष सक्सेना, शिव कुमार प्रजापति, मयंक त्रिपाठी, अनुज कटियार, मनु सिंह, रामानंद द्विवेदी, केके श्रीवास्तव, आनंद राजन, सुरजीत कटियार, अजय गुप्ता, हीरालाल सहित आदि मौजूद रहे।

# पांच वर्ष बाद भी धरातल पर नहीं उतरी व्यायामशाला

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

**ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग ने किया था प्रस्ताव पारित**

स्वस्थ्य रहने के लिए व्यायाम आवश्यक है। सरकार भी व्यायाम के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है और व्यायामशाला बनाने पर जोर दे रही है। ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में व्यायामशाला बनाने के लिए प्रस्ताव पास होने के पांच वर्ष बाद भी व्यायामशाला का निर्माण नहीं हो पाया है।विकास खंड के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में व्यायामशाला बनाने की लंबे समय से मांग चल रही है।

ग्रामीण विभिन्न माध्यमों से शासन व प्रशासन से गांव में व्यायामशाला बनवाने के मांग कर रहे हैं। लोगों को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम आवश्यक है। इसलिए सरकार भी व्यायाम को महत्व दे रही है और व्यायामशाला बनाने का काम कर रही है। ग्रामीणों की मांग पर तत्कालीन एसडीएम के निर्देश पर 11 अक्टूबर 2018 को गांव में भूमि प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक में सर्व सहमति से आराजी संख्या 462 पर व्यायामशाला बनाने का निर्णय लिया गया था। भूमि प्रबंध समिति की बैठक में पास हुए प्रस्ताव को कार्यान्वित करने के क्षेत्र पंचायत कार्यालय भेज दिया गया था। व्यायामशाला बनाने के लिए प्रस्ताव को पारित हुए पांच वर्ष का समय बीत चुका है लेकिन गांव में अभी तक व्यायामशाला का निर्माण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव की याद समय समय पर बीडीओ की दिलाई है लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीण गजेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जब 2018 में भूमि प्रबंध समिति की बैठक में एक कमरा निर्माण व खाली पड़े मैदान का उपयोग व्यायामशाला के रूप करने का प्रस्ताव पास हो गया था और प्रस्ताव क्षेत्र पंचायत कार्यालय को भी भेज दिया गया था। लेकिन अब जगह कम बताकर व्यायामशाला का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। जो कि न्यायसंगत नहीं है। प्रस्ताव पास होने के बाद भी व्यायामशाला न बनने से गांव के युवाओं व बच्चों को व्यायाम से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि जनहित में गांव में व्यायामशाला का निर्माण कराया जाए।

# तीन अभियुक्तगणों पर गैंगेस्टर का मुकदमा पंजीकृत हुई कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

लूट जैसे जघन्य अपराध कारित करने वाले अभियुक्तगण गैंग लीडर सेंकी पुत्र राजकपूर निवासी बुद्धापुर्वा बलनपुर, सदस्य महेन्द्र पुत्र रमेशचन्द्र निवासी बुद्धापुर्वा बलनपुर, साहिल उर्फ लव पुत्र साहब सिंह उर्फ जुलुआ निवासी बुद्धापुर्वा बलनपुर थाना तिर्वा के विरुद्ध गैंगेस्टर का मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना तिर्वा प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा लूट जैसे जघन्य अपराध कारित करने बालों अभियुक्तगण के विरुद्ध गैंगेस्टर का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी। अभियुक्तगण अपने व अपने परिवार के भौतिक एवं आर्थिक लाभ हेतु लूट जैसे जघन्य अपराध कारित करते थे। गैंग लीडर सैंकी अपने गैंग के सदस्य महेन्द्र, साहिल उर्फ लव के साथ थाना तिर्वा क्षेत्र में भिन्न भिन्न स्थानों पर लूट जैसी घटनाएं कारित की गयी थीं। जिस सम्बन्ध में थाना तिर्वा मुकदमा पंजीकृत किये गये थे। उपरोक्त घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण सेंकी, महेन्द्र, साहिल उर्फ लव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्तगणों के विरुद्ध अनुमोदनोंपरांत गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी।

# रात्रि के 12 बजते ही समूचा नगर जश्न के माहौल में डूबा

**सोशल मीडिया के माध्यम से नव वर्ष का जमकर मचाया धमाल**

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

रात में जैसे ही घड़ी की छोटी और बड़ी सुई 12 के अंक पर पहुंची नगर में जश्न का माहौल शुरू हो गया। लोगों ने एक दूसरे को 'हैप्पी न्यू ईयर' कहकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। सुबह लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर परिवार व इष्ट मित्रों की सुख समृद्धि की कामना की। लोगों ने घरों पर और सोशल मीडिया के माध्यम से जमकर धमाल मचाया। इस दौरान होटल और रेस्टोरेंट में भी भीड़ देखी गई।

देश में नव वर्ष को एक त्यौहार की तरह ही मनाया जाता है। लोग वर्ष 2024 की विदाई एवं नववर्ष 2025 के स्वागत को तैयार बैठे थे। रात में लोग जागकर 12 बजने का इंतजार कर रहे थे। घड़ी की सुइयों ने जैसे ही 12 बजने का इशारा किया तो लगा, जैसे समूचा नगर ही जश्न में सराबोर हो गया हो। लोगों ने एक दूसरे को 'हैप्पी न्यू ईयर' कहकर नव वर्ष की बधाइयां दीं। कई जगहों पर केक काटकर और मिठाइयां खिलाकर नववर्ष का स्वागत किया गया। लोगों ने सर्दी की परवाह किए बिना सुबह से ही अपने प्रियजनों को फूलों के गुलदस्ते, गुलाब के फूल, चॉकलेट, डायरी, केक, परफ्यूम आदि भेंट दिए। सबसे अधिक सक्रियता सोशल मीडिया पर दिखाई दी। लोगों ने नए साल का जश्न मनाने के लिए रेस्टोरेंट को भी पहले ही बुक कर रखा था। रेस्टोरेंटों को भी नए वर्ष के जश्न पर आकर्षक ढंग से सजाया गया। रात 12 बजे से शुरू हुए बधाई संदेश बुधवार को पूरे दिन भी सोशल मीडिया पर छाए रहे। युवाओं ने अपनी सेल्फी खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर की। नए वर्ष के स्वागत के लिए नगर के अधिकांश मंदिरों को नव वर्ष पर सजाया गया। जिनमें छोटी माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, मंडी परिसर स्थित हनुमान मंदिर, आदि मंदिरों पर नव वर्ष के सूर्य की पहली किरण जब पड़ी तो मंदिरों की छटा अलग ही बन पड़ी। नव वर्ष पर लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने परिजनों व ईष्ट मित्रों की सुख समृद्धि की कामना की।

# मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ हुआ नये वर्ष का आगाज

**▸ घरों में लोगों ने बनाये लजीज व्यंजन, पुलिस रही एलर्ट**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नये वर्ष पर ईश्वर की आराधना करने के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें लग गयी। नववर्ष पर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर सुखी जीवन की कामना की और मिठाई खिलाकर नववर्ष की खुशियां बांटीं। बाजारों में विशेषकर होटल व खाद्य पदार्थों की दुकानों पर खूब भीड़ रही। शहर के ऐतिहासिक पांडेश्वर नाथ मन्दिर, शीतला माता मंदिर, भोलेपुर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।



भोलेपुर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण



ऐतिहासिक पांडेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की लगी लाइन

श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में लगे नजर आये। रात के 12 बजते ही लोग नये साल के जश्न में डूब गये। युवाओं व बच्चों ने जमकर आतिशबाजी छुड़ायी और नये साल का अपने-अपने तरीके से स्वागत किया। अधिकांश लोगों ने केक काटे। खाने पीने के शौकीन लोगों ने जाम भी छलकाये। हालांकि कहीं पर कोई अनहोनी घटना न हो, इसके लिए पुलिस रात 12 बजे के बाद से ही एलर्ट हो गयी थी। जो हर गतिविधि पर अपनी नजर बनाये रही। सुबह होते ही लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर माथा टेंका और नया वर्ष सुखमय व्यतीत होने की ईश्वर से कामना की। नगर के ऐतिहासिक पांडेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ के चलते लाइन में लगकर लोगों ने दर्शन किये। इसके साथ ही गुरगांव देवी मंदिर में भी भक्तों की पूजा अर्चना करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। भोलेपुर हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कई भक्तों ने तो गंगा स्नान करने के बाद पूजा अर्चना की। आज के दिन मंदिरों को भव्यता से सजाया गया था। पूरे दिन नये वर्ष का जश्न चलता रहा। लोगों ने अपने-अपने घरों पर कई तरह के पकवान बनवाये और मेहमानों का स्वागत किया। कुल मिलाकर नया वर्ष धूमधाम से मनाया गया। पुलिस भी पूरे दिन एलर्ट रही।

# एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में छः डिब्बे सामान्य लगाने की लोक समिति ने उठायी मांग

**▸ ज्ञापन स्टेशन मास्टर जय चन्द्र मीणा कायमगंज को सौंपा जायेगा**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुल्तान सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ थाना कम्पिल क्षेत्र के गाँव उलियापुर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कहा गया कि मेल रेलगाड़ियों में ज्यादातर बोगी आरक्षित होती हैं केवल एक या दो डिब्बा ही सामान्य श्रेणी के होते हैं। जो कभी आगे और कभी पीछे लगा दिये जाते हैं। ऐसी स्थिति में रेल विभाग को चाहिए इस महंगाई के युग मे गरीबों की सुविधा हेतु हर एक सुपरफास्ट ट्रेन में छः डिब्बे दो आगे दो बीच में और दो डिब्बे पीछे जोड़े जाएं। लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा गरीबों के लिए रेल ही आने जाने का अपेक्षाकृत सस्ता साधन है। कायमगंज सहित कई स्टेशनों पर प्लेटफार्म के विस्तारण आदि को लेकर रेल प्रशासन को 5 जनवरी 2025 को रेल मन्त्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर जय चन्द्र मीणा कायमगंज को सौंपा जायेगा। बैठक के दौरान वाजिद अली उर्फ राका, बाबूराम, रामचन्द्र, आशाराम, उदयवीर, नेपाल सिंह, औसान सिंह, ब्रजेश सिंह, महेन्द्र सिंह चौधरी मौजूद रहे।

# फाइनेंस कंपनियों के खिलाफ खाताधारकों ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खून पसीने की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए गबन करने वाली फाइनेंस कंपनी के खिलाफ खाताधारकों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें कहा है कि भारत सरकार ने विलुप्त हो चुकी फाइनेंस कंपनियों के भुगतान की जिम्मेदारी ली है और कहा था की भुगतान किस्तों में किया जाएगा। पीड़ित खाताधारकों ने नगर मजिस्ट्रेट को बताया कि भारत सरकार के दबाव के चलते कुछ फाइनेंस कंपनियों का खाताधारकों को पैसा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह विलुप्त हुई कंपनियों से पैसा पीड़ितों को मिलता रहे तो काफी कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन इधर कुछ दिनों से किसी भी तरीके का भुगतान न मिलने से खाताधारक परेशान हैं। इसी के चलते बुधवार को रजिस्टर्ड संस्था के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया। पीड़ित खाताधारकों ने कहा कि है कि



ज्ञापन के साथ खाताधारक

यदि जल्द भुगतान नहीं होता है तो पूरे देश के खाताधारक फाइनेंस कंपनियों के खिलाफ एक जुट होकर एक मई 2025 को दिल्ली पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेंगे और उसके बाद राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को इस संबंध में ज्ञापन भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खून पसीने की कमाई से कटौती कर जमा की है। इसलिए धनराशि लेकर ही रहेंगे। इसके लिए चाहे कितनी भी मुसीबत उठानी पड़े।

# भाजपा जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में रुपेश गुप्ता सहित डेढ़ दर्जन चेहरे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी का जिलाध्यक्ष बनने के लिए दावेदारी शुरु हो गयी। पर्यवेक्षक विध्यवासिनी कुमार व प्रभारी सुमन चतुर्वेदी व जिला प्रभारी शिव महेश दुबे, सह प्रभारी ममता सक्सेना व जय गंगवार के समक्ष दावेदारी प्रस्तुत की जायेगी और 5 जनवरी से 15 जनवरी के बीच भाजपा के नये जिलाध्यक्ष बनने की संभावना है। सह प्रभारी ममता सक्सेना ने बताया कि शीघ्र ही पर्यवेक्षक के समक्ष प्रभारी व सह प्रभारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। जिसमें जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम लिये जायेंगे। अभी तक कई दावेदारों के नाम उभर कर सामने आये है। जिसमें जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता का भी नाम शामिल है। वहीं




जब उनसे पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि मेरी दावेदारी नहीं है, जबकि पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. भूदेव राजपूत व दिनेश कटियार एवं सत्यपाल सिंह भी दावेदारी कर रहे हैं। यह तीनों लोग पहले भी जिलाध्यक्ष रह चुके है। नियमानुसार 60 वर्ष पूर्ण कर चुके कार्यकर्ता इस बार जिलाध्यक्ष नहीं बन पायेगें, लेकिन फिर भी दावेदारी हो रही है। जिला महामंत्री डीएस राठौर व हिमांशु गुप्ता, फतेहचन्द्र राजपूत की भी दावेदारी है। वहीं शैलेन्द्र सिंह राठौर, कुलदीप दुबे, बीके गंगवार, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक व रश्मि दुबे के अलावा विमल कटियार, धीरेन्द्र वर्मा एवं विधायक पुत्र संदीप शाक्य ने भी दावेदारी की है। सबसे मजबूत दावेदारी शैलेन्द्र सिंह राठौर व संदीप शाक्य एवं जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की मानी जा रही है। बैठक के बाद पर्यवेक्षक सभी नामों का पैनल प्रदेश नेतृत्व के पास रखेंगे, जहां प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष नाम पर अंतिम मोहर लगायेंगे।

1 जनवरी से 5 जनवरी के बीच जनपद के सभी मण्डल अध्यक्षों की घोषणा होने वाली है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष के अलावा क्षेत्रीय अध्यक्षों की भी घोषणा होने वाली है। 5 जनवरी के बाद जिलाध्यक्ष बनने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरु की जायेगी और नामों का पैनल प्रदेश नेतृत्व के पास भेजा जायेगा।

# नगर पंचायत में 75 लाख की लागत से होगा पार्क का निर्माण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नववर्ष के शुभ अवसर पर नगर पंचायत को सौगात के रुप में पार्क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जानकारी के अनुसार नववर्ष 2025 के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने कहा कि नगर पंचायत में पार्क का निर्माण कराया जायेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नगर में कोई पार्क नहीं था। इस पार्क के बनने से क्षेत्र के बच्चे लाभांवित होंगे वह युवा भी इसका आनन्द ले सकेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए इस पार्क का निर्माण किया जायेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि अनुमानित लागत 75 लाख रुपये है। पार्क को भव्यता दी जायेगी। जल्द ही निर्माण कार्य शुरु हो जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आकांक्षी नगर योजना के तहत 12 कक्ष प्राथमिक विद्यालय में बनवाये जा रहे हैं। जिनका निर्माण कार्य जारी है। वहीं इसी योजना के तहत आठ आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बतायाकि पहला नगर पंचायत नवाबगंज है जिसे नववर्ष पर सौगात के रुप में पार्क मिला है। नगर पंचायत को सुंदर बनाने के लिए अन्य कई योजनायें बनायी जा रही हैं। जिसके तहत नगर को सुंदर बनाया जायेगा।

# लोकतंत्र सेनानी जमादार सिंह का निधन, दी गयी सलामी

**▸ नायब तहसीलदार व थानाध्यक्ष ने पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

लोकतंत्र सेनानियों ने 19 माह के आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए आंदोलन किया और जेल तक गए। महीनों घर-परिवार से मिलना नहीं हो सका। रिश्तेदारों ने भी मुंह मोड़ लिया तो पारिवारिक समस्याओं से भी ताल्लुक नहीं रहा। किसी के बूढ़े माता-पिता गुजर गए तो किसी का बेटा नहीं रहा। जेल में बंद होने के कारण वह अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं हो सके। इन्हीं में शामिल एक लोकतंत्र सेनानी का आज बुधवार सुबह निधन



सलामी देते पुलिसकर्मी व मौजूद नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी आदि

हो गया। क्षेत्र के गाँव अलियापुर निवासी 85 वर्षीय जमादार सिंह यादव की बीमारी के चलते बुधवार सुबह करीब 6 बजे निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमारी से ग्रसित थे। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतक की पत्नी बिटोली देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक जमादार के कोई पुत्र नहीं है। तीन पुत्रियां मीरा, साधना, रेखा हैं। तीनों पुत्रियां विवाहित है। जमादार सिंह के बड़े भाई शिव बहादुर सिंह की भी करीब 25 साल पहले मौत हो चुकी है। स्थानीय विधायक के पति अजीत गंगवार ने गांव पहुंचकर स्वजनों से शोक संवेदना प्रकट की। प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार मनीष वर्मा ने स्वजनों से शोक सवेदना प्रकट की।

राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। थाना प्रभारी ने विश्वनाथ आर्या भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने 25 जून 1975 को देश मे आपात काल की घोषणा की। विरोधी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल दिया गया। 14 नवंबर 1975 को विधान परिषद सदस्य ग्रीशचंद्र तिवारी के साथ सरकार के विरोध में जेल गए। जमादार सिंह यादव अपने जीवन काल में आरएसएस से जुड़कर भी देश सेवा के कार्य मे जीवन भर लगे रहे।

# जैन श्वेतांबर मंदिर के प्रांगण में उद्योगपति ने मनाया जन्मदिन

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

जैन श्वेतांबर मंदिर के प्रांगण में उद्योगपति व समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के ट्रस्टी ने जन्मदिन पर उद्योगपति के जीवन काल का सचित्र वर्णन प्रस्तुत किया। इस दौरान गायक कलाकारों ने गाने गाकर सभी का मन मोह लिया। नगर के जैन श्वेतांबर मंदिर में बुधवार सुबह कायमगंज के प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल के जन्मदिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर के ट्रस्टी समाजसेवी पुखराज डागा ने किया। उन्होंने इस दौरान उद्योगपति के जीवन में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का सजीव वर्णन किया। उन्होंने उनके द्वारा नगर के किए गए कार्य सड़कें, गेस्ट हाउस, बदायूं के अटैना घाट पर सुंदर मन्दिर व अतिथि भवन जैसे अनेक कार्यों को बताया। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों ने गाने से सभी का मन मोह लिया। कायमगज के चेयरमैन डॉ0 शरद गंगवार ने अपने गीतों से महफिल मे चार चाँद लगा दिये। समाजसेवी ने केक काटकर मौजूद लोगों का मुँह मीठा करवाया। मौजूद सभी लोगों ने उन्हें नववर्ष और जन्मदिन की शुभकामनायें दीं। मौजूद लोगों ने देसी घी से निर्मित मारवाड़ के कारीगरों द्वारा बनाये मारवाड़ी भोजन का लुत्फ उठाया।

# आग ताप रही वृद्धा के कपड़ों में लगी आग, झुलसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव रायपुर खास निवासी रामबेटी उम्र 60 वर्षीय पत्नी छोटेलाल बढ़ती ठन्ड से बचने के लिए आग जलाकर हाथ ताप रही थी, तभी अचानक आग उसके कपड़ों में लग गई। चीखने चिल्लाने पर परिजनों ने दौड़कर आग बुझाकर गम्भीर अवस्था में झुलसी वृद्धा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर जितेन्द्र सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# नववर्ष पर बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में हुआ सुंदरकांड का पाठ

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नव वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सुन्दर कांड का पाठ तीन घंटे तक चला। ब्रांच मैनेजर शुभम दीप व उनकी टीम के द्वारा नववर्ष 2025 के आगमन पर विशेष पूजा अर्चना कर सुन्दर पाठ का आयोजन किया गया। सुन्दर काण्ड पाठ में दर्जनों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भाग लिया। इस दौरान भक्त भाव विभोर हो गये। सुन्दर काण्ड के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही कामना की गई कि यह नव वर्ष सभी के लिए खुशियां लाये। भक्ति उत्सव में ब्रांच के समस्त स्टॉफ सहित कस्बा निवासियों ने पाठ का श्रवण



बैंक में होता सुंदरकांड का पाठ व मौजूद भक्तगण

किया। सनातन धर्म की मान्यता के अनुसार जहाँ भी जिस जगह सुन्दर पाठ का आयोजन किया जाता है उस जगह कोई भी गलत शक्ति का वास नहीं रहता और मन को शांति मिलती है तथा कार्यस्थल पर सुन्दर कांड के आयोजन से एक नई ऊर्जा का संचार होता है और बिगड़े कार्य बन जाते हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था बैंक कर्मचारी अमित मिश्रा द्वारा की गयी।

इस मौके पर जीतेन्द्र सिंह राठौर, निशांत शर्मा, अर्पित सिंह, सुखेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रिन्स चौहान, गौरव शर्मा, प्रशांत दुबे, गोपाल सक्सेना, सनी कनौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

# बीती रात घर से निकले अधेड़ का आम के बाग में फांसी पर लटका मिला शव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणों से बीती रात घर से निकले अधेड़ ने आम के पेड़ पर फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर सुबह पहुंचे परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बछलैया निवासी अवधेश कुमार पुत्र रामप्रसाद के परिजनों के बताए मुताबिक बीती रात आठ बजे घर से खाना खाने के बाद घर से बाहर चले गए थे, लेकिन देर रात तक वह घर लौटकर नहीं आए, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन ढूंढने निकले, तो अवधेश कुमार का कोई अता पता नहीं चला। थक हारकर



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

परिजन घर लौट आये। आज सुबह 6.00 बजे गांव के लोग शौचक्रिया करने गये, तो गांव के नजदीक सर्वेश गंगवार के आम के बाग में अवधेश कुमार का शव मफलर से फांसी पर झूलता मिला। इसकी सूचना गांव वालों ने मृतक के परिजनों को दी। जिस पर मृतक के पुत्र विकास समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। मृतक के पुत्र ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी तथा हलका इंचार्ज दरोगा इंद्रजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। घटनास्थल पर थाना पुलिस ने तुरंत ही क्राइम स्कैन लगा दिया और मामले की जांच पड़ताल की। जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा।

थाने के दरोगा हलका इंचार्ज इंद्रजीत सिंह ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के पुत्र विकास तथा चार पुत्रियों व मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। थाना पुलिस ने बताया कि मृतक का मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। फिर भी मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल या तहरीर में जो भी मामला सामने उजागर होगा उसके तहत कार्रवाई की जाएगी।

# बढ़पुर देवी मंदिर में नववर्ष पर उमड़ी भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नववर्ष की शुरुआत पर बढ़पुर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शीतला माता देवी मंदिर में सुबह 6 बजे से भक्तों की लाइन लग गई। आरती के बाद सभी ने माता रानी के बारी-बारी दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद मंदिर प्रांगण में मां शीतला देवी सेवा समिति के अध्यक्ष सचिन कटियार द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया गया। जिसमें सभी भक्तों ने सुंदर कांड पाठ में शामिल होकर ईश्वर को याद किया। सुंदरकांड पाठ के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे और माता रानी के दर्शन किये। मंदिर कमेटी द्वारा नववर्ष पर आए भक्तों को हलवा, चना का प्रसाद वितरित किया गया।



प्रसाद वितरित करते सचिन कटियार व अन्य पदाधिकारीगण

देर रात तक मंदिर में भक्तों का आना जाना लगा रहा। इस अवसर पर अजय कटियार, सभासद धर्मेंद्र कनौजिया, आदित्य कटियार, विनीत कटियार, मोनू कटियार, सनी कटियार, बासू कटियार, संजीव कटियार, अमित वर्मा, अमन कटियार, शिवम श्रीवास्तव, अंकुर कटियार, अरुण, श्रीमाली पुजारी सहित सभी सदस्यों ने व्यवस्था संभाली।

# नववर्ष पर खरीददारी न करवाये जाने से क्षुब्ध नवविवाहिता फांसी पर झूली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नववर्ष की खुशी में खरीदारी न करवाए जाने क्षुब्ध नवविवाहित ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला गढ़ीजान अली भीकमपुरा निवासी हसीन अंसारी की 20 वर्षीय पत्नी मुस्कान बेगम ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते चलें कि नगर के मोहल्ला नौलखा निवासी शकील अंसारी की पुत्री मुस्कान का बीते अप्रैल माह में हसीन से निकाह हुआ था। वह पत्नी के साथ अकेले मकान में रहता था। हसीन सुबह जरदोजी काम करने चला गया जब करीब 1 बजे घर खाना खाने गया। तो बंद कमरे में पत्नी को पंखे के कुंडे में दुपट्टे से लटकता देख वह सदमे में आ गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। थाना प्रभारी बलराज भाटी एवं सीओ सिटी एश्वर्या उपाध्याय ने मामले की जांच पड़ताल की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। हसीन ने बताया कि पत्नी ने बीती शाम नए साल की खुशी में बाजार ले जाकर सामान की खरीदारी कराने की फरमाइश की थी। रूपयों की तंगी के कारण मैं पत्नी को बाजार नहीं ले जा सका। हादसे की सूचना मिलने पर मुस्कान के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने हसीन पर मुस्कान को मारकर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया। मायके वालों ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है पुलिस ने हसीन व उसके भाई को हिरासत में ले लिया है।

# बीडीओ ने 40 गौवंशों को पकड़कर गौशाला भेजवाया

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

लंबे समय से आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने के खिलाफ किसानों ने कई बार पशुओं को पकड़ने के लिए आवाज उठाई थी। हाल ही में गौशालाओं का निरीक्षण करने आए गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष से भी क्षेत्रवासियों ने गोवंश को पकड़वाकर गौशालाओं में रखने की मांग की थी। आवारा गोवंश से परेशान किसानों की मांगों पर कायमगंज खंड विकास अधिकारी उपेंद्रनाथ ने अभियान की शुरुआत की।

जिसके तहत सोमवार, मंगलवार और बुधवार को ब्लॉक कर्मियों द्वारा चलाए गए अभियान के तहत 40 आवारा गोवंशों को पकड़कर स्थित गौशाला भेज दिया गया। आवारा पशुओं



गौवंशों को पकड़ते कर्मचारी

के खिलाफ चलाए गए अभियान से किसानों ने राहत की सांस ली है। किसानों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इसी प्रकार अभियान चलाकर आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजा जाता रहा तो किसानों को कड़ाके की ठंड में खेतों में जाकर रातें बिताने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। बीडीओ उपेंद्रनाथ ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

# तहसील सदर के अधिवक्ताओं ने अधिकारियों को किया सम्मानित

**आलू पार्टी की दावत में अधिकारी सहित अधिवक्ता हुए शामिल**



तहसीलदार का स्वागत करते अधिवक्तागण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सदर बार एसोशिएशन के बैनर तले तहसील व रजिस्टार विभाग के अधिकारियों को सम्मानित कर आलू पार्टी का आयोजन किया गया गया। बुधवार को तहसील सदर में अध्यक्ष अतर सिंह कटियार के चेंबर में तहसील सदर के सभी अधिवक्ता एकत्र हुए और एक दूसरे को गले मिलकर नववर्ष की बधाई दी। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय व रजिस्टार को बुके देकर नव वर्ष की बधाई दी। अध्यक्ष अतर सिंह कटियार ने कहा कि अधिवक्ता समाज हमारा परिवार है। हम सभी के सुख दुख के साथी है। अधिवक्ताओं की समस्याओं और उनके लिए संघर्ष किया है और हमेशा करते रहेंगे। सचिव अतुल मिश्रा ने तहसील सदर में अधिवक्ताओं से एकता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर विकास सक्सेना, ओम प्रकाश दुबे, देव प्रकाश अवस्थी, विपिन यादव, उमाशंकर कटियार, नरेश गुप्ता, रविनेश यादव, अनिल सक्सेना, नासिर खान, संजय कटियार, रुकमंगल सिंह चौहान, अंबुज सिंह, दिलीप कश्यप, स्वदेश दुबे, पंकज राजपूत, नीतीश गुप्ता, राजीव चौहान, सौरभ सक्सेना, पुनीत गुप्ता, नूर मोहम्मद, संजय चावला, निखिल मिश्र, राहुल दीक्षित लोग मौजूद रहे।

# एकता वेलफेयर सोसायटी द्वारा राहगीरों को वितरित की चाय व बिस्कुट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



राहगीरों को चाय वितरित करते लोग

एकता वेलफेयर सोसायटी की तरफ से हर साल की तरह इस वर्ष भी निःशुल्क चाय-बिस्कुट वितरण का आयोजन किया गया। एकता वेलफेयर सोसायटी के सचिव/श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैयद रिजवान अली की तरफसे हर साल 1 जनवरी से 7 जनवरी तक निःशुल्क चाय वितरण का आयोजन किया जाता है। जिससे राहगीरों, ठेली वालों, रिक्शा चालकों, आटो चालकों, आस-पास के दुकानदारों, विद्यार्थियों व जरूरतमंदों को ऐसी कड़ाके की ठंड में राहत मिलती है। प्रतिदिन 1500 से 2000 लोग चाय पीते है। एकता वेलफेयर सोसायटी की तरफ़ से सेंट्रल बैंक तिराहा स्थित चमन एजेंसी पर 12वीं बार चाय का निःशुल्क वितरण किया गया है। ठंड में जरुरतमंद लोग निःशुल्क चाय व बिस्कुट का लुत्फ़ लेकर राहत की सांस लेते हैं। सचिव सैयद रिजवान अली ने कहा कि हम लोग 12 वर्षो से लगातार जरूरतमंदों के लिए कुछ इस तरह ही सेवा के काम करते रहेंगे। इस निःशुल्क चाय व बिस्कुट वितरण के मौके पर शोहेल फारुकी एडवोकेट, खुर्शीद आलम, राजेश यादव, पंकज शुक्ला, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संजय शुक्ला, संतोष राठौर, आनन्द प्रताप सिंह, मनोज यादव, तौसीफ़ अली, रुमान जावेद, अनिल, फैजान, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

# आजाद समाज पार्टी ने भीमा कोरेगांव युद्ध की मनायी 204वीं बरसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भीमा कोरेगांव युद्ध की आज 204वीं बरसी है। हर साल ०१ जनवरी को दलित समुदाय 1818 की जंग की वर्षगांठ मनाते हैं। जिसमें ईस्ट इंडिया कंपनी के बलों ने दलित सैनिकों के साथ पुणे के पेशवा की सेना को पराजित किया था। इस मौके पर यहां स्मृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दलित इस जीत को उत्पीड़ित समुदायों के आत्म सम्मान वापस पाने की शुरुआत के रूप में मनाते हैं। वहीं इसी क्रम में आज आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में 500 महा योद्धाओं को नमन किया। आजाद समाज पार्टी काशीराम ने 2026 जिला पंचायत के चुनाव के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया और चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आरम्भ किया। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिला महामंत्री अतुल कठेरिया, मंडल उपाध्यक्ष नूर अहमद सिद्दीकी, पार्टी जिला अध्यक्ष नितिन कुमार गौतम, अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र कुमार गौतम, सदर विधानसभा अध्यक्ष सूरज गौतम, लीगल सेल जिला अध्यक्ष सूरज एडवोकेट सहित तमाम पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी जटवारा जदीद केंद्र पर राजयोग रेस शुरु

**केक काटकर बीके बहनों ने मनाया नया साल**



ब्रह्माकुमारी केंद्र पर नव वर्ष मनाती बीके शोभा बहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जटवारा जदीद अंगूरीबाग सेवाकेंद्र पर 1 जनवरी से 31 जनवरी तक बीके भाई-बहनों की राजयोग रेस 4 बजे से शुरू हो गयी है। जिसकी प्राइज प्रथम, द्वितीय, तृतीय शिवरात्रि पर दी जाएगी। सभी बीके भाई बहनों ने नया साल बड़े ही धूमधाम से मनाया।

बीके शोभा बहन ने नए वर्ष में कुछ टिप्स भी सोन्नति के लिए बताये। उन्होंने कहा कि अपने साहस और जनन संकल्प और दयालुता के साथ 2025 में प्रवेश करें। बड़े सपने देखने छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाने और अपनी यात्रा में एक दूसरे का साथ देने से ना डरे, याद रखें हर दिन एक उपहार का दिन है।

सीखने बढ़ने और कुछ बढ़ाने के दिन हैं लिए आशा समृद्धि और खुशी का साल है। पूरी चीजों को पीछे छोड़ने विश्वासों को मजबूत करते एकजुट होकर संगठन की शक्ति को मजबूत बनाएं, परमात्मा से नहीं ऊर्जा प्राप्त करें। यह 1 साल के अंत और दूसरे साल के जन्म का प्रतीक है जो हमें अपने अनुभवों पर विचार करने का दिन है। इस मौके पर पूनम बहन, एकता बहन ने भी विचार व्यक्त किये। सभी ने नए वर्ष पर गुब्बारों के साथ डांस किया केक काटकर नए साल पर कुछ नया करने का संकल्प लिया।

# समाजसेवी अमित पाल ने गरीबों को दिये कम्बल



जरुरतमंदों को कम्बल वितरित करते आयोजक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नव वर्ष के उपलक्ष्य में गरीब व असहाय लोगों को निःशुल्क कम्बल वितरित किये गए। जेएनवी रोड स्थित एक पैलेस में कम्बल वितरण कार्यक्रम में शिक्षक व समाजसेवियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में खिमसेपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पराज सिंह व विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र पाल, डॉ. सुभाष पाल, ललित शाक्य मौजूद रहे। एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में कम्बल वितरण के दौरान बड़ी संख्या में गरीब व बेसहारा लोगों को बुलाकर कम्बल बांटे गये। इस कार्य के लिए सभी ने सराहना की। इस मौके पर लगभग 500 कम्बल वितरित किये गये। इस दौरान अमित पाल, विकास शाक्य, आशीष पाल, गौरव शाक्य, आदि लोग मौजूद रहे।

# केक काटकर मनायी गई सेंटर की 25वीं वर्षगांठ

**छात्र-छात्राओं को बांटे गये कम्प्यूटर के डिप्लोमा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



केक काटकर वर्षगांठ मनाते डायरेक्टर

एलएसटीटीसी कंप्यूटर सेंटर की 25वी वर्ष गांठ एवं नव वर्ष के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सेंटर पर केक काटकर धूमधाम से मनाया। छात्राओं नृत्य व गायन प्रस्तुत किया। डायरेक्टर लाखन सिंह व कम्प्यूटर शिक्षिका आरती पाल एवं छात्रों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। आकृति शाक्य एवं आहाद खान नन्हें मुन्ने बच्चों ने नृत्य कर सबका मन मोह लिया। डायरेक्टर लाखन सिंह ने कहा कि 25 वर्ष पूर्ण हो गये है।

सभी के सहयोग से संस्था ने यहां तक का सफर किया है। आगे भी सब मिलजुलकर संस्था को मजबूत करें। यहां से कम्प्यूटर सीखकर छात्र-छात्रायें विभिन्न क्षेत्रों में आज कार्य कर रहे है। साथ ही कई छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर डिप्लोमा प्रदान किया गया। इस मौके पर शिक्षिका आरती पाल, कोमल शाक्य, प्रियंका राठौर, शीतल शाक्य, उन्नति शाक्य, दीपू पाल, अभिनय शाक्य, अनुराग राठौर, अंशू सिंह, यश कुमार, गौरव शाक्य, संजय शाक्य, अमन वरून, प्रभुदयाल शाक्य, अनुज शाक्य, हिमांगी शाक्य, स्वाती पाल, आहाद खांन एवं आकृति शाक्य उपस्थित रहीं।

# पुष्कर कराटे एकेडमी में नव वर्ष सेलिब्रेशन का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नव वर्ष कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें व अन्य

बुधवार को तिकोना सब्जी मंडी में स्थित पुष्कर कराटे एकेडमी में नव वर्ष का सेलेवब्रेशन केक काटकर मनाया गया।

सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया और एक दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं दी। कोच सेनसेई पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आगे बढ़ो और मेहनत करों, एकेडमी व जनपद का नाम रोशन करों। पारस भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं के साथ केक काटा और नव वर्ष की बधाई दी। इस मौके पर तन्वी, अध्या, पाखी, पुष्कर, अर्पिता, दीक्षा, हर्षित, कृष्ण आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यों को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद टाउन हाल स्थित पार्क में गांधी प्रतिमा पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. सरदार मनमोहन सिंह द्वारा की गई प्रगति योजनाओं को याद किया गया। सभी ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उनके कार्यों को याद किया। मनरेगा, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, आर्थिक उदारीकरण 9 जी0डी0पी0 विकास दर, आधार और डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर, भारत को वैश्विवक मंदी से बचाया और 20 करोड लोगों को गरीबीं से बाहर निकाला, यूपीआई पेमेंट प्रणाली आदि क्रांतिकारी कदम थे। शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस मौके पर धर्मेन्द्र शाक्य, गोलू शुक्ला, हिलाल सफीकी, अहमद रजा, जुबैर, निक्की, प्रभात, आसिफ, मोहम्मद यामीन, पप्पो, सुनीता, पीएन सक्सेना, आलोक रायजादा, राशिद, आलम, दीपक, निक्की, कल्लू, नफीस, अतुल, वरुण त्रिपाठी, इंतियाज, वीरेन्द्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी मुन्नू सिंह ने किया कंबल वितरण

**कंबल पाकर फूले नहीं समाये महिलायें तथा पुरुष**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



समाजसेवी मुन्नू सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में नगरिया जवाहर व कुसमापुर में कंबल वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के राजेपुर ब्लॉक के ग्राम नगरिया जवाहर निवासी मुन्नू सिंह समाजसेवी, रिंकू सोमवंशी, भाजपा नेता सुभाष सिंह राजेपुर शिवकुमार अंशु सिंह द्वारा गरीब दिव्यांग तथा विधवा महिलाओं को कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान महिलायें तथा पुरुष कंबल पाकर फूले नहीं समाये। मुन्नू सिंह के नेतृत्व में नगरिया जवाहर व कुसमापुर में 500 कंबल गरीबों को वितरित किये गये। इस दौरान कंबल पाकर गरीब फूले नहीं समनाये और रिंकू सोमवंशी को गरीबों का मसीहा बताकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आगे भी सर्दी में गरीबों को कंबल वितरित किये जायेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने बांटे कम्बल



कम्बल वितरण के दौरान मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एंव अपराध नियंत्रण संगठन के द्वारा गरीब व असहाय लोगों को सर्दी से बचने के लिए निःशुल्क वितरित किये गये। प्रदेश अध्यक्ष धीरज पाण्डेय के नेतृत्व में कम्बल बाटे गये। शहर कोतवाल राजीव पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारी व समाजसेवी मौजूद रहे। धीरज पाण्डेय ने बताया कि हमेशा की तरह गरीब, कमजोर, असहाय लोगों की मदद के लिए तैयार रहता हूं। ठंड से ठिठुरते लोगों के कम्बल पाते ही चेहरे खिल उठे। जिलाध्यक्ष गौरव यादव ने कम्बल वितरण में सहयोग किया। इस मौके पर गोपाल सक्सेना, चन्द्रशेखर शर्मा, भगवान दास शुक्ला, आसिफ जमा खान, संजय कटियार, सौरभ गुप्ता, दिनेश यादव, मनीष यादव, नीरज राठौर, सौरभ शर्मा, सत्यभान झा, प्रभात कटियार, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का भाकियू कार्यालय पर हुआ स्वागत

**किसानों से महेन्द्र सिंह टिकैट के पदचिन्हों पर चलने का किया गया आवाहन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते कार्यकर्ता

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नए साल की शुरुआत की, साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष, एवं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई दी गई।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी तरह लक्ष्मी शंकर जोशी को कानपुर मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जनपद का नया जिलाध्यक्ष अजय कटियार को बनाया गया।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने जिले के समस्त पदाधिकारी, ब्लॉक, तहसील एवं नगर पदाधिकारी के साथ जिला कार्यालय पर नव वर्ष के प्रथम दिन बैठक कर बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि महेन्द्र सिंह टिकैट द्वारा दिखाये हुए मार्ग पर चले। साथ ही सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गई। जनपद के किसानों की समस्याओं को सुनेंगे और उन समस्याओं को प्रशासन के माध्यम से सुलझाने का काम करेंगे।

इस अवसर पर जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, कानपुर बुंदेलखंड जोन उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी, जिलाध्यक्ष अजय कटियार, छवीनाथ सिंह शाक्य, ब्रजेश गंगवार, कृष्ण गोपाल मिश्रा, विजय शाक्य, मुकेश शर्मा, सुग्रीव पाल, अनीस सिंह सोनू, शिवराम सिंह शाक्य, सोनू, प्रदीप यादव, मनीष मिश्रा, अभिषेक कटियार, राहुल आदि उपस्थित रहे।

# सेवा पांचाल नगरी द्वारा जरुरतमंदों को वितरित किये गये गर्म कपड़े

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



खाद्य सामग्री वितरित करते संस्था के लोग

शहर की प्रसिद्ध संस्था सेवा पांचाल नगरी द्वारा नव वर्ष पर ईट भट्टे पर जरूरतमंद लोगों को कपड़े और बिस्किट, नमकीन वितरित की गई। अभियान के माध्यम से संस्था ने जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का एक और कदम बढ़ाया है। संस्थापक राहुल वर्मा ने कहा कि यह सिलसिला प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

हमारी संस्था ने हमेशा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का प्रयास किया है। शिवम मिश्रा ने कहा कि जनसेवा नारायण सेवा के मंत्र को अपनाते हुए हमने जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का प्रयास किया है। हमारा उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इस दौरान युवा उपाध्यक्ष वैभव सक्सेना, नितिन गुप्ता, रचना, नितिन कुशवाहा, शशांक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# अराजकता फैलाई तो बख्शा नहीं जायेगा : थानाध्यक्ष

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

नववर्ष को हर्षोंउल्लास के साथ मनाएं। यदि किसी ने अराजकता फैलाई तो उसे किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। थाना अध्यक्ष राजेपुर ने नव वर्ष की पूर्व संध्या से मध्य रात्रि तक क्षेत्र का भ्रमण कर क्षेत्र के वरिष्ठजन एवं युवाओं से अपील की कि जिस तरह बीते त्योहारों को आप लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से मनाया इसके लिए हम क्षेत्र की जनता को धन्यवाद देता हूँष। इसी प्रकार वर्ष 2025 के आगमन पर हर्षोंउल्लास के साथ आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करें। नशीले पदार्थो का सेवन करके अराजकता बिल्कुल ना फैलाएं। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार से समाज में अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा उसको किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। भले ही वह कितना भी राजनीतिक पहुंच वाला हो। यदि किसी ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, तो उसके साथ पुलिस बहुत ही कड़ाई से निपटेगी। इसी क्रम में 112 की ओर से क्षेत्र में पेट्रोलिंग कराई गई। वहीं स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में भ्रमण कर अराजकतत्वों को कड़ा संदेश दिया। अगर माहौल बिगाड़ा, तो बक्से नहीं जाओगे। तिराहे चौराहे पर आने जाने वाले वाहनों तथा अराजकतत्वों पर भी कड़ी नजर रही।

# नव वर्ष पर बड़े बूढ़े हनुमान मंदिर में सुंदर काण्ड पाठ का किया गया आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सुंदर काण्ड पाठ में भाग लेते भक्तगण

नव वर्ष पर बड़े बूढ़े हनुमान मंदिर पर मुख्य यजमान सचिन भदोरिया पत्नी निधि भदोरिया, महेंद्र भदोरिया, वीना भदोरिया ने सुंदर कांड पाठ समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। जनपद व परिवार की सुख समृद्धि के लिए सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ। साथ ही बड़े-बूढ़े हनुमान महाराज से नव वर्ष पर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा गया। सुंदर काण्ड पाठ में भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और माथा टेंका। बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर सुंदर काण्ड पाठ की चौपाइयां पढ़ते हुए जयकारे लगाये। कमलेश दीक्षित, प्रशांत सिंह, अनुपम तिवारी, नवीन, कौशल, नीतीश वर्मा आदि ने सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिर के बड़े पुजारी चंद्र प्रकाश औदिच्य ने भक्तों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जयवर्धन, वीर वर्धन, दीपू, अरुण, नितेश वर्मा, आशीष वर्मा, रितु पाण्डेय, आरेन्द्र, कल्लू दीक्षित, आलोक मिश्रा आदि भक्त मौजूद रहे।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने जसप्रीत बुमराह

- बुमराह ने 907 रेटिंग अंक हासिल करने के साथ बनाया नया भारतीय रिकार्ड
- गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर तीन पर पहुंचे बुमराह

**एजेंसी, दुबई।**

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने नव वर्ष की शुरुआत में गेंदबाजी रैंकिंग में 907 रेटिंग अंक हासिल करने के साथ नया भारतीय रिकार्ड बनाया है।

बुमराह बॉक्सिंग डे टेस्ट में हासिल किये छह विकेटों की बदौलत 15 रेटिंग अंक की छलांग लगाने के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर तीन पर पहुंच गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी की गई रैंकिंग के अनुसार बुमराह ने हाल में संन्यास लेने वाले स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन की 2016 की 904 अंकों की अपनी सर्वोच्च रेटिंग को पछाड़ते हुए यह रिकार्ड बनाया है। बुमराह ने हाल में अश्विन के रिकार्ड की बराबरी की थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन कर वह नया भारतीय रिकार्ड बनाने में सफल रहे। बुमराह 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने ऑलराउंडरों की सूची में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 837 रेटिंग अंक के तीसरा स्थान हासिल किया है। दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन ने पहली बार 800 रेटिंग अंक हासिल कर पांचवां स्थान पाया है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने मैच में सात विकेट लेने के बाद 23वें स्थान पर फिर से रैंकिंग में प्रवेश किया है। नसीम शाह छह पायदान



चढ़ कर 33वें स्थान पर और डेन पैटरसन आठ पायदान उठकर 46वें स्थान पर, ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बोलैंड सात पायदान उठकर 38वें स्थान पर और जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट 48 पायदान उठकर 94वें स्थान पर पहुंच गये है।

टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज सऊद शकील दूसरी पारी में 84 रन बनाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। स्टीव स्मिथ 140 रन बनाकर तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान, भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 84 और 82 रन की बदौलत वे अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 854 रेटिंग अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। सेंचुरियन में 89 और 37 रन की पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडेन मारक्रम आठ पायदान की छलांग लगाकर 16वां स्थान, भारत के नितीश कुमार रेड्डी शानदार शतक के बाद 20 पायदान की छलांग लगाकर 53वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 2025 की दीं शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। वर्ष 2025 सभी के लिए खुशियां, सद्भाव और समृद्धि लेकर आए। इस अवसर पर आइए हम भारत और विश्व के लिए एक उज्ज्वल, अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करें।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि 2025 में प्रवेश करते समय सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई। यह हमारे गणतंत्र की यात्रा का एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह वर्ष हमारे संविधान की शताब्दी



की अंतिम तिमाही में प्रवेश का प्रतीक है। 2047 में विकसित भारत की ओर बढ़ते हुए, हमारे संविधान निर्माताओं के सपने को साकार करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का समय है। आइए हम दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें, राष्ट्र को सर्वोपरि रखने के संकल्प के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों का पोषण करें। सभी को एक सुखद और उद्देश्यपूर्ण नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, 2025 की शुभकामनाएं। यह वर्ष सभी के लिए नए अवसर, सफलता और अनंत खुशियां लेकर आए। सभी को अद्भुत स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिले।

## महिला चेस टीम के साथ अन्याय

# नेशनल टूर्नामेंट में भागीदारी पर संकट



**एजेंसी, जोधपुर।**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय (जेएनवीयू) की महिला चेस टीम ने 8 अक्टूबर 2024 को आयोजित ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष पांच स्थान हासिल किए। इसके बावजूद टीम को नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने से रोका जा रहा है। स्पोर्ट्स बोर्ड सचिव बाबूलाल दायमा ने टीम को अयोग्य घोषित कर दिया, जिसे स्पोर्ट्स बोर्ड हेड आर.सी. मीणा और अन्य अधिकारियों का समर्थन प्राप्त है।

टीम के पास राज्य और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के प्रमाण-पत्र हैं, जो उनकी योग्यता साबित करते हैं। उनका आरोप है कि अधिकारी

**नेशनल टूर्नामेंट का खतरा**

02 जनवरी 2025 को एसएएम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल में नेशनल टूर्नामेंट होना है। टीम को मौका न मिलने से उनके भविष्य और विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नुकसान होगा। महिला चेस टीम ने अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और नेशनल टूर्नामेंट में भागीदारी का अवसर देने की मांग की है।

भ्रष्टाचार कर स्पोर्ट्स फंड का गबन करना चाहते हैं। टीम ने बताया कि बाबूलाल दायमा ने प्रमाण-पत्र को खारिज करते हुए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया और कहा, जो करना है, कर लो।

# रक्षा मंत्रालय ने 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्रालय ने मौजूदा और भविष्य के सुधारों को गति देने के लिए 2025 को सुधारों का वर्ष के रूप में मनाने का फैसला लिया है। इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों को बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध-तैयार बल में बदलना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'सुधारों का वर्ष' सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह वर्ष रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखने के साथ ही 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच भारत की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करेगा।

रक्षा मंत्री ने नए साल की पूर्व संध्या पर रक्षा मंत्रालय के सभी सचिवों के साथ विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, सुधारों और आगे की राह की प्रगति की समीक्षा करने के



- भविष्य के युद्धों को जीतने के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं विकसित करने पर जोर

लिए एक बैठक की। बैठक में 2025 में केंद्रित हस्तक्षेप के लिए व्यापक क्षेत्रों की पहचान की गई। बैठक में कहा गया कि सुधारों का उद्देश्य संयुक्तता और एकीकरण पहल को और मजबूत करने तथा एकीकृत थिएटर कमांड की स्थापना को सुगम बनाने के लिए होना चाहिए। इन सुधारों में साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक और रोबोटिक्स जैसी उभरती हुई तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। भविष्य के युद्धों को जीतने के लिए आवश्यक संबद्ध रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं भी विकसित की जानी चाहिए। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि इन सुधारों का उद्देश्य भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना, भविष्य की चुनौतियों के लिए तत्परता सुनिश्चित करना और वैश्विक मंच पर नवाचार और नेतृत्व को बढ़ावा देना है। तीनों सेनाएं अंतर-सेवा सहयोग और प्रशिक्षण के माध्यम से परिचालन आवश्यकताओं और संयुक्त परिचालन क्षमताओं की साझा समझ विकसित करें। अधिग्रहण प्रक्रियाओं को सरल और समय-संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है, ताकि तेज और मजबूत क्षमता विकास को सुगम बनाया जा सके।

# देश का तंबाकू निर्यात पांच वर्ष में बढ़कर 12,005 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देश का तंबाकू निर्यात पिछले पांच वर्ष में 87 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 12,005.89 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 2019-20 में यह 6,408.15 करोड़ रुपये रहा था। इससे किसानों की आय भी दोगुनी से ज्यादा हो गई है। इस दौरान निर्यात मात्रा 218.84 मिलियन किलोग्राम से बढ़कर 315.51 मिलियन किलोग्राम हो गई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार तंबाकू बोर्ड ने उद्योग की स्थिरता और विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। तंबाकू बोर्ड अपना स्थापना दिवस मना रहा है। आंकड़ों के अनुसार फ्लू क्योर्ड वर्जीनिया (एफसीवी) तंबाकू से किसानों की आय वित्त वर्ष 2019-20 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच दोगुनी से ज्यादा हो गई है। वित्त वर्ष 2019-20 में यह 124 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 279.54 रुपये हो गई है। भारत दुनिया में चीन के बाद तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। इसके साथ ही भारत दुनिया में चीन, ब्राजील और जिम्बाब्वे के बाद एफसीवी तम्बाकू का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत ब्राजील के बाद अनिर्मित तम्बाकू (मात्रा के संदर्भ में) का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक भी है।

## सिडनी में नए साल का स्वागत करते दिखे विराट कोहली और अनुष्का शर्मा



**एजेंसी, सिडनी।** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ये पॉपुलर कपल इस वक्त ऑस्ट्रेलिया में है। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच चल रहा है। विराट का हौसला बढ़ाने के लिए अनुष्का भी स्टेडियम में हैं। मैच के बाद कोहली अपने परिवार के साथ समय बिताते नजर आ रहे हैं। विराट-अनुष्का ने सिडनी में आधी रात को वॉक कर नए साल का स्वागत किया। सिडनी की सड़कों पर बातचीत करते हुए उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। विराट अनुष्का सिडनी में आधी रात को सैर करते नजर आए। दोनों ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करते नजर आए। इस मौके पर उनके साथ क्रिकेटर देवदत्त पड्डिकल भी नजर आए। उनका वीडियो एक्स पर वायरल हो रहा है। हालांकि इस बार उनके साथ वामिका और अकाय नजर नहीं आए।

# एबीटी सदस्य की गिरफ्तारी से दुबई कनेक्शन का खुलासा

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल पुलिस ने बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के एक प्रमुख सदस्य साजिदुल इस्लाम की गिरफ्तारी के बाद उसके दुबई कनेक्शन का पता लगाया है। इस्लाम को 30 दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिले के नवादा इलाके से पश्चिम बंगाल पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और असम पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया था। असम पुलिस को ट्रांजिट रिमांड पर सौंपे गए इस्लाम के बारे में जानकारी साझा की गई है।

सूत्रों के अनुसार, साजिदुल इस्लाम नवादा में एक बढ़ई के रूप में रह रहा था, लेकिन वह अक्सर अपने निवास से गायब रहता था। पड़ोसियों को उसने अपनी अनुपस्थिति का कारण पेशे से संबंधित काम बताया था। एक



अधिकारी ने यह भी बताया कि इस्लाम अक्सर बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा वाले राज्यों का दौरा करता था। पिछले साल अक्टूबर में उसने दुबई की दो यात्राएं कीं। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि क्या उसकी दुबई यात्रा एबीटी से जुड़े किसी मिशन का हिस्सा थी। उसका संबंध एबीटी के एक और वांछित सदस्य शाद रदी उर्फ शब शेख से है, जो हाल ही में केरल से गिरफ्तार हुआ था। शाद रदी के पास मुर्शिदाबाद जिले के कांदी और हरिहरपाड़ा विधानसभा क्षेत्रों से जारी दो मतदाता पहचान पत्र पाए गए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार एबीटी के सदस्य मुर्शिदाबाद और नदिया जैसे जिलों में सक्रिय होने की कोशिश कर रहे हैं। इन जिलों की अंतरराष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश के साथ जुड़ी है, जो आसान घुसपैठ का रास्ता बनती है। जानकारी मिली है कि एबीटी के सदस्य सीमावर्ती गांवों के युवाओं को प्रभावित कर उन्हें स्लीपर सेल में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में, खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा से सटे गांवों में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया है। इन गांवों में बाहरी लोगों के अचानक किराए पर रहने की घटनाओं को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस ने घर मालिकों को निर्देश दिया है कि वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को बिना जांच-पड़ताल के किराए पर जगह न दें और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना जरूर दें।

# चिन्मय कृष्ण के वकील रवींद्र घोष अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी, कोलकाता।**

बांग्लादेश में जेल में बंद इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास के वकील रवींद्र घोष को गंभीर स्वास्थ्य समस्या के चलते कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 88 वर्षीय रवींद्र घोष को मंगलवार रात सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद कार्डियोलॉजी विभाग में भर्ती किया गया। इससे दो जनवरी को चटगांव अदालत में होने वाली चिन्मय कृष्ण की जमानत याचिका की सुनवाई परअनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

रवींद्र घोष दो सप्ताह पहले इलाज के मकसद से भारत आए थे और बारासात स्थित अपने बेटे के घर पर ठहरे हुए थे। बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण का केस लड़ते हुए उन्हें शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया था कि चटगांव अदालत में कुछ वकीलों ने उनके साथ आतंकवादी जैसा



- दो जनवरी की सुनवाई पर अनिश्चितता

व्यवहार किया। इससे आहत होकर उन्होंने कोलकाता में इलाज कराने का निर्णय लिया। रवींद्र घोष के बीमार होने और अस्पताल में भर्ती होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि वे दो जनवरी को चटगांव अदालत में चिन्मय कृष्ण की जमानत याचिका के लिए उपस्थित हो पाएंगे या नहीं। यह भी चर्चा है कि यदि वे बांग्लादेश लौटते हैं तो उन्हें अंतरिम सरकार की पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। इसके पीछे मकसद चिन्मय कृष्ण को और अधिक समय तक जेल में रखना बताया जा रहा है।

## केजरीवाल छल कपट का राजनीतिक व्यवहार छोड़ने का लें संकल्प : भाजपा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नए साल के पहले दिन बुधवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को एक पत्र पोस्ट किया। उन्होंने पत्र में अरविंद केजरीवाल को नए साल पर छल कपट का राजनीतिक व्यवहार छोड़ने का संकल्प लेने के लिए कहा। वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल से नए साल पर पांच संकल्प लेने की सलाह दी। पहला- आप अपने बच्चों के नाम पर कभी भी झूठी कसमें नहीं खाएंगे। दूसरा- महिलाओं, बुजुर्गों और धार्मिक लोगों से झूठे वादे करना बंद कर देंगे। तीसरा-दिल्ली में शराब को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे। चौथा- यमुना की सफाई के झूठे आश्वासन और उसके नाम पर किया गये भ्रष्टाचार पर सफाई देंगे और राष्ट्रविरोधी ताकतों से न मिलने और अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए उनसे चंदा न लेने की शपथ लेंगे।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने नए साल के संदेश में अलापा कश्मीर का राग

**एजेंसी, इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्र के नाम संबोधन में 2025 में भूख, गरीबी, युद्ध, आतंकवाद, अपराध, संप्रदायवाद और वर्ग विभाजन से मुक्त दुनिया की आशा व्यक्त करते हुए पाकिस्तान के लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मगर इस मौके पर शरीफ कश्मीर का राग अलापना नहीं भूले।

जियो न्यूज के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि मध्य पूर्व और भारत के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे अत्याचारों के मामले में पिछला साल सबसे खराब रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मध्य पूर्व संकट और कश्मीर मुद्दे का इस साल शांतिपूर्ण समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे उत्पीड़ित भाइयों और बहनों को



भारतीय कब्जे वाली ताकतों की क्रूरता का सामना करना पड़ा। अपने संदेश में शहबाज ने राष्ट्र से 2025 में एक बेहतर और मजबूत पाकिस्तान के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि मैं प्रार्थना करता हूं कि 2025 का सूरज हमारे देश पाकिस्तान के लिए प्रगति और समृद्धि के वादे के साथ उगेगा। मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि नए साल में हम पिछले साल में की गई अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक गलतियों को सुधारें और एक नई शुरुआत करें और एक नए उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत करें।

# नववर्ष पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**एजेंसी, देवघर।**

नववर्ष के पहले दिन बुधवार को प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालु देर रात से ही लाइन में लगे थे। सुबह चार बजे बाबा का मंदिर खुला। इसके बाद स्थानीय तीर्थ पुरोहित ने कांचाजल पूजा की। फिर सरकारी पूजा के बाद आम भक्तों के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया गया।

पूजा करने को लेकर लोगों की लाइन दो किलोमीटर दूर तक लगी है। नववर्ष में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर जिले के उपायुक्त विशाल सागर बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। विधि-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कंट्रोल रूम का



निरीक्षण कर सभी प्रकार की गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला साख्यांकी पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, बाबा मंदिर थाना प्रभारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित अधिकारी और मंदिर कर्मी आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड पर्यटन को बढ़ावा : वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमांत क्षेत्र में हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार

**एजेंसी, देहरादून।**

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी), गृह मंत्रालय के बीच बुधवार को सचिवालय में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की उपस्थिति रही। यह पहल उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से की गई है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि भारत सरकार के फ्लैगशिप प्रोजेक्ट वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमावर्ती गांवों के विकास और ग्रामीणों की आजीविका के संसाधन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे पर्यटकों को दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र में प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन




स्थल जैसे कि आदि कैलाश, ओम पर्वत, तिम्मरसैंण महादेव इत्यादि स्थित हैं जहां दुर्गम रास्तों के कारण पर्यटकों को पहुंचने में असुविधा होती है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड सरकार की ओर से पर्यटकों को हैली सुविधा उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के कार्यक्षेत्र में उपलब्ध हैलीपैडों का उपयोग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वाईब्रेंट विलेज में रहने वाले ग्रामीणों को आपातकालीन चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने पर दवाईयां उपलब्ध करवाने औए हैली से हायर सेंटर ले जाने के लिए भी इन हेलीपैड का उपयोग किया जाएगा। उत्तराखंड में तीन सीमांत जनपदों (उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़) में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की अग्रिम चौकियों में तैनाती है।

इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे, संजय गुंज्याल महानिरीक्षक,उत्तरी सीमांत, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, एवं उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड एवं आईटीबीपी के अधिकारी उपस्थित रहे।

